e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 17

सुविचार
खुशी के काम से खुशी नहीं मिलेगी, खुश होकर काम किया तो खुशी, सफलता दोनों मिलेगी।

# प्रभात मंत्र

मंगलवार
17.01.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी चिल्ड्रन हॉस्पिटल
A unit of Asarfi Hospital
आधुनिक उपकरणों से लेस 50 बेड Neonatal ICU के साथ अनुभवी शिशु रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता
www.asarfihospital.com
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे
07808368888

## रांची का तापमान

अधिकतम 26°
न्युनतम 12°

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रव्यापी कोरोनारोधी टीकाकरण के दो वर्ष पूरे, 220.17 करोड़ टीके लगाए गए

**नई दिल्ली :** कोरोना वैक्सीन नेशनल ड्राइव के सोमवार को दो साल पूरे हो रहे हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है। इस अवधि में 220.17 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ट्वीट किया है- दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे सफल टीकाकरण अभियान लगातार तेज गति से नित- नए रिकॉर्ड बना रहा है। भारत का कोरोना टीकाकरण अभियान इतिहास की किताबों में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका प्रयास के मंत्र, के साथ शुरू टीकाकरण अभियान ने पूरी दुनिया को दिखाया कि एकता के साथ हम किसी भी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। इस यात्रा में विभिन्न चुनौतियों से जूझते हुए, टीकाकरण अभियान देश के दूरदराज के कोनों तक भी पहुंचा है। मोदी सरकार ने सभी के लिए वैक्सीन सुनिश्चित करने की दिशा में कोई कसर नहीं छोड़ी। इसके लिए हमारे डॉक्टरों, इनोवेटर्स, हेल्थकेयर, फ्रंट-लाइन वर्कर्स और टीकाकरण अभियान से जुड़े सभी लोगों का आभार।

### रेलवे ने कोहरे की वजह 297 ट्रेनों को निरस्त किया



**नई दिल्ली :** रेलवे ने कोहरे की वजह से सोमवार को 297 ट्रेनों को पूरी तरह और 42 को आंशिक रूप से निरस्त कर दिया है। इन ट्रेनों में पंजाब, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, गुजरात और अन्य राज्यों से चलने वाली गाड़ियां हैं। इसके अलावा 21 ट्रेनों की समय सारिणी में बदलाव और सात का मार्ग परिवर्तन किया गया है। इन ट्रेनों में गरीबरथ, शताब्दी और जनशताब्दी जैसी ट्रेनें शमिल हैं। निर्धारित समय से देरी से चलने वाली प्रमुख ट्रेनों में 22691 बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस 01 घंटा 40 मिनट, 12058 दिल्ली जनशताब्दी 20 मिनट, 12429 लखनऊ राजधानी एक्सप्रेस 02 घंटे 01 मिनट, 15013 रानीखेत एक्सप्रेस - 20 मिनट और 12190 महाकौशल एक्सप्रेस 02 घंटे 56 मिनट शामिल हैं।

### नक्सलियों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, जंगल में छुपाया गया विस्फोटक बरामद बरामद

**दुमका :** दुमका पुलिस और एसएसबी की 35वीं वाहिनी ने संयुक्त कार्रवाई में शिकारीपाड़ा प्रखंड के करकट्टा पहाड़ के वन क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छुपा कर रखे गये विस्फोटक को बरामद किया है। पुलिस 200 पीस जेलेटिन, 411 पीस बिजली के तार, 18 पीस नक्सली संगठन का प्रतीक चिन्ह, 31 पीस स्टारनुमा चिन्ह, 50 प्लास्टिक का बोरा और 27 नक्सल साहित्य पुलिस बरामद करने में सफल रही। हलांकि नक्सली पुलिस की भनक पाते ही फरार होने में सफल रहे। सोमवार को प्रेसवार्ता कर एसपी अंबर लकड़ा ने बताया कि पुलिस को यह सफलता गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी बटालियन-35 एवं जिला पुलिस के सहयोग से मिली। उन्होंनें बताया कि टीम में एसएसबी डिप्टी कमांडेंट गुलशन कुमार एवं एसडीपीओ, सदर मो नूर मुस्तफा, थाना प्रभारी संजय सुमन के नेतृत्व में सफलता मिली। पुलिस को सूचना मिली की नक्सली शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के करकट्टा पहाड़ के वन क्षेत्र में जंगल और झाड़ियों के बीच भारी मात्रा में विस्फोटक छुपाकर रखे हैं। सूचना पर पुलिस ने छानबीन की, जहां मिट्टी के नीचे भारी मात्रा में विस्फोटक सामान बरामद करने में सफल रही।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केरल के सीएम से की मुलाकात, कहा

# केरल के तर्ज पर झारखण्ड के पर्यटन को किया जायेगा विकसित

तिरुवनंतपुरम में मुख्यमंत्री ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन से की शिष्टाचार मुलाकात

केरल के पर्यटन सचिव केएस श्रीनिवास ने मुख्यमंत्री के समक्ष पर्यटन को लेकर दिया प्रेजेंटेशन।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने केरल के मुख्यमंत्री पिनारायी विजयन से तिरुवनंतपुरम में शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

दोनों राज्य के मुख्यमंत्री ने हर क्षेत्र में एक दूसरे का सहयोग करने की बात कही। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने केरल के तर्ज पर झारखण्ड के पर्यटन को विकसित करने में सहयोग करने का आग्रह किया। केरल के पर्यटन सचिव केएस श्रीनिवास के ने मुख्यमंत्री के समक्ष केरल के पर्यटन को लेकर प्रेजेंटेशन दिया। इस मौके पर पर्यटन मंत्री पीए मुहम्मद रियाज, केरल के मुख्य सचिव डॉ. वीपी जॉय एवं अन्य उपस्थित थे।

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने ट्वीट कर इस मुलाकात की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. यह मुलाकात काफी अच्छी रही. उनसे काफी गर्मजोशी से बातचीत हुई. उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास में पूरी मदद करने की हमने पेशकश की.

मुख्यमंत्री पी. विजयन ने झारखंड के मुख्यमंत्री को केरल में छुट्टियां बीताने के लिए धन्यवाद दिया. उन्होंने उनके और उनके परिवार के अच्छे समय की कामना की. बता दें कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 12 जनवरी को केरल दौरे पर गए हैं. वो विशेष विमान से केरल पहुंचे थे. उनके साथ उनकी पत्नी, बच्चे और परिवार के अन्य सदस्य भी केरल छुट्टियां बिताने आए हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रकृति प्रेमी है. वो हर साल एकबार परिवार संग छुट्टियां बिताने बाहर जाते हैं. इससे पहले वो परिवार के साथ केरल गए थे.

**पर्यटन के क्षेत्र में काम करने पर बनी सहमति**



**ट्वीट कर सीएम हेमंत सोरेन ने दी जानकारी**

केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने ट्वीट कर इस मुलाकात की जानकारी दी. उन्होंने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की. यह मुलाकात काफी अच्छी रही. उनसे काफी गर्मजोशी से बातचीत हुई. उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास में पूरी मदद करने की हमने पेशकश की. मुख्यमंत्री पी. विजयन ने झारखंड के मुख्यमंत्री को केरल में छुट्टियां बीताने के लिए धन्यवाद दिया.

## 19 जनवरी से कड़ाके की ठंड से मिलेगी राहत



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उत्तर और उत्तर पश्चिम भारत में कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं, मैदानी इलाकों में हिमालय से आने वाली बर्फीली उत्तर-पश्चिमी हवाओं के साथ अगले दो दिनों में इस क्षेत्र में और भी अधिक ठंड पड़ने की संभावना है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि दो पश्चिमी विक्षोभ के कारण 19 जनवरी से शीत लहर की स्थिति समाप्त हो जाएगी। जिससे उत्तर भारत के कई क्षेत्रों को राहत मिलेगी। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि दिल्ली के कई हिस्सों और पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में शीतलहर से लेकर गंभीर शीत लहर की स्थिति बनी हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक आरके जेनामणि ने बताया कि दिल्ली में भीषण शीत लहर की स्थिति के साथ राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 1.4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है। अगले 2 दिनों तक तापमान इसी तरह बना रह सकता है, आगे और गिरावट की संभावना नहीं है।

18 जनवरी से तापमान बढ़ सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, उत्तर-पश्चिम और पूर्वी राजस्थान के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान एक से तीन डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं, राजस्थान के शेष हिस्सों में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

इसके अलावा थार रेगिस्तान के पास स्थित चूरू में न्यूनतम तापमान शून्य से 2.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है, जो सोमवार को मैदानी इलाकों में सबसे कम था। आईएमडी ने कहा कि 17 जनवरी तक उत्तर पश्चिम भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट आने की संभावना है। इसमें कहा गया है कि दो ताजा पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव में 18 जनवरी से 20 जनवरी तक न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी।

## अग्निपथ सशस्त्र बलों को भविष्य के लिए तैयार करने में गेम चेंजर होगी साबित : पीएम



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को तीनों सेनाओं के अग्निवीरों के पहले बैच को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि यह परिवर्तनकारी नीति हमारे सशस्त्र बलों को मजबूत करने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में एक गेम चेंजर साबित होगी। प्रधानमंत्री ने इस पथ-प्रदर्शक अग्निपथ योजना के अग्रणी होने पर अग्निवीरों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवा अग्निवीर सशस्त्र बलों को और अधिक युवा व तकनीक की समझ रखने वाले बनाएंगे।

अग्निवीरों की क्षमता की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी भावना सशस्त्र बलों की बहादुरी को दर्शाती है जिसने हमेशा राष्ट्र के झंडे को ऊंचा रखा है। मोदी ने कहा कि इस अवसर से उन्हें जो अनुभव प्राप्त होगा, वह जीवन भर के लिए गौरव का स्रोत होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नया भारत नए जोश से भरा हुआ है और हमारे सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में युद्ध लड़ने का तरीका बदल रहा है। संपर्क रहित युद्ध के नए मोर्चों और साइबर युद्ध की चुनौतियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से उन्नत सैनिक हमारे सशस्त्र बलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं की वर्तमान पीढ़ी में विशेष रूप से यह क्षमता है, और इसलिए अग्निवीर आने वाले समय में हमारे सशस्त्र बलों में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि कैसे यह योजना महिलाओं को और सशक्त बनाएगी। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि किस प्रकार अग्निवीर महिलाएं नौसेना बलों का गौरव बढ़ा रही हैं, और कहा कि वह तीनों सेनाओं में महिला अग्निवीरों को देखने के लिए उत्सुक हैं।

प्रधानमंत्री ने सियाचिन में तैनात महिला सैनिकों और आधुनिक लड़ाकू विमानों को चलाने वाली महिलाओं का उदाहरण देते हुए यह भी याद किया कि कैसे महिलाएं विभिन्न मोर्चों पर सशस्त्र बलों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में पोस्टिंग से उन्हें विविध अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा और उन्हें विभिन्न भाषाओं और विभिन्न संस्कृतियों और जीवन जीने के तरीकों को सीखने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि टीम वर्क और नेतृत्व कौशल का सम्मान उनके व्यक्तित्व में एक नया आयाम जोड़ेगा। उन्होंने अग्निवीरों को अपनी पसंद के क्षेत्र में अपने कौशल को बेहतर बनाने पर काम करने के साथ-साथ नई चीजें सीखने के लिए उत्सुक बने रहने का आह्वान किया। युवाओं और अग्निवीरों की क्षमता की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री ने यह कहते हुए अपनी बात समाप्त की कि वे 21वीं सदी में राष्ट्र को नेतृत्व प्रदान करने जा रहे हैं।

## मंत्री चंपई सोरेन को एयरलिफ्ट कर ले जाया गया चेन्नई



### सीएम ने स्वस्थ होने की कामना की

इधर, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर चंपई सोरेन के स्वस्थ होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में साथी मंत्री चंपई सोरेन जी को बेहतर चिकित्सा के लिए चेन्नई भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य खराब होने के बाद चंपई दा का टीएमएच जमशेदपुर में इलाज चल रहा था। आप शीघ्र स्वस्थ होकर आये, परमात्मा से यही कामना करता हूं।

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** झारखंड प्रदेश के आदिवासी कल्याण व परिवहन मंत्री चंपई सोरेन को एयर एंबुलेंस से सोमवार को चेन्नई ले जाया गया है। श्री सोरेन के साथ उनके बड़े बेटे भी चेन्नई गये हैं।

मंत्री एक सप्ताह से बीमार हैं। चंपई सोरेन का शुगर लेवल कम हो गया है. इसलिए उन्हें चेन्नई ले जाने की नौबत आ गयी है। चंपई सोरेन पहले भी दो बार चेन्नई के अस्पताल में एडमिट हो चुके हैं। यह तीसरा मौका है, जब उन्हें चेन्नई ले जाया गया है। मंत्री के परिवार के सदस्य महावीर मुर्मू ने रविवार को ही कहा था कि जरूरत पडी, तो बेहतर इलाज के लिए चंपई सोरेन को चेन्नई ले जाया जा सकता है। चंपई सोरेन से मिलने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता उन्हें तेज बुखार हुआ था। रविवार को तड़के चार बजे जमशेदपुर स्थित टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) में उन्हें भर्ती कराया गया। यहां उनके खून व यूरिन की जांच के लिए सैंपल लिया गया।

श्री सोरेन के बीमार पड़ने की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अस्पताल पहुंचे और उनका हाल-चाल लिया. इस दौरान मंत्री ने टीएमएच के जीएम समेत वरीय डॉक्टर से बातचीत की और अनुरोध किया कि चंपई सोरेन को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाये। इस दौरान विधायक, डीसी, एसपी टीएमएच पहुंच कर टीएमएच जीएम समेत वरीय डॉक्टरों से चंपई सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली.

जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी, बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंती, जिले की डीसी विजया जाधव, महावीर मुर्मू, शैलेंद्र मैती, श्यामल सरकार समेत कई लोग चंपई सोरेन से मिले।

## एक साथ बने चार ग्रीन कॉरिडोर, ब्रेनडेथ मरीज के अंगों से मिलेगा पांच को नया जीवन

**फेफड़े को चेन्नई और हाथ मुम्बई भेजा, लीवर व किडनियां इंदौर में मरीजों में होंगी प्रत्यारोपित**

**लीवर, दोनों किडनियां, फेफड़े और एक हाथ होंगे अलग-अलग मरीजों में प्रत्यारोपित**

एजेंसी

**इंदौर :** देश का सबसे स्वच्छतम शहर स्वच्छता के मामले में ही नहीं, अंगदान के क्षेत्र में देश के लिए उदाहरण बन गया है। यहां सोमवार सुबह करीब 11.00 से 11.30 बजे तक एक साथ चार ग्रीन कॉरिडोर बने। रतलाम कोठी निवासी 52 वर्षीय विनीता पत्नी सुनील खजांची के ब्रेनडेथ घोषित होने के बाद उनका लीवर, दोनों किडनियां, फेफड़े और एक हाथ अलग-अलग मरीजों में प्रत्यारोपित करने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर भेजे गए। मुस्कान ग्रुप के सेवादार जीतू बागानी ने बताया कि विनीता खजांची को गत 13 जनवरी को ब्रेन हेमरेज के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां लगातार उपचार के बाद भी उनकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। रविवार दोपहर करीब डेढ़ बजे मरीज को पहली बार और फिर रात करीब साढ़े आठ बजे दूसरी बार ब्रेनडेथ घोषित किया गया। इससे पहले जून 2022 में विनीता खजांची के ससुर की मृत्यु के बाद उनकी आंखें, त्वचा और देहदान हुआ था। परिवार अंगदान का महत्व पहले से जानता था, इसलिए उन्हें विनीता के अंगदान के लिए तैयार करने में कोई परेशानी नहीं आई। उन्होंने बताया कि सोमवार को उनके अंगों को दूसरे अस्पतालों में भेजने के लिए चार ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। पहला ग्रीन कॉरिडोर बांबे अस्पताल से एयरपोर्ट तक बनाया गया। महिला का हाथ अस्पताल से एयरपोर्ट 17 मिनट में पहुंचा दिया गया। इसके बाद महिला के फेफड़ों को दूसरा ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सिर्फ 15 मिनट में एयरपोर्ट भेजा गया। सिर्फ पांच मिनट में तीसरे ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से महिला की एक किडनी सीएचएल अस्पताल में भेजी गई, जबकि दूसरी किडनी बांबे अस्पताल में ही भर्ती मरीज को प्रत्यारोपित की गई है। चौथा ग्रीन कॉरिडोर बांबे अस्पताल से चोइथराम अस्पताल तक बनाया गया। इसके माध्यम से महिला का लीवर भेजा गया। महिला का हाथ मुंबई के ग्लोबल अस्पताल में भर्ती किशोरी को प्रत्यारोपित किया गया। वहीं, उसके फेफड़े चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती मरीज में प्रत्यारोपित किया जाना है। महात्मा गांधी मेडिकल कालेज के डीन डा. संजय दीक्षित ने बताया कि यह पहला मौका है, जब हमने ग्रीन कॉरिडोर बनाकर किसी ब्रेनडेथ मरीज का हाथ प्रदेश के बाहर भेजा है।




### भावुक हो गई बेटी, कहा- मां की इच्छा पूरी की

अंगदान के बाद जब ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए तो बांबे अस्पताल में माहौल बहुत गमगीन था। विनीता खजांची के अंगदान करते वक्त परिजन बहुत भावुक हो गए थे। अमेरिका से आई विनीता खजांची की बेटी ने रुंधे गले से कहा कि मेरी मां की इच्छा थी कि उनका अंग किसी न किसी के काम आए। हमें संतोष इस बात का है कि हम उनकी इच्छा पूरी कर सके।

### लातेहार में उग्रवादियों ने केईसी कंपनी के कर्मियों को बंधक बनाकर पीटा

**लातेहार :** चंदवा थाना क्षेत्र के मालहन स्थित केईसी कंपनी के बेचिंग प्लान्ट में उग्रवादियों ने जमकर उत्पात मचाया है। दर्जन की संख्या में पहुंचे उग्रवादियों ने कंपनी में कार्यरत कई कर्मियों को बंधक बना लिया। इस दौरान विरोध करने पर चार कर्मियों के साथ जमकर मारपीट भी की गई। उग्रवादियों ने मौके पर कई वाहन में भी तोड़फोड़ की है। जेपीसी उग्रवादी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। कम्पनी मालहन में थर्ड रेलवे निर्माण कार्य में जुटी है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# सांसद आपके पंचायत कार्यक्रम में शामिल हुए विष्णु दयाल राम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सांसद आपके पंचायत में कार्यक्रम के तहत देवरी खुर्द, देवरी कला, बडेपुर, महुअरी पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित जनता संवाद कार्यक्रम में शामिल हुआ। साथ ही देवरी कला पंचायत के मुखिया मनोज भारती के बड़े भाई एवं पत्रकार लक्ष्मी सिंह जी की मां के असामयिक मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उक्त पंचायतों का भ्रमण के दौरान जनता की जनसमस्याओं से अवगत होकर निराकरण करने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ माननीय सांसद जी के द्वारा केन्द्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि CRIF योजना के तहत भजनिया मोड़ से मोहम्मदगंज होते हुए हैदरनगर (मोहम्मदगंज से दंगवार) भाया कोल्हुआ, बरडीहा, पंसा, अधौरी एवं रानी देवा तक 17.372 किलोमीटर, पथ निर्माण विभाग से हैदरनगर से पंसा, भजनिया मोड़ से हैदरनगर मेन रोड़ तक एवं जपला से नवीनगर तक सड़क स्वीकृत कराया गया है। इसके साथ ही साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन महत्वपूर्ण सड़कों की स्वीकृति प्रदान की गई है- मुख्य सड़क से पांती बटंडा तक 5.92, उपरीकला उपरी खुर्द 6.11, सरगाडा से हैदरनगर वाया नौडीहा पतरीया 13.58 किलोमीटर स्वीकृत कराई गई है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार सिंह, प्रफुल्ल कुमार सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, रविन्द्र सिंह, राम प्रवेश सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, अजय गुप्ता, रामराज मेहता, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, नरेन्द्र सिंह, विनय कुमार सिंह, मुखिया ममता देवी, वार्ड सदस्यगण देवरी ओपी प्रभारी इन्द्रेव राम सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

## वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत स्कूली छात्रों को किया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर, इस मुद्दे पर कई अभियान आयोजित करने वाला वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने आज रोटरी स्कूल चैनपुर में जागरूकता अभियान चलाया। सड़क पर दोपहिया, चारपहिया वाहनों को कैसे चलाएं, पैदल यात्री क्या क्या सावधानियां बरतें, इन बातों की जानकारी बढ़ते बच्चों को दी गई। साथ ही ट्रैफिक नियमों का पालन न करने पर सजा के प्रावधान के बारे में बताया गया। जीवन अनमोल है, थोड़ी सी लापरवाही, और जल्दीबाजी की वजह से इस अनमोल जीवन को खोने से बचाएं, यह आह्वान किया वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट से जुड़े सभी सदस्यों ने। मौके पर रोटरी स्कूल के डायरेक्टर श्री अनुग्रह नारायण शर्मा, प्राचार्य असलेश पांडे, ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा, शिक्षिका स्मिता सिंह, पूनम पांडे, राखी सोनी, अमित श्रीवास्तव,लक्ष्य श्रेष्ठ, संध्या अग्रवाल, कंचन गुप्ता और रिनू शर्मा उपस्थित थे।

## पिपरा में ऋण माफी योजना की गाड़ी को दिखाया गया हरी झंडी



**पिपरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिपरा प्रखंड मे सोमवार को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना की गाड़ी को प्रखंड विकास पदाधिकारी अनीता केरकेट्टा एवं कृषि पदाधिकारी सरजुन राम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाई। सरजुन राम ने बताया कि 31 मार्च 2020 तक जो किसान कृषि ऋण ले चुके होंगे। जिनका खाता चालू हालत में होगा। वैसे लोग अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र में जाकर संपर्क कर सकते हैं। ऋण लिए हुए किसान के पास राशन कार्ड आधार कार्ड होना आवश्यक है। उन्हें ही इस ऋण माफी योजना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर प्रखंड कर्मी सहित रामजी पासवान उपस्थित थे।

## बंशीधर महोत्सव को लेकर एसडीओ व एसडीपीओ ने किया स्थल का निरीक्षण



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंशीधर महोत्सव की तैयारी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। अनुमंडल पदाधिकारी आलोक कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी ने सोमवार को गोसाईबाग मैदान कार्यक्रम स्थल, हेलीपैड के लिये महदे इया शंकर प्रताप देव इंटर कॉलेज के निकट स्थल का निरीक्षण किया। स्थल निरीक्षण के बाद अनुमण्डल पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुये कार्यक्रम स्थल पर क्या क्या व्यवस्था किया जा सकता है। बाहर से आये कलाकारों को ठहरने तथा पार्किंग की व्यवस्था कहाँ किया जा सकता है, इसकी जायजा लिया जा रहा है। इन सबकी जानकारी लेने के बाद उपायुक्त को प्रतिवेदित किया जायेगा। मौके पर पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, नगर पंचायत कार्यालय के नाजिर दिलीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# अंचल अमीन के अचानक मृत्यु से परिजनों पर टूटा दुख का पहाड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** खरौंधी अंचल अमीन सह कुशड़ड़ ग्राम निवासी पूर्व सदर जाकिर हुसैन का शव कुशडंड कब्रिस्तान में सोमवार को सुपर्दे खाख किया गया। जनाजे की नमाज में बड़ी संख्या में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुये. जनाजे की नमाज पिरे तरीकत हुजूर अमीने मिल्लत के द्वारा पढ़ाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमीन जाकिर हुसैन विगत 12 जनवरी को प्रतिदिन की तरह खरौंधी ड्यूटी गये थे वहीं अचानक उन्होंने पेट दर्द की बात कही। तत्काल अंचल कर्मयो ने आफन फ़ानन में उन्हें नगर उंटारी लाया। परिजन उन्हें इलाज के लिये गढ़वा ले गये। तबीयत में सुधार नही होने पर उन्हें परिजनों द्वारा रांची स्थित आलम हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहाँ इलाज के दौरान अमीन जाकिर हुसैन की मृत्यु हो गई। मृत्यु की जानकारी होने पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया. अमीन जाकिर हुसैन के निधन की खबर आग तरह फैल गई। खरौंधी अंचल कर्मीयो ने मृतक के परिजनों से मिलकर ढाढ़स बंधाया। मौके पर झामुमो नेता ताहिर अंसारी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पाण्डेय, अमरनाथ पांडेय, अभय पांडेय, जदयू जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश बबलू, तस्लीम खान, शमीम अंसारी, मुखिया पति राजकुमार राम, मुश्ताक अहमद शेख, हाजी नेजाम खान, जियाउदिन अंसारी, सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुये।


# संत रविदास जयंती मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर नगर परिषद के वार्ड 16 में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता यदुनी राम व संचालन पार्षद पूनम देवी ने किया। बैठक में संत शिरोमणि रविदास जयंती को धूम-धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत रविदास की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाएगी। जयंती समारोह के सफल आयोजन एवं संचालन हेतु एक कमेटी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से युवा समाजसेवी विजय कुमार रवि को कमेटी का अध्यक्ष चुना गया। जबकि अनिल कुमार को उपाध्यक्ष, विजय राम पेंटर को सचिव, संजय राम को उप सचिव, सतेंद्र रवि को कोषाध्यक्ष, बिट्टू कुमार को उप कोषाध्यक्ष, रामचंद्र राम को सूचना मंत्री व सुदामा रमा को उप सूचना मंत्री बनाया गया। कमेटी के संरक्षक के रूप में यदुनी राम, महावीर राम, कृष्णा राम, बिनोद राम, हरिशंकर राम, रामनाथ राम, रामजी राम, नारायण राम व संजय कुमार राम को चुना गया। इसके अलावा 11 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया। कार्यकरणी में विशाल कुमार, दीपक कुमार, कमलेश कुमार, सुजीत कुमार, आकाश कुमार, अरुण कुमार, लाला कुमार, अजय कुमार, संजय कुमार, बुधन राम व धनंजय कुमार रवि को रखा गया है।

## लालगढ़ मुखिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल मिला सांसद से, सौंपा ज्ञापन



**विश्रामपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लालगढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल सोमवार को पलामू सांसद बीड़ी राम से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने सांसद श्री राम को एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में लालगढ़ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव करवाने की मांग की गई है। इसके अलावा मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने सांसद बीडी राम से कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा किया। साथ हीं लालगढ़ बिहार स्टेशन पर इंटरसिटी एक्सप्रेस व राजधानी एक्सप्रेस की ठहराव की मांग को पुनः दोहराया। सांसद बीडी राम ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त करते हुये कहा की रेलवे विभाग को इन सारी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा। समाधान कराने का भी पूरा प्रयास किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में पप्पू कुमार चौधरी, जितेंद्र चौधरी, कुणाल ओझा, रमेश पासवान, बिक्की चौधरी, डब्बल सिंह, शारद पासवान, बसंत पासवान, मंदीप पासवान सहित कई लोगो शामिल थे।

## पुलिस ने चलाया इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर सघन वाहन चेकिंग अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** हरिहरगंज थाना पुलिस ने सोमवार को थाना गेट के सामने एनएच 98 इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया। जहां दोहपिया वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट, डिक्की आदि की जांच की गई। जहां नियम का उल्लंघन करनेवालों को वाहन जब्त कर अग्रेतर कार्रवाई हेतु डीटीओ कार्यालय भेजा गया। प्रभारी थाना प्रभारी निर्भय कुमार ने बताया कि वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार इंटरस्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। अबतक 43 दोपहिया वाहनों को जब्त कर जुर्माना वसूली के लिए भेजा गया है। जांच अभियान नियमित रूप से आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने चालकों से वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियम का पालन करने की अपील की ताकि सुरक्षित यात्रा हो सके। जांच अभियान में एएसआई संजय कुमार सिंह जितेंद्र कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## पिपरा में सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा थाना क्षेत्र में दिन सोमवार को पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें गाड़ियों के कागजात हेलमेट की प्रमुखता से जांच की गई। इस जांच में लगभग दर्जनभर गाड़ियों को जप्त किया गया है। पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस सप्ताह को सड़क सुरक्षा सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। लोगों को जागरूक करने के लिए परियोजना धनमानी प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक रवि कुमार यादव एवं विद्यार्थियों के सहयोग से प्रखंड क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली गई. जिसमें विद्यालय के सैकड़ों लड़के लड़कियां शामिल हुए। साथ ही साथ थाना प्रभारी ने कहा कि सभी वाहन चालक यातायात नियम का पालन करते हुए सेफ्टी किट, वाहन के कागजात लेकर ही सड़क पर चलें। थोड़ी सी लापरवाही आपके जान पर भारी पड़ सकती है। प्रभात रैली एवं वाहन चेकिंग में तुरी जी, अजय कुमार, उच्च विद्यालय के शिक्षक सहित पिपरा पुलिस टीम के जवान भी मौजूद थे।

## आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बालिका गृह व वात्सल्य धाम में किया सामग्री वितरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला के ग्रासिम इंड्रस्टीज द्वारा संचालित आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने मकर संक्रांति पलामू बालिका गृह व वात्सल्य धाम में जाकर अनाथ बच्चों के साथ मनाया। बच्चों ने बालिका गृह व वात्सल्य धाम में वस्त्र, चूड़ा, दही, तिलकुट व चॉकलेट सहित कई आवश्यक सामग्री का वितरण किया। वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व स्कूल के प्राचार्य संजय खन्ना स्वयं कर रहे थे। साथ मे स्कूल के सोशल क्लब के शिक्षक व शिक्षिकाएं भी थी। ग्रासिम के मानव संसाधन प्रमुख अजित तिवारी आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल परिवार शिक्षा, स्वास्थ्य, नैतिक-आचरण के साथ-साथ समाजिक सरोकार का कार्य भी करता रहा है। प्राचार्य संजय खन्ना ने कहा कि इस पुनीत कार्य से एक तरफ जहां बालिका गृह व वात्सल्य धाम के अनाथ बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई। वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों के अंदर सेवाभाव, संतुष्टि व समर्पण की भावना दिखाई दी। उन्होंने ग्रासिम इंड्रस्टीज के सराहनीय सहयोग के लिये प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### महेंद्र सिंह का 19 वीं शहादत दिवस मनाया गया

# कामरेड महेंद्र सिंह जन आंदोलन का नेता थे : रविंद्र भुइयां




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** शहीद कामरेड महेंद्र सिंह का 19 वीं शहादत दिवस के रूप में 16 जनवरी को मनाया गया और 7 जनवरी से भाकपा माले का गांव चलो अभियान पहले दौर का समापन 16 जनवरी को संकल्प दिवस के रूप में मनाकर किया गया। कामरेड महेंद्र सिंह जन आंदोलनों के नेता थे। राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड रविंद्र भुइयां ने कहा की जनता पर चौतरफा हमला बड़े हैं। आजादी के 75 साल बाद भी छात्र किसान मजदूर महिलाएं नौजवान अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आटा चावल दाल कागज कलम जूता चप्पल कपड़े सही सभी दैनिक उपभोक्ता के सामानों पर जीएसटी लगा देने से महंगाई सातवें आसमान पर पहुंच चुका है। झारखंड सरकार पलामू क्षेत्र को अकाल क्षेत्र नहीं माना है सरकारी महकमों में दलालों के रास्ते नौकरशाही सिर चढ़कर बोल रही है। बालू गिट्टी का कानूनी पेंच फंसा कर कई गुना दामों पर बेचा जा रहा है। राष्ट्रीय संपत्ति को मोदी सरकार मुंह लगे कारपोरेट घरानों के हाथों बेच रही है। किसानों ने कृषि कानून के खिलाफ मोर्चा खोला था। इस विनाश को रोकना है तो तमाम आंदोलनकारियों को एकजुट होकर महेंद्र सिंह के रास्ते पर चलना होगा। महेंद्र सिंह की यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। भारत बनाओ रैली में हजारों हजार की संख्या में पटना चलने का आह्वान किया 15 से 20 फरवरी तक होने वाले पटना महाधिवेशन की तैयारी में अपने कार्यकर्ताओं को जोर शोर से लगने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य रामराज पासवान ने भी अपने विचार रखे इस मौक पर कपिल देव प्रजापति लालमोहन प्रजापति, अनिल मोची, महाराज पासवान उषा देवी, कार्तिक प्रजापति, संगीता देवी, ममता देवी, सरिता देवी, लीलावती देवी, मालती देवी, सुधा, सुमन मालती सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# नीलांबर पितांबरपुर के कुंदरी पंचायत के मुखिया ने किया वनभोज का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के नीलांबर पितांबर पुर प्रखण्ड के कुंदरी पंचायत के मुखिया निरा देवी पति-जितेंद्र शुक्ला पूर्व मुखिया कुंदरी के द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर कुंदरी पंचायत के ग्राम - गोराडीह के निकट शीशम बगान में वनभोज कार्यक्रम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मौके पर कुंदरी पंचायत के पूर्व मुखिया जितेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस वनभोज के माध्यम से सामूहिक तौर पर सभी लोगों से मिलने का एक अलग महत्व है। उन्होंने नववर्ष पर सभी लोगों को बधाई दी और सुख, समृद्धि और शांति की शुभकामना की। वहीं वनभोज कार्यक्रम में आए युवा समाजसेवी रितीक रौशन शुक्ला उर्फ़ मानस शुक्ला ने कहा कि इस तरह के वनभोज कार्यक्रम के बहाने ही सभी हमलोग एक साथ बैठ कर भोजन करते हैं। क्योंकि सबका अलग अलग रोजी रोजगार है लोग कई जगह रहते हैं इसलिए एक बार सभी साथी नहीं मिल पाते हैं। इस कार्यक्रम के मौके पर कुंदरी पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण जनता शामिल हुए और सभी ने जमकर मस्ती किया और साथ में एक साथ भोजन का लुत्फ उठाया। इस कार्यक्रम में हाकिम शुक्ला, कृष्णा शुक्ला, प्रवीण कुमार शुक्ला उर्फ़ पप्पू शुक्ला, मानस शुक्ला, पिंटू शुक्ला, लक्ष्मण उपाध्याय, विनोद उपाध्याय, ओम प्रकाश शुक्ला, रिंकू उपाध्याय, अविनाश कुमार शुक्ला, रोहित कुमार शुक्ला, पंकज शुक्ला, श्रीकान्त शुक्ला, सहित कई गणमान्य लोग के अलावे सैकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### उपायुक्त 24 को सावित्री बाई फुले छात्रवृत्ति योजना की करेंगे समीक्षा

**रांची :** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा 24 जनवरी को स्कूलों में चल रही सावित्री बाई फुले छात्रवृत्ति योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इनमें जाति प्रमाण पत्र की स्थिति, पोशाक वितरण, बैंक खाता, विद्यालय विकास अनुदान, विद्यालय किट, ई विद्या वाहनी में शिक्षकों की उपस्थिति सहित अन्य शामिल है। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और अवर विद्यालय निरीक्षकों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

### झारखंड में संगठन विस्तार की अपार संभावनाएं : अशोक

**रांची :** जदयू के झारखंड प्रभारी और बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री डॉ अशोक चौधरी सेवा विमान से सोमवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, जदयू नेता सागर कुमार, धनंजय सिन्हा, आफताब जमिल, श्रवण कुमार, पिंटू सिंह, निर्मल सिंह, शैलेंद्र महतो, अखिलेश राय सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से चौधरी पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब हाल पहुंचे जहां वह जदयू के सभी जिला अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा की झारखंड में संगठन विस्तार की अपार संभावनाए है। झारखंड में जदयू अपने पुराने तेवर में लौटेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में गुटबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रांची शहर में बन रहे फ्लाई ओवर के कार्य में तेजी लाने का निदेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में भू-अर्जन से संबंधित मामलों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित बैठक में जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची श्रीमती अंजना दास, परियोजना निदेशक, एनएचएआई (पीआईयू) विजय कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर (पीआईयू, गुमला) राजीव रंजन, अंचल अधिकारी, ओरमांझी विजय कुमार केरकेट्टा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एनएच-23 गुमला-पलमा परियोजना में मौजा जरिया में मुआवजा भुगतान की समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शेष रैयतों को जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निदेश दिया गया। भू-अर्जन के उपरांत जान बूझकर उपद्रव करनेवालों पर उपायुक्त द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त द्वारा राजस्व ग्रामों में भू-अर्जन के समय जरूरत पड़ने पर मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति करने का भी निदेश दिया। बैठक में उपायुक्त ने नारो टीकरा टोली आरओबी हेतु अंचल अधिकारी नगड़ी को शेष रैयतों से मुआवजा राशि के लिए आवेदन प्राप्त करने का निदेश दिया। उपायुक्त द्वारा एनएच-33 मौजा तमाड़ के सर्विस रोड संरचना का भुगतान कराने का भी निदेश दिया गया।भारतमाला गोला ओरमांझी पथ परियोजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त द्वारा अंचल अधिकारी को ओरमांझी में रहकर गोला ओरमांझी पथ सेक्शन का भुगतान शीघ्रता से करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान उपायुक्त राहुल कुमाार सिन्हा द्वारा रांची शहर में बन रहे सभी फ्लाई ओवर की समीक्षा करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त ने बैठक में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि भौतिक सत्यापन में समस्या न हो, समस्या होने पर उसे दूर किया जाये। बैठक में उपायुक्त द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बेड़ो का पहुंच पथ बनाने का भी निदेश दिया गया।

# झारखंड पुलिस खरीदेगी हिडन कैमरा, आधुनिक ब्रेथ एनालाइजर मशीन और लेजर गन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** झारखंड में ट्रैफिक पुलिस आधुनिक तौर पर खुद को और मजबूत करने में लगी है। ट्रैफिक पुलिस के पास ब्रेथ एनालाइजर मशीन है, जो शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों को पकड़ती है। अब इस मशीन को अपडेट करने की तैयारी हो रही है। रांची जिले में इसकी जांच के लिए अब विशेष किस्म की 417 ब्रेथ एनालाइजर मशीन खरीदने का प्रस्ताव बनाया गया है। इसमें कैमरा भी लगा होगा। जांच के दौरान मशीन में चालक की तस्वीर भी आ जायेगी। विशेष किस्म की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चालक कितने नशे में है, उसकी रिपोर्ट भी ऑन स्पॉट मिल जायेगी। पुलिसकर्मियों के लिए 190 खुफिया कैमरे की भी खरीदारी की जा रही है। इसे पुलिसकर्मी अपनी वर्दी में लगायेंगे।



अभी ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चालकों की रीडिंग लेने के बाद उसे चिकित्सक के पास भेजा जाता है। चिकित्सक की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। विशेष किस्म की ब्रेथ एनालाइजर मशीन से ऑन स्पॉट रिपोर्ट मिलेगी। इसके आधार पर चालक पर जुर्माना किया जायेगा या अभियोजन के लिए अग्रसारित किया जायेगा। पुलिसकर्मियों के लिए 190 खुफिया कैमरे की भी खरीदारी की जायेगी। पुलिसकर्मी इसे वर्दी में लगायेंगे, ताकि चालान काटने के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ किसी प्रकार की बदतमीजी होने पर उसकी रिकॉर्डिंग हो जाये। उल्लेखनीय है कि ट्रैफिक पुलिस को चालान काटते वक्त कई तरह की धमकी और सिफारिश की जाती है। ऐसी धमकी और सिफारिश से निपटने के लिए पुलिस की वर्दी में एक कैमरा लगा होगा जो पूरे घटनाक्रम को रिकार्ड कर लेगा। 46 स्पीड लेजर गन खरीदे जा रहे हैं। इससे स्पीड मापी जा सकेगी। अगर वाहन तेज गति में एक पोस्ट से निकल भी गया तो तुरंत इसकी जानकारी आगे चली जायेगी और दूसरी जगह उसे रोक लिया जायेगा।

# रांची ग्रामीण कार्य विभाग के संवेदकों ने की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची ग्रामीण कार्य विभाग की सोमवार को प्रेस क्लब में बैठक हुई। बैठक में संवेदक हित में कई फैसले लिये गये। इस दौरान कहा गया कि बड़े टेंडर को छोटे छोटे कार्यों में बांटकर निविदा प्रकाशित की जाए, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल सके।10 प्रतिशत बिलो निविदा पूर्व की तरह प्रकाशित करने की मांग संवेदकों ने की। कहा गया कि बिहार में यही व्यवस्था कायम है।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि संवेदकों की टीम जल्द ही सीएम हेमंत सोरेन, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह और विभागीय सचिव से मिलेगा तथा अपनी मांगों से उन्हें अवगत कराएगा।बैठक में दर्जनों संवेदक मौजूद थे।बैठक में दर्जनों संवेदक मौजूद थे।

# ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे विधायक राजेश कच्छप, दो सप्ताह का मांगा समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कैश कांड के मामले में आरोपित कांग्रेस के खिजरी विधायक राजेश कच्छप सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। मामले को लेकर सोमवार को विधायक के वकील चंद्रभानु भी ईडी कार्यालय पहुंचे।

उन्होंने मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि विधायक राजेश कश्यप के पेश होने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा गया है। विधायक राजेश कच्छप के व्यस्तताओं का हवाला देते हुए समय मांगा गया है। फिलहाल विधायक दिल्ली मे हैं। इससे पूर्व



विधायक से संपर्क करने पर उन्होंने बताया था कि मैं रांची से बाहर हूं। अपनी कुछ व्यस्तताओं का हवाला देते हुए उन्होंने ईडी के समक्ष हाजिर होने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है। उन्होंने बताया कि ईडी को ईमेल के जरिए जानकारी दे दी गई है। फरवरी के पहले सप्ताह में वह ईडी कार्यालय में पूछताछ के लिए जाएंगे।

# रेल राज्यमंत्री रावसाहेब दो दिवसीय दौरे पर आज पहुंचेंगे साहिबगंज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रावसाहेब पाटिल दानवे मंगलवार को दो दिवसीय दौरे पर साहिबगंज पहुंचेंगे। रावसाहेब के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं और उनके स्वागत की तैयारी में जुटे हैं। भाजपा विधायक अनंत ओझा ने बताया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री 17 जनवरी को सुबह ट्रेन से साहिबगंज रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। राजमहल लोकसभा क्षेत्र में 17 और 18 जनवरी को पार्टी की ओर से आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। ओझा ने आगे बताया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री राव का दो दिवसीय दौरा संगठनात्मक है। इस दौरान साहिबगंज और पाकुड़ जिले में पार्टी की स्थानीय इकाई ने संगठनात्मक बैठक आयोजित किया है। इन बैठकों में रेल राज्यमंत्री हिस्सा लेंगे। राजमहल लोकसभा कोर कमेटी, जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष बैठक में उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सभी विधानसभा के प्रमुख नेता बैठक में शामिल रहेंगे। उन्होंने कहा कि रेल राज्यमंत्री पंचकठिया शहीद स्थल पर पूजा करेंगे और सिदो-कान्हो की जन्म स्थली भोगनाडीह जाएंगे। इस दौरान वे सिदो-कान्हो की प्रतिमा पर माल्यर्पण करेंगे और उनके परिजनों से मुलाकात करेंगे। रेल राज्यमंत्री को आगामी 2024 लोकसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। यही वजह है कि दानवे का दौरा दूसरी बार साहिबगंज में होने जा रहा है।

# रांची में मसीहियों की प्रताड़ना के विरोध में ईसाई समुदाय ने निकाली महारैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** छत्तीसगढ़ और झारखंड में मसीहियों के साथ मारपीट और चर्च में तोड़फोड़ की बढ़ती घटनाओं के खिलाफ झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के बैनर तले सोमवार को विरोध महारैली निकाली गयी। महारैली गोस्सनर कंपाउंड से शुरू होकर मेन रोड होते हुए मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के निकट पहुंच कर सभा में तब्दील हो गयी। इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए आर्चबिशप फेलिक्स टोप्पो ने कहा कि हम सबको मेल और प्रेम से



रहना है लेकिन देखा जा रहा है कि हमारे देश में कुछ ऐसी ताकतें हैं, जो हमारी भाईचारगी, एकता और समन्वय को तोड़ना चाहती हैं। वह हमारे संविधान को कुरेद रहे हैं। हमें चाहिए कि हम संविधान का सम्मान करें और उसी के अनुसार जीने का प्रयास करें। बिशप थियोडोर मास्करेन्हास ने कहा कि हमने स्कूल खोले हैं, जहां सरकार नहीं पहुंचती थी, हमने अस्पताल खोले। ऐसे कार्यों का विरोध करने वाली शक्तियां ही बोलती हैं कि हम सेवा कर धर्मांतरण करते हैं। कोई व्यक्ति, पार्टी या संगठन हमसे नहीं सकता कि घर वापसी करो। आज हम यहां ईसाइयों के हक के लिए नहीं, बल्कि हर नागरिक के हक के लिए खड़े हैं। विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि संविधान के अनुसार सबको अपने धर्म के अनुपालन का मौलिक अधिकार है। किसी गरीब की सेवा को धर्म परिवर्तन कहना अतार्किक है।

# मरांग बुरू बचाओ भारत यात्रा जमशेदपुर में आज से होगी शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गिरिडीह जिले के पारसनाथ पहाड़ जिसे आदिवासी मरांग बुरू कहते हैं, को बचाने सहित आदिवासियों के कई मुद्दों को लेकर मंगलवार से मरांग बुरू बचाओ भारत यात्रा की शुरुआत हो रही है। यह यात्रा जमशेदपुर से शुरू हो रही है। इस यात्रा का नेतृत्व आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सांसद सालखन मुर्मू करेंगे। इस यात्रा की विस्तृत प्लानिंग उन्होंने साझा की है। यात्रा के बाबत उन्होंने बताया कि यह यात्रा अपने आप में इतिहास रचेगी। साल 2023 में हमलोग किसी भी सूरत में सरना धर्म कोड को लागू करा ही लेंगे। इसके साथ आदिवासियों के भविष्य को लेकर जो भी बेहतर होगा, उसे हम लागू करायेंगे। मरांग बुरु बचाओ भारत यात्रा की शुरुआत 17 जनवरी से जमशेदपुर से हो रही है। यह यात्रा फरवरी के अंत तक चलेगी। 18 जनवरी को रांची, 19 जनवरी को रामगढ़, 20 जनवरी को हजारीबाग, 21 जनवरी को जामताड़ा, 22 जनवरी को दुमका और 23 जनवरी को गोड्डा जिले की यात्रा होगी। आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू के मुताबिक इस यात्रा के दौरान 2023 में हर हाल में सरना धर्म कोड की मान्यता के विषय, कुरमी एसटी का मामला, झारखंड में प्रखंडवार नियोजन नीति लागू करने, देश के सभी पहाड़ पर्वतों को आदिवासियों को सौंपने के मुद्दों पर जागरूकता फैलायी जायेगी। सालखन मुर्म ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी तिलका मुर्मू की जयंती पर 11 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में अंतरराष्ट्रीय स्तर का मरांग बुरु-सरना महाधरना का आयोजन किया जायेगा। वहीं 14 अप्रैल को डॉ अंबेडकर की जयंती पर मोरहाबादी मैदान में राष्ट्रीय आदिवासी एकता महासभा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस मरांग बुरू बचाओ भारत यात्रा कई मायने में सबसे अलग होगी। यात्रा के तहत कई तरह के कार्यक्रम होंगे। 17 जनवरी को पांच राज्यों के 50 जिला मुख्यालय में मरांग बुरु बचाओ के लिए धरना-प्रदर्शन होगा व राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाएगा। 30 जनवरी को सरना धर्म कोड की मान्यता के लिए मशाल जुलूस निकाला जायेगा।

# भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना गर्व की बात : आरती




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत को जी-20 की मेजबानी करने का अवसर मिलने पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। कुजूर ने कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना गर्व की बात है।

मोर्चा इसे लेकर स्वागत कार्यक्रम चला रही है। जिसके माध्यम से लोगों को जी-20 के बारे में बताया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलना हर एक भारतीय के लिए गर्व की बात है। इसकी मेजबानी से विश्व के आर्थिक पटल पर भारत एक मजबूत चेहरे के रूप में उभरेगा और दुनिया के देशों से मधुर संबंध बनाने का मौका भी भारत को मिलेगा।

### राधा कृष्ण मंदिर से 23 को निकाली जाएगी कलश शोभायात्रा

**रांची :** रांची के ठाकुरगांव में श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर से 23 जनवरी को कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। ठाकुरगांव के गुरुगाई पंचायत के प्रथम मुखिया स्व. पंडित रामचंद्र तिवारी की पुण्यस्मृति में नवनिर्मित श्रीश्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा करने के लिए लक्ष्मी नारायण तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी को कलश शोभायात्रा, 24 को देवताओं का आवाहन, अग्नि मंथन एवं मूर्ति संस्कार 25 को मूर्ति का अधिवास, 26 को मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा, 27 को विधिवत पूर्णाहुति, हवन और महाभंडारा आयोजन किया जाएगा।

# रांची : युवती के शव के साथ लोगों ने किया बीआईटी ओपी का घेराव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** बीआईटी मेसरा ओपी क्षेत्र के रुदिया गांव के घर से बरामद युवती के शव बरामदगी मामले में सोमवार को स्थानीय लोगों ने शव के साथ ओपी का घेराव किया है। स्थानीय लोग आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। स्थानीय लोग और परिजन दुष्कर्म के बाद हत्या कर युवती के शव को लटकाने की आशंका जता रहे हैं। स्थानीय लोगों और परिजनों को बीआईटी प्रभारी सुमित समझा-बुझाकर शव का अंतिम



संस्कार कराने का प्रयास कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक घेराव जारी है। इससे सड़क पर जाम लग गया है।

उल्लेखनीय है कि रविवार को रांची के बीआईटी ओपी क्षेत्र के रुदिया

**स्थानीय लोग और परिजन दुष्कर्म के बाद हत्या कर युवती के शव को लटकाने की आशंका जता रहे हैं।**

गांव के एक घर से 18 वर्षीय युवती का शव फंदे से लटका हुआ शव बरामद किया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया था । पोस्टमार्टम के बाद शव मिलने के बाद स्थानीय लोग थाने का घेराव करने पहुंचे हैं।

# थंब देने से पहले छानबीन जरूर करें : कार्तिक एस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीआईडी के एसपी कार्तिक एस ने बताया कि आजकल साइबर ठग ने एक नया तरीका निकाला है । अब यह लोग बायोमैट्रिक सिस्टम जो है, इसमें भी फर्जी कर आपकी गाढ़ी कमाई खाते से उड़ा ले रहा हैं। इसके लिए अवध पोद्दार नामक व्यक्ति जो कांके थाना क्षेत्र का रहने वाला है, उसने साइबर में अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। इसी अनुसंधान पर साइबर की टीम ने छानबीन की तो पता चला कि गणेश मंडल जो आसाम का रहने वाला हैं, उसने बायोमैट्रिक थंब इंप्रेशन का दुरुपयोग कर मशीन के माध्यम से पैसे की निकासी की थी। पहले उसने फर्जी दस्तावेज का प्रयोग करके बैंक मित्र का खाता खुलवाया और फिर पैसे का हस्तांतरित कर लिया गया। जिसमें कुल 1,30000 साइबर अपराधी ने खाते से उड़ा लिया। इस पूरे मामले की छानबीन करते हुए अपराध अनुसंधान विभाग ने आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुए गणेश मंडल को गिरफ्तार किया है। इसके पास से मोबाइल दो सिम, पैन कार्ड, एक आधार कार्ड ,एक क्रेडिट



कार्ड, रोइनेट सॉल्यूशन आईडी कार्ड एक , लैपटॉप एक, पासबुक आदि बरामद किया है। आगे बताया कि पुलिस गणेश को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी करेगी , ताकि यह पता चल सके कि बायोमेट्रिक थंब इंप्रेशन का दुरुपयोग करने में और कौन-कौन लोग शामिल हैं। यह टीम झारखंड के कहां-कहां सक्रिय हैं।

**रहे सावधानः** वहीं कार्तिक ने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी बायोमैट्रिक थंब इंप्रेशन को बिना किसी परिचित के अपना थंब इंप्रेशन देने से बचें। ऐप्स डाउनलोड करने से बचें, किसी भी अनजान वेबसाइट पर अपनी उंगलियों के निशान दर्ज कराने से बचें, सबसे जरूरी बात है कि बायोमेट्रिक एप्प को काम होने के बाद एप्लीकेशन के माध्यम से उसे लॉक कर दें, यदि आपके साथ किसी तरह का साइबर क्राइम हुआ है तो पीड़ित 1930 पर कॉल करें और अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# नवनिर्मित मंदिर का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अरगोड़ा पुंदाग रोड पर स्थित अरगोड़ा आनन्द गैस गोदाम पुल के पास जय मां काली की नव निर्मित मंदिर का त्रिदिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ आयोजन का शुभारंभ हुआ। हजारों महीला माताओं बहनों द्वारा अरगोड़ा शिव दुर्गा मंदिर, अरगोड़ा तालाब, गांव भ्रमण, अरगोड़ा बाईपास होते हुए अरगोड़ा पुंदाग रोड स्थित आनंद गैस गोदाम के आगे पुल के पास स्थित मुक्तिधाम के सामने नव निर्मित जय मां काली मंदिर तक जाने के बाद मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा पूजा अर्चना कार्यक्रम की शुरुवात हुई।

मंदिर परिसर से कलश यात्रा संपन्न के बाद पुरवाह्न 11बजे से पंचांग पूजा, मंडप प्रवेश पूजा, बेदी पूजन ,संध्या 4ः 30 बजे से महाआरती, महाभोग वितरण का आयोजन। कलश यात्रा में गेरुवा वस्त्र धारण कर पुरुष, चुनरी साड़ी धारण कर माताएं बहनें साथ ही मोती कस्ट्रक्शन के समाजसेवी चंदन कुमार, अजय नाथ सहदेव, भरत काशी, कार्यक्रम के अध्यक्ष भोला साहु, लेखराज राम साहु, छत्रधारी साहु, राजकुमार राम साहु, सतीश कुमार, नरेन्द्र साहु, बीरेंद्र साहु, प्रकाश साहु, शंकर महतो, संदीप कुमार, नर्मेदेश्वर साहु, अवध साहु, सुभाष साहु, लालू साहु, जयदीप साहु,के अलावा पूरे गांव के नव युवक, अनेक पूजा समिति के पदाधिकारीगण,विभिन्न राजनीतिक दलों के नेतागण कार्यकर्त्ता, गाजा बाजा जय कारा के साथ पंडित रवि पाण्डे एवम उनके सहयोगियों के साथ कलश यात्रा पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुई।

## लावारिस हालत में सवारी गाड़ी बरामद

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सुगदा झिरगा टोली जंगल में गत तीन दिनों से लावारिस हालत में खड़ी एक सवारी वाहन (जेएच-06- सी- 4506) को बरामद किया गया है. थाना प्रभारी रजनी रंजन के अनुसार वाहन को चालक ने 13 जनवरी को जंगल में छोड़ कर चला गया. ग्रामीणों की सूचना पर वाहन को बरामद कर छानबीन शुरू कर दी गयी है.

## मुखिया ने असहाय वृद्धजनों के बीच किया कंबल का वितरण

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत सिरका पंचायत के मुखिया श्री रोशन लाल मुंडा ने मेढ़ेटुंगरी चौधरी टोला में दर्जनों असहाय वृद्धजनों के बीच कंबल का वितरण किया! मौके पर मुखिया रोशन लाल मुंडा ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है मानवता के सेवा में ही सच्चे सुख की अनुभूति होती है कंपकंपाती ठंड में वृद्धजनों के लिए यह कंबल किसी सौगात से कम नहीं है! मौके पर जगेश्वर महतो, दुर्गा महतो,शिवनारायण चौधरी,बलेश महतो आदि उपस्थित थे।

## टुंगरी पहाड़ में माघ मेले का आयोजन संपन्न

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखण्ड स्थित मुरी टुंगरी पहाड़ मे सोमवार को माघ मेला का आयोजन किया गया! यह मेला कई सालों से लगता आ रहा है टुंगरी पहाड़ मे सुबह से ही पुजा अर्चना के लिए लंबी लाइनों की कतार लग गयी थी! मेले मे आस पास के सैकड़ों ग्रामीण मेले में शिरकत हुए इस मेले का सबसे आकर्षण टुंगरी बाबा के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया मेले में कई तरह बच्चों के लिए के आकर्षक खेलने कूदने के आयोजन किया गया! इस मेले मे मुरी ओपी का पुरा सहयोग रहा! एवं मेले के कमीटी का भी भरपूर सहयोग रहा

## लालेश्वर महतो ने की मृतक के परिजनो सहायता

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला ग्रामीण भाजपा के कोषाध्यक्ष सह समाजसेवी लालेश्वर महतो ने मृतक के परिजनो सहायता दी. खलारी प्रखंड के अंतर्गत आदिवासी मोहल्ला निवासी कुलदीप महतो की विगत कुछ दिन पूर्व निधन हो गया था. कुलदीप महतो मजदूरी का कार्य करते थे. और उनके घर मे कमाने वाले एकलौता व्यक्ति थे. स्व महतो का घर बहुत ही निर्धन परिवार से से थे.कुलदीप महतो की मृतु की सूचना जैसे ही लालेश्वर महतो मिली तो रांची में रहते हुए उन्होंने अपने प्रतिनिधि राजू गुप्ता के माध्यम से परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया एवं श्राद्ध कर्म के लिए आटा, एक टिना खाद्य तेल एवं अन्य खाद्य सामग्री भिजवाया गया. लालेश्वर महतो जी ने कहा कि इस दुख की घड़ी में सोकालकुल परिवार के साथ खड़े हैं. इस मौके पूर्व मुखिया प्रदीप उरांव, तरुण कुमार महतो, धर्मेंद्र, रवि सोनी, राजेंद्र प्रजापति एवं अन्य ग्रामीण आदि मौजूद थे.

## स्टेट चैंपियन बेटियों को राज्यसभा सदस्य ने किया सम्मानित



**सिकिदिरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिकिदिरी के आगर टोली में सोमवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियोगिता में स्टेट चैंपियन बालिका टीम को एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू ने सभी खिलाड़ियों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।मौके पर उन्होंने कहा कि बेटियों ने सीमित संसाधन में भी अपनी प्रतिभा की बदौलत पूरे राज्य में अपना लोहा मनवाया है। अगर इन होनहार बेटियों को उचित सुविधा उपलब्ध हो तो राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने में कोई भी बाधा पार करना इनके लिए मुश्किल नहीं होगी।उन्होंने विजेता टीम की बेटियों के लिए 15 सेट जर्सी,बूट और तीन फुटबाल देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राम कुमार पाहन ने कहा कि यह हमारे प्रखंड व जिला के लिए गर्व की बात है।इस अवसर पर अतिथि के रुप में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी,अनिल टाईगर,मानकी राजेन्द्र शाही मुंडा,मुखिया राजेन्द्र बेदिया,नंदलाल राम,नीलमोहन पाहन,धनेश्वर बेदिया,सूरज मुंडा,मनीष महतो,बिहारी महतो,मनी मुंडा,संतोष पाहन आदि उपस्थित थे।

## झामुमो खलारी ने मुस्ताक आलम का 69 वां जन्मदिन मनाया

**खलारी :** खलारी बैंक चौक के पास झामुमो खलारी प्रखंड अध्यक्ष अनिल पासवान ने अपने समस्त प्रखंड कमेटी के साथ मिलकर झारखंड आंदोलनकारी एवं वर्तमान में झामुमो राची जिला के अध्यक्ष जनाब मुस्ताक आलम का 69 वां जन्मदिन केक काटकर व लोगो को खेक वितरण कर मनाया गया.उसके बाद दूरभाष के माध्यम से प्रखंड के सभी पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम को बधाई दिया गया. मौके पर प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद,सुभाष प्रजापति,कलाम रिजवी, सचिव महेंद्र चौहान,संयुक्त सचिव राजकुमार भोक्ता,चितरंजन सिंह, संगठन सचिव शीतलाल महतो, मीडिया प्रभारी विशाल पासवान, जेसीएमयू एरिया सचिव रंथू उराँव, शंभू दास,पीनू कर, गौतम यादव, संदीप यादव, जब्बार अंसारी,मेजर साब, अशोक कुमार गंझू, दयानंद बैठा, विजय चंद्रवंशी,सुनील पासवान, सत्येंद्र खरवार,नागेंद्र सिंह, मन्नू साहू,राजकुमार मुंडा, सुरेंद्र ठाकुर,संजय सोनी, इस्लाम अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे.


## शपथ पत्र

**मैं एमडी फरहान पिता -स्व0 मोहम्मद सेराजुद्दीन, निवासी- तिवारी टैंक रोड, नियर- मंटू चौक, नीम ट्री , हिंदपिढ़ी, पो0 हिन्दपिढ़ी, थाना हिन्दपिढ़ी, जिला -रांची-834001 शपथ पूर्वक घोषणा करता हूं कि नीचे दिए गए ब्यान मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।**

**1. यह है कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं ।**

**2. यह है मेरी आधार कार्ड में मेरा नाम -एमडी फरहान, दर्ज है जो सही है, आधार कार्ड संख्या 4198-3272-7299 है ।**

**3. यह है कि मेरा पासपोर्ट नंबर यू5524208 है, जिसमें मेरा नाम-एम.डी. फरहान के स्थान पर मोहम्मद फरहान दर्ज हो गया और पता में भी मेरा पता -न्यू तिवारी टैंक स्ट्रीट, नियर -तस्लीम मस्जिद हिंदपिढी , थाना -हिंदपिढी, जिला रांची दर्ज है जो कि गलत है, जब कि मेरा सही पता-**

**द्वारा- मोहम्मद सेराजुद्दीन, हाउस नं0 1296 , तिवारी टैंक रोड, नियर-मंटू चौक, नीम पेड़, थाना-हिंदपिढी, जिला रांची-834001 है। जो कि सही और सत्य है।**

**4. यह है कि मेरा नाम और पता को सही सत्यापित करने हेतु यह शपथ पत्र दे रहा हूं।**

**एम.डी फरहान**

**शपथकर्ता**

Ref No...67....DATE 14 DEC 2020


# सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत लोगों को किया गया जागरूक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** जिला अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठे दिन जिला में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल तथा ढ्हष्ट्रु डिपो में सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा रोड साइनेज, हैंड साइन, ट्रैफिक लाइट, गुड समरिटन, इमरजेंसी सेवाएं सड़क सुरक्षा, यातायात के नियम तथा अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस उपाधीक्षक, खूँटी के द्वारा बताया गया की सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन कर हम अपने जीवन तथा अपने परिजनों की जिंदगी बचा सकते हैं। सड़क दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति की ससमय सहायता करने का प्रयास करें। इस दौरान डीएवी स्कूल के प्राचार्य के द्वारा जानकारी दी गई कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें अपने परिजनों को भी नियम का पालन करने हेतु जागरूक करें। इस दौरान छात्रों के बीच क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर पुरस्कार वितरित किया जाएगा। IOCL खूँटी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारी वाहन चालकों को रोड साइनेज, इमरजेंसी सेवाएं तथा अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।पुलिस उपाधीक्षक, खूँटी के द्वारा बताया गया की गुड समरीटन योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को आर्थिक प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। यातायात नियमों के प्रति बरती गई सावधानी तथा दूसरों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सकता है। मोटरयान निरीक्षक,खूंटी के द्वारा जानकारी दी गई की मोटर वाहन अधिनियम के अनुरूप निर्धारित किए गए मानक तथा नियमों का अनुपालन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसे दृष्टिगत रखते हुए वाहन का परिचालन करें तथा वाहन परिचालन के समय आवश्यक कागजात रखना सुनिश्चित करें । वाहनों में फर्स्ट एड कीट अवश्य रखें ताकि समय पड़ने पर अपने तथा दूसरों की सहायता की जा सके। ढ्हष्ट्रु उप महाप्रबंधक के द्वारा बताया गया कि आईओसीएल अंतर्गत चलाया जा रहा है। वाहनों की परिचालन की समय सीमा निर्धारित है तथा सभी वाहन चालक प्रशिक्षित है, परंतु अपने अथवा अन्य लोगों की लापरवाही से सड़क दुर्घटना घटित हो सकती है, इसलिए आवश्यक है सावधानी बरतें।

## प्रखंड प्रशासन के द्वारा सुनी गई ग्रामीणों की समस्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** प्रखंड व अंचल प्रशासन ने सोमवार को गढ़गांव पंचायत के करमटोली चचगुरा में ग्रामीणों की समस्या सुनी और उसके निष्पादन का आश्वासन दिया। इस क्रम में सड़क विहीन गांव में मनरेगा के तहत मिट्टी मोरम सड़क बनाने की सहमति दी गयी। प्राथमिक विद्यालय में खराब पड़े चापानल की मरम्मत करने का ग्रामीणों की मांग पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू ने 15 वें वित्त आयोग से मरम्मत कराने का निर्देश इटकी प्रखंड प्रशासन को दिया गया। इसके अलावा आज एक विशेष ग्राम सभा कर वृद्ध, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन संबंधित आवेदन लिया जाएगा और निष्पादित किया जाएगा। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गयी। सभा मे बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीओ रश्मि लकड़ा, सहायक अभियंता मेरीप्रतिभा टुड्डु, जेई मजाज अहमद, शैम्पू प्रसाद, मुखिया रजनी उरांव, ग्राम प्रधान सुखदेव उरांव, मनीम, बलजीत, बुधुवा उरांव सहित ग्रामीण उपस्थित थे ।

## ग्रामीण विकास विभाग के अनुसमर्थन दलों की टीम ने मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** ग्रामीण विकास विभाग के अनुसमर्थन दलों का टीम खलारी प्रखंड अंतर्गत लपरा व मायापुर पंचायत में चल रहे मनरेगा योजनाओं का निरीक्षण करने पहुँचे. ग्रामीण विकास विभाग से उप सचिव चंद्रभूषण, स्टेट प्लानिंग ऑफिसर राजीव कुमार और नरेंद्र कुमार शामिल थे. वही जिला से जिला परियोजना पदाधिकारी डॉ0 ऋतुराज और स्टेट टीम शामिल थे. पदाधिकारियों ने मायापुर एवं लपरा पंचायत में चल रहे मनरेगा अंतर्गत सिंचाई कूप,पशु शेड,आम बागवानी,दीदी बाड़ी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का निरीक्षण किया गया. इस दौरान लपरा पंचायत बिमला देवी का गाय शेड,फोकन मुंडा का गाय शेड,शुभम प्रसाद का सिंचाई कूप, प्रमोद प्रसाद का आम बागवानी,झुनू मुंडा का सुकर शेड, वही मायापुर पंचायत कोसीमा खातून का सिंचाई कूप, मगरी उराँव का आम बागवानी, मुनेशा प्रवीण का दीदी बाड़ी,सकील अंसारी का सिंचाई कूप, संजय यादव का सिंचाई कूप, प्रवीण उराँव का गाय शेड का निरीक्षण किया गया. मौके पर प्रखण्ड कार्यकर्म पदाधिकारी बिनय कुमार गुप्ता,कनीय अभियंता रमेश कुमार गुप्ता,ग्राम रोजगार सेवक लालमोहन राम,विश्वरंजन कुमार एवं लाभुक और मनरेगा मेट उपस्थित थे.

# विधायक व सांसद ने जल जीवन मिशन तहत् जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के 10 पंचायतों में सोमवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने जल जीवन मिशन तहत् जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम पुरियो पंचायत मे योजना का शिलान्यास किया। इससे पूर्व राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विधालय पुरियो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्कूल के बच्चों पढ़ाई और स्कूल की कमी के बारे में जानकारी लीं। व्यवस्था को लेकर स्कूल के प्रभारी को फटकार लाया, स्कूल निरीक्षण के पश्चात स्कूल प्रभारी के रूम मे सभी टीचर के साथ बैठक कर विधायक अवश्यक दिशा निर्देश दिये। तत्पश्चात पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। वहाँ की स्थिति को जाना, वहाँ की साफ सुथरा व्यवस्था को देख विधायक खुश हुए। पुनः कार्यक्रम स्थल में पहुंचकर ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सरकारी योजनाओं से अवगत कराया साथ ही उन्होने ग्रामीणों से यह भी कहा की कोई समस्या या कोई काम पड़े तो बनहोरा स्थित आवास मे आकर मिल सकते हैं। इसके उपरांत सांसद सुदर्शन भगत के साथ पुरियो, केशा, टेरो, तुतलो, करकरी, ईटा, नेहालू, घाघरा, मुरतो व खुखरा में जल जीवन मिशन तहत् जलापूर्ति योजना निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जानकारी दीं साथ ही ग्रामीणों की समस्याओ से भी अवगत हुई। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार, उप प्रमुख मुद्दसीर हक, जिला परिषद बेरोनिका उरांव, नकुल सिंह, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि नवल सिंह,पंचायत के मुखिया, पंचु मिंज, संजय कच्छप, मीर मुस्लिम, मो0 शमसाद, बुधराम लोहरा, मनकु कुजूर, भोमा सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जनता मजदूर संघ के सीसीएल संयुक्त सलाहकार संचालन ने कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा से की मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** जनता मजदूर संघ के सीसीएल संयुक्त सलाहकार संचालन समिति सदस्य कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को निदेशक कार्मिक हर्षनाथ मिश्रा से मुलाकात किया.नेताओं ने उनसे फरवरी माह 2022 का 13 दिन का वेतन भुगतान जल्द करने, सिविल विभाग में रेवेन्यू के कार्य को कैपिटल बजट से करने मामले पर आपत्ति जताई गई. 930 (अनुकम्पा नौकरी) का लंबित मामलों को अविलंब निष्पादित करने,कॉर्पोरेट लेवल पर ट्रेड यूनियन के साथ स्ट्रक्चर मीटिंग जल्द करने, कोयला खदानों का विस्तार कार्य से प्रभावित रैयत-विस्थापितों के हक-अधिकार से जुड़े मामले को लेकर विभिन्न एरिया में आये दिन आ रहे समस्या समाधान के लिए अविलंब कार्य करने आदि की मांग की गई.इसके अलावा और भी कई विंदू पर चर्चा कर सकारात्मक कार्यक्रम तय करने का निर्णय लिया गया.प्रतिनिधि मंडल में सीसीएल खान सुरक्षा समिति सदस्य रविंद्र नाथ सिंह, कल्याण समिति सदस्य सुखदेव प्रसाद, एनके एरिया अध्यक्ष गोल्टेन प्रसाद यादव,पियुष कुमार सिंह शामिल थे ।

# टाटीसिल्वे में जन औषधि केंद्र का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** प्रधान मंत्री भारतीय जन औसधि केंद्र का शुभारम्भ किया गया . टाटीसिल्वे में रांची के जाने माने हड्डी रोग विशेसज्ञ डॉ सुरेश प्रसाद देबुका के कर कमलो द्वारा जन औसधि केंद्र का शुभारम्भ किया गया ।इस मौके पर डॉ सुरेश देबुका ने कहा की जन औसधि केंद्र में मिलने वाली दवा आम जनता के लिए वरदान है . ये दवा उतनी ही कारगर होती है जितनी की कोई भी ब्रांडेड कंपनी की दवाये । जन औसधि केंद्र के माध्यम से आम जनता को 90 प्रतिशत तक काम मूल्य में जेनरिक दवाई उपलब्ध होगी ।. इस केंद्र के माध्यम से इलाके के लाखो लोग लाभान्वित होंगे । यहां मिलने वाले सेनेटरी नैपकिन की कीमत 1 रुपए प्रति सैनिटरी पैड है। इस मौके पर टाटी पूर्वी मुखिया कृष्णा पाहन , वेद व्यास पांडे, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, हलधर मिश्रा, डॉक्टर मधुसुदं पांडे, रामप्रसाद,विवेक, पुष्प राज, ओम के अलावे टाटीसिलवे की गणमान्य जनता और जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे .


### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

**ई-प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

Tender Reference No. - DWSD/RW-17/2022-23 Date - 16-01-2023

| S. No | Name of the Work | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | **Reorganization of Bero Old Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division Ranchi West Ranchi on “turnkey basis”, | 723.68 | 7.24 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | **09 Months + 3 months (trial and run)** | | |
| 3 | **वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय** | 18-01-2023 at 05:00 P.M | | |
| 4 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 24-01-2023 up to 04:00 P.M | | |
| 5 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 25-01-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। | | |
| 6 | बीड खोलने की तिथि/समय | 25-01-2023 up to 05:00 P.M | | |
| 7 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | |
| 8 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2491247 | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

PR 287583 Drinking Water and Sanitation(22-23)#D



### झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, हटिया योजना, राँची।

**इच्छा की अभिव्यक्ति में निम्न संशोधन किया जाता है:-**

**EOI No- O1/HATIAPROJECTRANCHI-2022-23**

**1st call PR No. 285204 Drinking Water and Sanitation (22-23)**

| SL No. | Particulars | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | PREPRATION OF DPR FOR CONSTRUCTION OF PARK INCLUDING RENOVATION OF FOUNTAIN AND BEAUTIFICATION OF ALL BUILDINGS AND ROADS of Hatia Water Treatment Plant at Dhurwa, Ranchi UNDER D. W. & S. DIVISION, HATIA PROJECT, RANCHI. |
| 2 | Name of Advertisement Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Hatia Project, Doranda, Ranchi-02. |
| 3 | EOI Publish Date | 27/01/2023 at 12.30 PM |
| 4 | EOI Downloading Start Date | 27/01/2023 From 2.00 PM |
| 5 | Last Date for sending pre-EOI Queries | 31/01/2023 (Working days 10.00 am to 4.00 PM) |
| 6 | Last date of Submission of EOI Applications | 08/02/2023 at 5.00PM |
| 7 | Date of Opening of EOI Applications | 10/02/2023 at 2.00 PM |

इच्छा की अभिव्यक्ति का शेष अंश यथावत रहेगा।

नोट:- http://:jharkhandtenders.gov.in से दस्तावेज Download की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
हटिया योजना, राँची।

PR 287564 Drinking Water and Sanitation(22-23)D



### कार्यालय जिला परिषद, राँची

**डाक बन्दोवस्ती आम-सूचना, PR No. 286714**

पत्रांक 23/जि0प0 दिनांक 12.01.2023

**संशोधित आम सूचना**

राजस्व एवं भुमि सुधार विभाग के संकल्प संख्या 1376/रा दिनांक 01.04.2015 के तहत त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं को राजस्व प्रशासनान्तर्गत प्रत्यायोजित शक्ति के आलोक में वित्तीय वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक जिला परिषद, रॉची अन्तर्गत विभिन्न हाट बाजार की बन्दोवस्ती का निलामी निम्नवत विवरणी के अनुसार किया जाएगा। किसी कारणवश उक्त तिथि को डाक नहीं होने पर इसकी अगली तिथि सूचना नोटिस बोर्ड एवं स्थानीय सामाचार पत्रों में दी जाएगी। उपर्युक्त डाक की बोली **जिला परिषद, कार्यालय, रॉची में संशोधित तिथि को 12.00 बजे** से प्रारम्भ होगी।

| क्र० सं० | बाजार हाट का नाम | निर्धारित सुरक्षित जमा राशि (एक वित्तीय वर्ष के लिए) | जमानत की राशि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बेड़ो प्रखण्ड के बेड़ो हाट | 22,09,500.00 | 220950.00 | 18.01.2023 |
| 2 | नगड़ी प्रखण्ड का नारो हाट | 9,09,000.00 | 90900.00 | |
| 3 | इटकी प्रखण्ड का कुरगे हाट | 1,29,605.00 | 12960.00 | 19.01.2023 |
| 4 | चान्हों प्रखण्ड का चान्हों हाट | 7,12,496.00 | 71249.00 | |
| 5 | चान्हों प्रखण्ड का सोंस हाट | 7,62,305.00 | 76230.00 | |
| 6 | चान्हों प्रखण्ड का बलसोकरा हाट | 1,16,601.00 | 11660.00 | |
| 7 | चान्हों प्रखण्ड का हुटार हाट | 1,46,045.00 | 14605.00 | |
| 8 | कॉके प्रखण्ड का पिठोरिया हाट | 1,64,529.00 | 16453.00 | 20.01.2023 |
| 9 | ओरमॉझी प्रखण्ड का ओरमॉझी हाट | 2,53,682.00 | 25368.00 | |
| 10 | सिल्ली प्रखण्ड का सिल्ली हाट | 1,61,000.00 | 16.100 | |
| 11 | अनगड़ा प्रखण्ड का जोन्हा हाट | 1,49,654.00 | 14965.00 | 24.01.2023 |
| 12 | अनगड़ा प्रखण्ड का गोन्दली पोखर हाट | 1,52,895.00 | 15290.00 | |
| 13 | अनगड़ा प्रखण्ड का सिकीदिरी हाट | 1,16,310.00 | 11631.00 | |
| 14 | अनगड़ा प्रखण्ड का गेतलसूद हाट | 1,14,966.00 | 11497.00 | |
| 15 | नामकूम प्रखण्ड का नामकूम हाट | 4,44,510.00 | 44451.00 | अगले आदेश तक स्थगित। |
| 16 | माण्डर प्रखण्ड का ब्राम्बे हाट | 15,00,000.00 | 150000.00 | 25.01.2023 |

पूर्व से निर्धारित शर्ते यथावत रहेगी।

इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि एवं समय पर डाक से पूर्व के शर्त्तो के साथ भाग लें सकते हैं।

**नोट:** 1. उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति डाक बन्दोवस्ती से संबंधित अन्य शर्ते जिला परिषद, रॉची के कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, रॉची

PR 287535 Panchayati Raj(22-23)#D

## डहरे टुसु कार्यक्रम में टुसु चौडल के साथ उमड़ा जनसैलाब

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के मिलन चौक में डहरे टुसु कार्यक्रम में चौडल नुमा टुसु के साथ जनसैलाब उमड़ पड़ा। सिल्ली रांगामाटी सड़क घंटों ठहर सा गया। सड़क पर ही टुसु मेला लगता हुआ सोनाहातु प्रखंड के ऐतिहासिक सतीघाट मेला तक पहुंचा। झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के आह्वान पर बृहत झारखंडी सांस्कृतिक कला मंच के द्वारा डहरे टुसु मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बृहत झारखंड सांस्कृतिक कला मंच के सदस्यो ने गाजे बाजे के साथ टुसु गीत पर जमकर थिरके। वहीं झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के खगेन महतो ने कहा कि झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति द्वारा अपनी विरासत की संस्कृति को बचाने के लिए डहरे टुसु मेला का आयोजन किया गया है। मौके पर खगेन महतो,फुलचांद महतो,वसिष्ठ महतो, त्रिलोचन महतो, अभीमन्यु कुमार, अंबिका, बंशी, चंदन कुमार,भवतारण महतो सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।



## तलाई पहाड़ में धूमधाम से संपन्न हुई माँ ठाकुरानी रानी की पूजा

**राजनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजनगर प्रखंड के हेंसल और हल्दीपोखर के सीमावर्ती तलाई पहाड़ में सोमवार अखान जात्रा के दिन माँ ठाकुरानी की पूजा अर्चना धूमधाम से संपन्न हुई। सर्वप्रथम हेंसल गांव के नाया (पुजारी) एवं प्रधान अशोक गोप के द्वारा हेंसल स्थित ग्राम स्थान (ग्राम देवी पूजा स्थल)में पूजा अर्चना संपन्न हुई, जिसके बाद हेंसल ,पाटा हेंसल, डांगरडीहा,सिजुलता एवं आस पास के सैकड़ों भक्त पहाड़ की चोटी में पूजा की। उल्लेखनीय है कि कुछ वर्ष पूर्व असामाजिक तत्वों द्वारा दो समुदायों के बीच आपसी तनाव की स्थिति उत्पन्न कर दी गई थी। जिस कारण दोनो जिले के पुलिस प्रशासन द्वारा पूजा के पहले ही तैनात रहते है। ताकि शांति पूर्ण व्यवस्था में पूजा अर्चना की जाय। इस मौके पर ग्राम प्रधान के पुत्र मनिंद्र प्रधान, गाँव के नाया(पुजारी),गोपाल सरकार,मानस साहू,उज्ज्वल मोदक,तड़ित गोप,तुलसी ज्योतिषी, भोलानाथ गोप,सोमनाथ गोप,अमरनाथ गोप,सिलिप गोप,अजित मंडल, सुजीत मंडल,तमल मंडल,हरि गोप समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।



## जोड़सा सबर टोला में जात्रा उड़ा कार्यक्रम आयोजित

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंगला माघ महीने के पहली तारीख सोमवार को पटमदा प्रखंड अंतर्गत जोड़सा सबर टोला में आख्यान जात्रा के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जात्रा उड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के दर्जनों महिला पुरुषों ने हिस्सा लिया। पुजारी गौर सबर व दिलीप सबर ने पंच देव देवियों की नाम पर विधिवत पूजा अर्चना करते हुए जोड़सा वासियों को विपत्तियों से रक्षा हेतु देवताओं से मंगल कामना की। मौके पर टोला के जलन सबर, दिलीप सबर, सहदेव सबर, शंभु सबर, जंटी सबर, गंभीर सबर, गुरुचरण सबर आदि उपस्थित थे।



## बिष्टुपुर तुलसी भवन में श्री श्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम सेवा समिति बिष्टुपुर द्वारा सोमवार को बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में श्री श्याम कृपा महोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ। यजमान रुकमणि-रमेश अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्जवलित की। बाबा श्याम के दरबार में मची रे होली भजन के दौरान बाबा श्याम संग भक्तों ने फूलो की होली भी खेली। संस्था के सदस्य विजय एवं अजय अग्रवाल एवं उनके परिजनों के सौजन्य से उनके माता-पिता के 50 वें शादी की सालगिरह के अवसर पर यह धार्मिक अनुष्ठान संध्या 7.31 बजे से शुभारंभ हुई, जो देर रात एक बजे तक चली। रात एक बजे बाबा श्याम की आरती के बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग का प्रसाद वितरण किया गया। आमंत्रित कलाकार कोलकात्ता के सुप्रसिद्ध भजन गायक संजू शर्मा, कटिहार के आदर्श दाधीच एवं जमशेदपुर के अनुभव अग्रवाल ने भजनों की अमृतवर्षा कर बाबा के दरबार में हाजरी लगायी। इस भव्य कीर्तन महोत्सव में लगभग 1400 से अधिक भक्त शामिल हुए। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में संस्था के अध्यक्ष कमल बाकरेवाल, सचिव अरुण गुप्ता, मुकेश आगीवाल, विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, प्रभास मूनका, पंकज अग्रवाल, मनोज आगीवाल, रमेश आगीवाल, प्रदीप गुप्ता, प्रांजल सरावगी, जुगल बाकरेवाल, अमित मूनका, नरेश नरेडी समेत श्री श्याम सेवा समिति के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

## टाटा स्टील यूआईएसएल का सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शुरू



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारासड़क सुरक्षा माह 16 जनवरी से 15 फरवरी मनाया जा रहा है। इसको लेकर आज टाटा स्टील यूआईएसएल एमडी रितु राज सिन्हा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडे ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को टाटा स्टील यूआईएसएल कार्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर सुरक्षा प्रमुख सत्यराज रथ, धनंजय मिश्रा, संजय कुमार, आर के सिंह, अमन चोढा, संजीव झा, नीरज सिंह, जेएसयू के पदाधिकारी और कंपनी के कर्मचारी उपस्थित थे. मौके पर टाटा स्टील यूआईएसएल के एमडी ने कहा कि, न केवल हमें हेलमेट और सीट बेल्ट पहनना चाहिए बल्कि विशेष रूप से सड़कों पर होने वाले काम से भी जागरूक होना चाहिए। हमें अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी।

# आरएसबी ट्रांसमिशन इंडिया व ईवीआर मोटर्स इज़राइल के बीच हुआ एमओयू





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरएसबी ट्रांसमिशन इंडिया लिमिटेड कंपनी का सोमवार को ईवीआर मोटर्स, इज़राइल के साथ एमओयू समझौता किया गया। बताया गया है कि विविधीकरण के हिस्से के रूप में आरएसबी ट्रांसमिशन (आई) लिमिटेड ने ईवीआर मोटर्स, इज़राइल के साथ साझेदारी करके एलसीवी सेगमेंट में व्यापक बाजार क्षमता का दोहन करने के लिए ईवी सेगमेंट में प्रवेश किया है। यह कंपनी ईवी सेगमेंट में अग्रणी डिजाइन इनोवेटर्स हैं और ईवी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बेंचमार्क बनाया है। वैश्विक ग्राहकों के समृद्ध पोर्टफोलियो के साथ सुलभ समझौते पर आरएसबी समूह के अध्यक्ष आरके बेहरा और उपाध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसके बेहरा की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इस दौरान ईवीआर मोटर्स, इज़राइल के सीईओ ओफर डोरोन ने कहा कि आरएसबी के साथ यह साझेदारी न केवल हमारी सफलता ई-मोटर प्रौद्योगिकी में विश्वास का एक वोट है, बल्कि हम जिस तेजी से व्यापार गति का अनुभव कर रहे हैं, उसमें एक और मील का पत्थर है। एशिया में हाल के व्यावसायिक विकास से पता चलता है कि हल्के वाणिज्यिक वाहन क्षेत्र उन्हीं लाभों का आनंद लेना चाहेंगे जो हमारी टीएसआरएफ तकनीक 2 व 3 डब्ल्यू और बसों जैसे ईवी सेगमेंट में लाती है। यह समझौता लागत प्रभावी, कम वजन, उच्च प्रदर्शन पावरट्रेन में क्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए ईवीआर के अभिनव मोटर डिजाइन के साथ आरएसबी के क्षेत्र की अग्रणी इंजीनियरिंग और विनिर्माण को जोड़ती है। इस अवसर पर आरएसबी ग्रुप के कार्यकारी निदेशक (व्यापार रणनीति) निशित बेहरा ने कहा कि ईवीआर एलसीवी सेगमेंट के लिए आरएसबी, इलेक्ट्रिक मोटर्स के साथ डिजाइन और सह-विकास करेगा। मोटर्स डीवीआर के ट्रैपेज़ॉइडल स्टेटर रेडियल फ्लक्स परमानेंट मैग्नेट मोटर पर आधारित होंगी, जो मानक ई-मोटर्स की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत हल्की और छोटी हैं। इस समझौते के तहत आरएसबी और ईवीआर एलसीवी के लिए विभिन्न मोटर विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। ईवीआर आरएसबी की असेंबली लाइन की स्थापना का भी समर्थन करेगा, जबकि आरएसबी भारत में ऑटोमोटिव ओईएम को ई-मोटर्स का निर्माण और बिक्री करेगा। उन्होंने कहा कि लॉन्च के एक हिस्से के रूप में, 12 से 15 जनवरी 23 (हॉल नंबर 4, स्टॉल नंबर) प्रगति मैदान में 16वें ऑटो एक्सपो 2023 में नए उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## छोटा गम्हरिया में अखाईन यात्रा पर ग्राम देवता पूजनोत्सव का आयोजन

**(प्रभात मंत्र संवाददाता)**

**कांड्रा :** श्री श्री जाहिरा गोराम पूजा समिति, छोटा गम्हरिया की ओर से अखाईन यात्रा के अवसर पर ग्राम देवता पूजनोत्सव का आयोजन किया गया। छोटा गम्हरिया स्थित हाई स्कूल मैदान में आयोजित इस पूजनोत्सव का उद्घाटन संमाजसेवी गणेश चौधरी, अमृत महतो, मुखिया निरोला सरदार औरग्राम प्रधान लकड़ू महतो ने संयुक्त रूप से विधिवत फीता काटकर किया। इस दौरान ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक तरीके से ग्राम देवता की पूजा कर गांव की खुशहाली, शांति व लोगों के सुख-समृद्धि की कामना की गई। इस मौके पर अरूण महतो, इन्द्रजीत महतो, उप मुखिया रेणू महतो, संजय गोराई, दुखू तांती आदि उपस्थित थे।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में नर्सरी में प्रवेश के लिए हुआ लॉटरी, 21 जनवरी को होगा सूची जारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने डीएसई कार्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार आज सत्र 2023-24 के लिए नर्सरी में प्रवेश के लिए लॉटरी का आयोजन हुआ। इस दौरान डीएसई कार्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त करीमिया एन1 टाइप की सीआरपी स्वेता कुमारी, स्कूल प्रबंध समिति के सदस्यों - ए.एफ. मैडन, प्रशासक, जेईएम फाउंडेशन, जीजू थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन, विपिन शर्मा, सलाहकार और पूर्व प्राचार्य वीबीसीवी, नवीन कुमार सिंह, मैनेजर जेईएम फाउंडेशन, संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष टीडब्ल्यूयू, झुमझुमी नंदी, प्रिंसिपल, जेएसके, डॉ. विवेक शर्मा, माता-पिता प्रतिनिधि, गुरमीत कौर, वाइस प्रिंसिपल और स्टाफ प्रतिनिधि, जेएसएसपी, तामी सिकदर, वरिष्ठ स्कूल समन्वयक और कर्मचारी स्कूल प्रिंसिपल मिली सिन्हा के साथ जेएसएसपी के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस प्रक्रिया के लिए प्रवेश फार्मों की जांच की गई और उनका वर्गीकरण किया गया। चयनित उम्मीदवारों के नाम 21 जनवरी, 2023 को प्रदर्शित किए जाएंगे।

# एक्सएलआरआइ में 43वें मैक्सी फेयर की हुई लांचिंग

### छह मल्टीनेशनल कंपनियों की समस्याओं का निदान ढूंढेंगे विद्यार्थी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** एक्सएलआरआइ में 43वें मैक्सी फेयर का दो दिवसीय आयोजन 21 और 22 जनवरी को होने वाला है. मार्केटिंग एसोसिएशन ऑफ एक्सएलआरआइ की ओर से आयोजित इस मेले की लांचिंग सोमवार को हुई. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एक्सएलआरआइ के पूर्ववर्ती छात्र सीवीएल श्रीनिवास ने किया. उन्होंने डायरेक्टर फादर एस. जॉर्ज एसजे, डीन एकेडमिक्स संजय पात्रो, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसूजा समेत मैक्सी फेयर की आयोजन समिति के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मैक्सी फेयर की विधिवत लांचिंग की. इस दौरान सभी को संबोधित करते हुए डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने कहा कि एक्सएलआरआइ की 75 वर्षों की विरासत को आगे लेकर जाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मैक्सी फेयर में इंडस्ट्रीज में आने वाली विभिन्न प्रकार की समस्याओं को खेल-खेल में दूर करने का प्रयास किया जाता है.मौके पर 1993 बैच के बीएम बैच के पूर्ववर्ती छात्र सीवीएल श्रीनिवास ने कहा कि एक्सएलआरआइ में भले उन्हें दो साल के मैनेजमेंट कोर्स का सर्टिफिकेट मिला, लेकिन उसके अलावा एक्सएलआरआइ ने जो मूल्य आधारित शिक्षा दी वह सबसे स्पेशल रहा. कहा कि आज के दौर में इंडस्ट्रीज में एक्सलर्स व अन्य बिजनेस स्कूलों में यही बेसिक अंतर है कि एक्सएलआरआइ के विद्यार्थियों को जो शिक्षा दी जाती है देश के लिए बेहतर मैनेजर के साथ ही बेहतर नागरिक तैयार करने के काम भी आते हैं. कहा कि एक्सएलआआइ ने उन्हें लाइफ स्किल्स, प्रॉब्लेम सॉल्विंग एटीट्यूड, क्रिएटिविटी ऑर्गनाइजेशनल स्किल समेत कई अन्य बातों को सिखाया. साथ ही कहा कि एक्सएलआरआइ इसलिए भी खास है क्योंकि उन्हें उनकी लाइफ पार्टनर भी एक्सएलआरआइ से ही मिली. इस दौरान पीएनजी, जी, पेप्सिको, बाटा, प्रेफर्टी और आइसीआइसीआइ कंपनियों के प्रॉब्लम पर रिसर्च होगा।

## भिलाईपहाड़ी की मेला ऐतिहासिक, सभी संस्कृतियों का समावेश : रामदास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** एमजीएम थाना क्षेत्र के भिलाईपहाड़ी दुर्गा पूजा मैदान में रविवार को मकर संक्रांति के मौके पर विशाल टुसू मेला का आयोजन किया गया। यहां जमशेदपुर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों समेत पश्चिम बंगाल से भी हजारों की संख्या में दर्शक पहुंचे। यहां झारखंड, पश्चिम बंगाल एवं ओड़िसा की लोक संस्कृति आकर्षण का केंद्र रही। मुर्शिदाबाद से आई रायबेंसे नृत्य की टीम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बतौर मुख्य अतिथि घाटशिला विधायक रामदास सोरेन ने कहा कि मकर संक्रांति या टुसू पर्व झारखंड का अति विशेष त्योहार है। इसमें सभी लोग, सभी धर्म, समाज के लोग इस पर्व को मनाते हैं। मकर संक्रांति का त्योहार 3 दिनों तक बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। बाउंड़ी को मांस पिठा, मकर को नदी व तालाबों में स्नान के बाद नये वस्त्र धारण करना व चूड़ा-गुड़ एवं पीठा खाने की परंपरा है। तीसरे दिन आख्यान यात्रा को खेतों में तीन बार हल घुमाकर(हाल पुण्या) खेती का काम शुरू किया जाता है। विधायक ने भिलाईपहाड़ी में आयोजित टुसू मेला को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यहां उमड़ी भीड़ भी ऐतिहासिक है। इसका मुख्य कारण आयोजक कमेटी के द्वारा एक ही जगह पर सिंहभूम, मानभूम, धालभूम की संस्कृति को दर्शाया गया है।कमेटी द्वारा झारखंड सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार को दर्शाया गया है जो सराहनीय कार्य है। मौके पर जिला पार्षद प्रभावती दत्ता, पार्षद प्रह्लाद लोहार, पूर्व पार्षद चंद्रावती महतो, मुखिया शशिभूषण सिंह सरदार, पंसस वासंती सिंह, उपमुखिया श्रीमंत प्रधान, अभिमन्यु गौड़, वैद्यनाथ प्रधान आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अर्जुन सोरेन व विश्वनाथ ज्योतिषी ने संयुक्त रूप से किया।

## कुम्भकार समाज ने किया घोड़ाबाबा पूजनोत्सव का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** संक्रांति के दूसरे दिन अखान जात्रा के अवसर पर क्षेत्र का प्रसिद्ध घोड़ाबाबा पूजनोत्सव पारम्परिक रीति रिवाज के साथ धूमधाम से आयोजित किया गया। कुम्भकार समाज गम्हरिया की ओर से आयोजित इस पूजनोत्सव के मौके पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जूटे लाखों श्रद्धालुओं ने पारंपरिक विधि विधान से भगवान बलराम जिऊ की पूजा अर्चना किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने भी शामिल होकर पूजा अर्चना कर सुख शांति की कामना किया। मान्यता है कि विगत करीब दो सौ वर्ष पूर्व क्षेत्र में फैली भयंकर महामारी के बाद पूर्वजों ने भगवान बलराम का आह्वान किया था और यहां उनके वाहन के रूप में घोड़े की स्थापना किया था। उसके बाद क्षेत्र से महामारी समाप्त हुई थी। तब से लेकर आज तक कुंभकार समाज की ओर से इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है। जिनकी मन्नते पूरी होती है वह यहां मिट्टी के घोड़े चढ़ाते हैं तथा प्रसाद का भोग भी लगाते हैं। इस दौरान जिनकी मन्नतें पूरी हुई है उनके द्वारा भी मन्दिर में घोड़ा व प्रसाद चढ़ाया गया। साथ ही, कई श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर मन्नतें भी की। इस मौके पर भजन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया जिसमें स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति की गई।

## सांसद विद्युत महतो के सौजन्य से साड़ी व कंबल वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज भारतीय जनता पार्टी सोनारी मण्डल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में मकर संक्रन्ति एवं टूसू पर्व के शुभ अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो के सौजन्य से न्यू कपाली बस्ती में जरूरत मंद लोगों के बीच जाकर 100 साड़ी एवं 100 वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,किसान मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष दिपु सिंह मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मिडिया प्रभारी सोनू ठाकुर,महामंत्री नारायण प्रसाद, एस सी मोर्चा के जिला महामंत्री शंभु कुमार राम,मंत्री राहुल सिंह, कोषाध्यक्ष विकास साहू, मिडिया प्रभारी निरज प्रसाद, आई टी सेल प्रभारी रमेश प्रसाद साहू,डाक्टर दिपक घोष,संजीव कुमार,राजकुमार पटनायक, सुधीर गोराई आदि उपस्थित थे।

## अखाण यात्रा के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** आस्था के शुभ दिन बंगला पंचांग के अखाण यात्रा के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना किया। चांडिल अनुमंडल के जयदा के प्रसिद्ध बूढ़ा बाबा मंदिर, नीमडीह प्रखंड के पुरियारा व बामनी गांव में स्थित मंगल चंडी मंदिर में श्रद्धालुओं ने मनोकामना पूरी होने व मन्नते मांगने हेतु पुजा अर्चना किया। मन्नते पूरी होने पर मंगल चंडी थान में मिट्टी भराई रस्में पूरी की गई।श्री श्री मंगल चंडी पूजा कमिटी पुरियारा द्वारा आखाण यात्रा के अवसर पर कालाचांद फांकाचांद पुरुलिया द्वारा किछु कथा किछु गान, हाँसी मजाकेर अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यूट्यूब चैनल में मानभूम बंगला के कॉमेडी किंग कालाचांद फांकाचांद ( उत्तम गोस्वामी ) व उनके टीम द्वारा एक से बढ़कर एक हास्य व्यंग बाण से दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनोद राय ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर समाजसेवी अमुल्य महतो, भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रमोहन दास, समाजसेवी सुबोध चंद्र महतो, भाजपा नीमडीह पश्चिमी मंडल अध्यक्ष चिनिबास महतो, दीपक देव महतो व कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## मुरुप में एसटीटीपी महिला श्रमिक प्रशिक्षण सम्पन्न

### ई-श्रम कार्ड का लाभ उठाने हेतु निबंधन करने की अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला प्रखंड अन्तर्गत मुरुप पंचायत सचिवालय में आयोजित राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड (श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,भारत सरकार) क्षेत्रीय निदेशालय-जमशेदपुर के तत्वावधान में एक दिवसीय एसटीटीपी महिला श्रमिक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम का उदघाटन बोर्ड के वरिष्ठ शिक्षा पदाधिकारी राज किशोर गोप ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर विशेष बल देते हुए कहा कि जब तक समाज में महिलाएं शिक्षित एवं जागरूक नहीं होंगी तब तक हम प्रगतिशील समाज की कल्पना को साकार नहीं कर पाएँगे. भारत सरकार द्वारा 26 अगस्त, 2021 से क्रियान्वित ई-श्रम कार्ड का लाभ उठाने हेतु निबंधन कराने की उन्होंने अपील करते हुए कहा कि ग्रामीण श्रम शक्ति के मध्य जागरूकता की कमी के कारण केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ से वंचित रह रहे हैं. कार्यक्रम का संचालन बोर्ड के कार्यक्रम समन्वयक हेमसागर प्रधान ने किया, इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी सरदार, पंसस अनिता प्रधान, पंचायत सचिव सुभाष चन्द्र महतो, उप मुखिया तापस महतो, बीरेन्द्र सिंह सरदार, मित्र राम महतो, कल्पना होता, रामनाथ होता सहित अन्य उपस्थित थे।

संपादकीय

## स्वतंत्रता आंदोलन को समग्रता से देखना आवश्यक

**भारत** के स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता आंदोलन के नायकों पर केंद्रित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के भाषण के बाद से भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को लेकर एक चर्चा देश में चल निकली है। हालांकि, यह चर्चा बहुत पहले से होती आई है कि भारत के स्वतंत्रता आंदोलन को समग्रता से समाज के सामने क्यों नहीं रखा गया? यकीनन यह महत्वपूर्ण प्रश्न है कि हमने भारत के इतिहास को ही नहीं, अपितु अपने स्वतंत्रता आंदोलन को भी क्यों संपूर्णता से नहीं लिखा? इस बहस में जितना अधिक उतरते हैं, उतने नए तर्क, तथ्य, कथ्य और दृष्टिकोण सामने आते हैं। यह कहने और स्वीकार करने में किसी को संकोच नहीं करना चाहिए कि हमारे तथाकथित इतिहासकारों ने राजनीतिक प्रतिबद्धताओं के कारण भारत के इतिहास और उसके स्वतंत्रता आंदोलन को भारतीय दृष्टिकोण से नहीं लिखा। बहुत कुछ लेखन तो राजनीतिक और वैचारिक स्वार्थ साधने के उद्देश्य से लिखा गया प्रतीत होता है। आखिर यह विमर्श देश में कैसे बन गया कि देश की स्वतंत्रता के लिए सारा संघर्ष कांग्रेस ने किया? यह भी कि उस समय की कांग्रेस का संबंध आज की कांग्रेस से कैसे जुड़ गया? कांग्रेस के इतिहास में भी कैसे अंग्रेजों के प्रभाववाला हिस्सा छिपा दिया गया? गृह मंत्री अमित शाह ने ठीक ही तो कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में बड़ी संख्या में व्यक्तियों और संगठनों ने सहभागिता की। सशस्त्र क्रांति की समानांतर धारा के कारण ही कांग्रेस के नेतृत्व वाला अहिंसक आंदोलन प्रभावी हो सका। लेकिन हम जानते हैं कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और उनके समर्थक बुद्धिजीवी अन्य हुआतात्माओं के संघर्ष, बलिदान और योगदान को अधिक महत्व देते ही नहीं हैं। बल्कि कुछ स्वतंत्रता नायकों एवं संगठनों के बलिदान/योगदान को नकारने के लिए ये समूह पूरी ताकत से लग जाता है। हालांकि ऐसा करते समय उन्हें न केवल मुंह की खानी पड़ी है बल्कि इससे उनकी नीयत और निष्ठा भी उजागर हो जाती है। देश की स्वतंत्रता में जिसने भी योगदान दिया है, उसके प्रति हमें कृतज्ञता ज्ञापित करनी चाहिए। हमारे मन वैचारिक खूंटे से बंधकर संकीर्ण हो गए हों, तब भी स्वतंत्रता नायकों की अवमानना का अपराध हमें नहीं करना चाहिए। सबके योगदान का सम्मान करने में बाकी सबके मुकाबले भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय विचार के संगठन आगे खड़े दिखते हैं। राष्ट्रीय विचार के संस्कार का ही प्रभाव है कि गृह मंत्री अमित शाह जब इस विषय पर अपने विचार रख रहे थे तो उन्होंने अहिंसक आंदोलन को भुलाया नहीं। उन्होंने कहा– "मैं यह नहीं कहता कि अहिंसक आंदोलन का भारत की स्वतंत्रता में कोई योगदान नहीं था, या यह इतिहास का हिस्सा नहीं है। अहिंसक आंदोलन ने एक महान भूमिका निभाई, स्वतंत्रता में इसका बड़ा योगदान था। लेकिन यह कहना सही नहीं है कि किसी और का कोई योगदान नहीं था"। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रति यह सम्मान और विनम्रता सबके भीतर होनी चाहिए। परंतु यह लिखते हुए दुःख होता है कि ज्यादातर राजनीतिक दल, वैचारिक समूह और उनके समर्थक बुद्धिजीवियों में इस भाव की अनुपस्थिति है। गृह मंत्री के भाषण के बाद जिस प्रकार से उन्होंने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं, उससे भी उनकी संकीर्ण का प्रकट होती है। उनका यह कहना कि भाजपा के लोग इतिहास बदलने की कोशिश कर रहे हैं, बेतुका और व्यर्थ का है। इतिहास कोई भी बदल नहीं सकता, जो घट चुका है उसे भला कोई कैसे बदल सकता है। हां, इतना अवश्य हो सकता है कि जिस पर इतने वर्षों परदा डाला गया, अब वह भी सामने आ जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू हुए स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के दौरान लोगों ने अपने स्वतंत्रता के आंदोलन को भारतीय दृष्टि से देखना शुरू किया है। ऐसे कई नायक समाज के सामने आए हैं, जिनके योगदान/बलिदान को बिसरा दिया गया था। यह प्रयास और तेज होने चाहिए ताकि हम आपने स्वतंत्रता आंदोलन के पक्ष को नहीं, बल्कि उसे समग्रता से जान सकें।

> सशस्त्र क्रांत की समानांतर धारा के कारण ही कांग्रेस के नेतृत्व वाला अहिंसक आंदोलन प्रभावी हो सका। लेकिन हम जातने हैं कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट और उनके सर्मथक बुद्धिजीवी अन्य हुआतात्माओं के संघर्ष, बलिदान और योगदान को अधिक महत्व देते ही नहीं हैं। बल्कि कुछ तस्वंत्रता नायकों एवं संगठनों के बलिदान/योगदान को नकारने के लिए ये समूह पूरी तातक से लग जाता है। हालांकि ऐसा करते समय उन्हें न केवल मुंह की खानी पड़ी है बल्कि इससे उनकी नीतय और निष्ठा भी उजागर हो जाती है। देश की तस्वंत्रता में जिसने भी योगदान दिया है, उसके प्रत हिमें कृतज्ञता ज्ञातिप करनी चाहिए।

## संस्थाओं से अपनी जिम्मेदारी निभाने की मांग करें, जिन्हें लोकतंत्र में इसी काम के लिए बनाया गया

# जोशीमठ में एकाएक नहीं आई है आपदा, प्रकृति और पर्यावरण की अनदेखी का परिणाम है यह त्रासदी

> सरकार की नीतयिां, उपेक्षाएं एवं विकास की अवधारणा ने ऐसी स्थितयिों को खड़ा कर दिया है कि सरकार की बजाय न्यायालयों को बार–बार अपने डंडे का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। जोशीमठ एवं चंडीगढ़ ऐसी ही स्थितयिों के ताजे गवाह बने हैं। जोशीमठ की भूमि में पड़ी दरारें एक बड़ी त्रासदी के साथ वहां रहने वाले लोगों के जीवन–संकट का कारण बनी है। यह पर्यावरण एवं प्रकृत की उपेक्षा एवं तथाकतिथ अनियोतिज विकास का परिणाम है, ऐसे ही अनियोतिज विकास के कारण चंडीगढ़ जैसे महानगर किसी बड़े संकट को भविष्य में झेलने को विवश न हो, इसके लिये चंडीगढ़ में रिहाइशी इलाकों के स्वरूप में बदलाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह दूरगामी महत्त्व का है।

**पर्यावरण** एवं प्रकृति की दृष्टि से हम बहुत ही खतरनाक दौर में पहुंच गए हैं क्योंकि संभव है कि मानव की गतिविधियां ही इसके विनाश का कारण बन जाएं। आज के दौर में समस्या प्राकृतिक संसाधनों के नष्ट होने, पर्यावरण विनाश एवं प्राकृतिक आपदाओं की हैं। सरकार की नीतियां, उपेक्षाएं एवं विकास की अवधारणा ने ऐसी स्थितियों को खड़ा कर दिया है कि सरकार की बजाय न्यायालयों को बार-बार अपने डंडे का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। जोशीमठ एवं चंडीगढ़ ऐसी ही स्थितियों के ताजे गवाह बने हैं। जोशीमठ की भूमि में पड़ी दरारें एक बड़ी त्रासदी के साथ वहां रहने वाले लोगों के जीवन-संकट का कारण बनी है। यह पर्यावरण एवं प्रकृति की उपेक्षा एवं तथाकथित अनियोजित विकास का परिणाम है, ऐसे ही अनियोजित विकास के कारण चंडीगढ़ जैसे महानगर किसी बड़े संकट को भविष्य में झेलने को विवश न हो, इसके लिये चंडीगढ़ में रिहाइशी इलाकों के स्वरूप में बदलाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने जो फैसला दिया है, वह दूरगामी महत्त्व का है। यह न सिर्फ चंडीगढ़ को एक विरासत के रूप में बचाने की फिक्र है, बल्कि एक तरह से विकास के नाम पर चलने वाली उन गतिविधियों पर भी टिप्पणी है, जिसकी वजह से कोई शहर आम जनजीवन से लेकर पर्यावरण तक के लिहाज से बदइंतजामी का शिकार हो जाता है। आधुनिक राजसत्ताओं को पर्यावरण की दुश्मन मानें तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। आर्थिक एवं भौतिक तरक्की अक्सर प्रकृति एवं पर्यावरण के विनाश का कारण बनती रही है। हमें विकास की कार्ययोजनाएं पर्यावरणीय आधारित बनानी होगी। आज देश ही नहीं, दुनिया में जोशीमठ में खड़े हो रहे व्यापक प्राकृतिक आपदा के संकट से जुड़े सवाल चर्चा का कारण बने हुए हैं। इस संकट के मद्देनजर वहां के लोगों की मुश्किलों को समझा जा सकता है। लेकिन स्थानीय स्तर पर जिस तरह का संकट पैदा हुआ है, उसमें प्राथमिक स्तर पर वहां की सरकार और संबंधित विभागों की जिम्मेदारी बनती है कि वे इसका तात्कालिक और दीर्घकालिक समाधान निकालें। सबसे बड़ी जरूरत है कि जोशीमठ की स्थितियों से सबक लेते हुए सरकार विकास के स्वरूप पर चिन्तन करें। वर्त्तमान में मानव की गतिविधियों से जितनी मिट्टी, पत्थर और रेत अपनी जगह से



हटाई जाती है, वह सभी प्राकृतिक कारणों से हटने वाली कुल मात्रा से बहुत अधिक है। हरेक वर्ष जितने कंक्रीट का उत्पादन किया जाता है उससे पूरी पृथ्वी पर 2 मिलीमीटर मोटी परत चढ़ाई जा सकती है। प्लास्टिक का उत्पादन कुछ वर्षों के भीतर ही इतना किया जा चुका है कि इसके अवशेष माउंट एवरेस्ट से लेकर मरिआना ट्रेंच-महासागरों में सबसे गहराई वाला क्षेत्र तक मिलने लगा है। विश्व के आधे पेड़ काटे जा चुके हैं और बहुत बड़ी संख्या में प्रजातियां मानव की गतिविधियों के कारण विलुप्त हो रही हैं। वायुमंडल से प्राकृतिक कारणों से जितनी नाइट्रोजन हटती है, उससे अधिक औद्योगिक उत्पादन, विकास कार्यों और कृषि से हट जाती हैं। जोशीमठ में खड़ी हुई प्राकृतिक आपदा एकाएक नहीं हुई है, इस प्राकृतिक संकट को महसूस करते हुए वहां हो रहे भूस्खलन और धंसाव की समस्या को लेकर पिछले पचास वर्षों में कई अध्ययन कराए गए, लेकिन उनकी रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। वैज्ञानिकों ने हर बार आगाह किया, लेकिन इसके बाद भौगोलिक-तकनीकी अध्ययन कराने की ओर से आंखें फेर ली गई.। असल में सरकारें न केवल जोशीमठ बल्कि सर्वत्र प्राकृतिक संकटों के समाधान की दिशा में कोई कदम उठाने की बजाय ऐसी ही उपेक्षा एवं उदासीनता बरती है। जोशीमठ एवं अन्य पहाड़ी क्षेत्रों के मसलों को छोटा मत मानिये। ये ऐसे मसले हैं जो आने वाले वक्त में पर्यावरण एवं प्रकृति के साथ-साथ जन-विनाश के साथ सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों को काफी हद तक प्रभावित करेंगे। जोशीमठ के आम जनता को यह हक है कि वह सबसे पहले अपने ऊपर सीधे असर करने वाले इन संकटों के लिये जागरूक होकर स्थानीय स्तर पर उन संस्थाओं से अपनी जिम्मेदारी निभाने की मांग करें, जिन्हें लोकतंत्र में इसी काम के लिए बनाया गया है। दरअसल, जोशीमठ त्रासदी ने लोकतंत्र के इन स्तंभों को लेकर जो सवाल खड़े किए हैं, उन्हें समझने की जरूरत है। विकास एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, हालांकि हर विकास के अपने सकरात्मक और नकरात्मक नतीजे होते है। लेकिन जब पहाड़ी निवासियों के लाभ के लिए विकास किया जा रहा हो, तो पर्यावरण का ख्याल रखना भी उतना ही जरूरी है। अगर बिना पर्यावरण की परवाह किये विकास किया गया तो पर्यावरण पर इसके नकरात्मक प्रभाव उत्पन्न होंगे, जिससे यह उस स्थान पर रहने वाले निवासियों पर भी हानिकारक प्रभाव डालेगा। जनहानि की व्यापक संभावनाओं के साथ-साथ सम्पूर्ण विनाश की आशंकाएं रहती हैं। सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, यह काफी जरूरी है कि हम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठायें। इस तरीके से यह सिर्फ ना वर्तमान के जनसंख्या के लिए लाभकारी होगा बल्कि भविष्य की आने वाले पीढ़ियां भी इसका लाभ ले सकेंगी और यही सतत एवं सकारात्मक विकास का मुख्य लक्ष्य है। इसलिए सतत विकास का पर्यावरणीय आधार अहम है। इसी बात की गहराई को समझते हुए चंड़ीगढ की विरासत एवं भविष्य के पर्यावरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपना दखल दिया है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ शहर के फेज एक में एकल आवासीय इकाइयों को मंजिल आधारित अपार्टमेंट में बदलने पर रोक लगा दी है। अब इस इलाके में एक समान अधिकतम ऊंचाई के साथ मंजिलों की संख्या तीन तक सीमित रहेगी। चंडीगढ़ में जिस स्वरूप में इमारतों का निर्माण कराया, वे आमतौर पर एक अलग संदेश देती हैं। मगर अफसोस की बात यह है कि वक्त के साथ इन इमारतों में भी सुविधा के मुताबिक कई तरह के बदलाव किए गए। जाहिर है, इस तरह के बदलाव केवल सीमित असर नहीं डाल रहे थे, बल्कि विस्तृत होकर शहर के ढांचे एवं पर्यावरण पर भी प्रभाव डालने वाले थे। इसी क्रम में सन 2001 में एक नियम के तहत चंडीगढ़ में आवासीय भूखंडों को अपार्टमेंट के रूप में निर्माण या उपयोग करने की इजाजत दे दी गई थी।

# घरेलू वित्तीय बचत बढ़ाने की जरूरत

> चालू वित्त वर्ष 2022–23 की पहली छमाही में घरेलू वित्तीय बतच सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4 प्रतिशि के बराबर दर्ज की गई है।बीते वित्त वर्ष 2021–22 में यह जीडीपी के 7.3 प्रतितिश के स्तर पर थी। जबकि वर्ष 2020–21 में यह 12 प्रततिश की ऊँचाई पर थी। धनराशि के आँकड़ों के मद्देनजर अप्रैल–सितंबर 2022 में घरेलू वित्तीय बतच 5.2 लाख करोड़ रुपए रह गई, जोकि एक वर्ष पहले की समान छमाही में 17.2 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसे में यदि आने वाली तमिाहियों में बतच में तेजी नहीं आती है तो अथव्यवस्था में खतप और निवेश दोनों प्रभातिव होते हुए दिखाई देंगे। अतएव घरेलू वित्तीय बतच को बढ़ाने के लिए छोटी बतच योजनाओं को ब्याज दर के मद्देनजर आकर्षक बनाया जाना जरूरी है।यद्यपि सरकार के द्वारा जनवरी से मार्च 2023 तमिाही के लिए राष्ट्रीय बतच प्रमाणपत्र (एनएससी), डाकघर सावधि जमा, वरिष्ठ नागरिक बतच योजना सतिह छोटी जमा राशि पर ब्याज दरों में की गई बढ़ोतरी देश के छोटे निवेशकों के लिए सुकूनदेह है, किन्तु महंगाई और जीवन निर्वाहक के बढ़ते खर्चों के मद्देनजर अभी छोटी बतच योजनाओं और अधिक आकर्षक बनाना जरूरी है।

**इस** समय देश में घरेलू वित्तीय बचत बढ़ाने की जरूरत अनुभव की जा रही है। देश की प्रसिद्ध ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 की शुरुआत में यह दिखाई दे रहा है कि महंगाई और खर्च बढ़ने से भारतीय परिवारों की वित्तीय बचत घटकर करीब 30 साल के निचले स्तर पर आ गई है। जहाँ बीती कुछ तिमाहियों में खपत कोरोना के बाद ठहरी ही मांग निकलने और आर्थिक गतिविधियों के रफ्तार पकड़ने से बढ़ी है,वहीं घरेलू वित्तीय बचत का ग्राफ गिरावट का रुझान बता रहा है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली छमाही में घरेलू वित्तीय बचत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4 प्रतिशत के बराबर दर्ज की गई है। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में यह जीडीपी के 7.3 प्रतिशत के स्तर पर थी। जबकि वर्ष 2020-21 में यह 12 प्रतिशत की ऊँचाई पर थी। धनराशि के आँकड़ों के मद्देनजर अप्रैल-सितंबर 2022 में घरेलू वित्तीय बचत 5.2 लाख करोड़ रुपए रह गई, जोकि एक वर्ष पहले की समान छमाही में 17.2 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसे में यदि आने वाली तिमाहियों में बचत में तेजी नहीं आती है तो अर्थव्यवस्था में खपत और निवेश दोनों प्रभावित होते हुए दिखाई देंगे। अतएव घरेलू वित्तीय बचत को बढ़ाने के लिए छोटी बचत योजनाओं को ब्याज दर के मद्देनजर आकर्षक बनाया जाना जरूरी है। यद्यपि सरकार के द्वारा जनवरी से मार्च 2023 तिमाही के लिए राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), डाकघर सावधि जमा, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना सहित छोटी जमा राशि पर ब्याज दरों में की गई बढ़ोतरी देश के छोटे निवेशकों के लिए सुकूनदेह है, किन्तु महंगाई और जीवन निर्वाहक के बढ़ते खर्चों के मद्देनजर अभी छोटी बचत योजनाओं और अधिक आकर्षक बनाना जरूरी है। गौरतलब है कि अब जनवरी 2023 से एनएससी पर 7 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी, जबकि वर्तमान में यह 6.8 फीसदी है। वरिष्ठ नागरिक बचत योजना वर्तमान में 7.6 फीसदी के मुकाबले अब 8 फीसदी ब्याज देगी। 1 से 5 साल की अवधि की डाकघर सावधि जमा योजनाओं पर ब्याज दरों में 1.1 फीसदी तक की वृद्धि होगी। मासिक आय योजना में भी 6.7 फीसदी से बढ़कर 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। ज्ञातव्य है कि इससे पहले 9 सितम्बर को सरकार ने अक्टूबर से दिसंबर 2022 की तीसरी तिमाही में किसान विकास पत्र के ब्याज दर को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7 फीसदी किया था। उल्लेखनीय है कि पिछले करीब ढ़ाई वर्षों में कोविड-19 की आर्थिक चुनौतियों से लेकर अब तक महंगाई की चुनौतियों के बीच देश में आम आदमी, नौकरीपेशा वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के सामने एक बड़ी चिंता उनकी छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर कम रहने की बनी हुई थी। इतना ही नहीं नए वर्ष 2023 में रूस-यूक्रेन युद्ध के जारी रहने, वैश्विक खाद्यान्न उत्पादन में कमी, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा वर्ष 2023 में मौद्रिक नीति को सख्त बनाए जाने से डॉलर की तुलना में रुपए की कीमत घटने की चिंता तथा चीन सहित दुनिया के कई देशों में कोहराम मचा रहे कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रान बीएफ-7 की वजह से वर्ष 2023 में महंगाई बढने की आशंका के बीच नए वर्ष 2023 की शुरुआत में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में वृद्धि छोटे निवेशकों के लिए राहतकारी है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि इस समय देश में वैश्विक चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था की गतिशीलता व कारोबार से कर्ज की मांग तेजी से बढ़ रही है और बैंकों में कर्ज के मुकाबले जमा की धीमी रफ्तार है। रिजर्व बैंक के हाल के आंकड़ों से पता चलता है कि बैंकों की ऋण वृद्धि दर जमा वृद्धि दर की तुलना में डेढ़ गुना से भी अधिक है। ऐसे में सरकारी और प्राइवेट सेक्टर के तमाम बैंकों में बढ़ते हुए ऋणों की जरूरत के मद्देनजर जमा धन राशि बढ़ाने हेतु सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरों में वृद्धि की होड़ लग गई है। ऐसे में छोटी बचत योजनाओं पर ब्याज दर में वृद्धि न्याय संगत दिखाई दे रही है। वस्तुतः देश में बचत की प्रवृत्ति के लाभ न केवल कम आय वर्ग के परिवारों के लिए हैं, वरन पूरे समाज व अर्थव्यवस्था के लिए भी हैं। हमारे देश में बचत की जरूरत इसलिए भी है क्योंकि हमारे यहाँ विकसित देशों की तरह सामाजिक सुरक्षा का उपयुक्त ताना-बाना नहीं है। यद्यपि देश में छोटी बचत योजनाओं में ब्याज दर की कमाई का आकर्षण घटने से वर्ष 2012-13 के बाद सकल घरेलू बचत दर (ग्रास डोमेस्टिक सेविंग रेट) लगातार घटती गई है। लेकिन अभी भी छोटी बचत योजनाएँ अपनी विशेषताओं के कारण बड़ी संख्या में निम्न और मध्यम वर्गीय परिवारों के विश्वास और निवेश का माध्यम बनी हुई हैं। गौरतलब है कि कोई 14 वर्ष पूर्व 2008 की वैश्विक मंदी का भारत पर कम असर होने का एक प्रमुख कारण भारतीयों की संतोषप्रद घरेलू बचत की स्थिति को माना गया था। फिर 2020 में महाआपदा कोविड-19 से जंग में भारत के लोगों की घरेलू बचत विश्वसनीय हथियार के रूप में दिखाई दी। नेशनल सेविंग्स इंस्टीट्यूट (एनएसआई) के द्वारा भारत में निवेश की प्रवृत्ति से संबंधित रिपोर्ट में कहा गया है कि देश के लोगों के लिए छोटी बचत योजनाएँ लाभप्रद हैं। हम उम्मीद करें कि इस समय घरेलू वित्तीय बचत बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर वित्त मंत्रालय के द्वारा तत्परतापूर्वक छोटी बचत की ब्याज दरों में बदलाव हेतु एक और उपयुक्त समीक्षा करके इस बार ब्याज दर बढ़ने से वंचित रहे पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (पीपीएफ) और सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दरों में उपयुक्त वृद्धि की जाएगी। साथ ही करीब पांच करोड़ कर्मचारियों से संबंधित कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) पर वर्तमान में दी जा रही और चार दशक की सबसे कम 8.1 फीसदी ब्याज दर में भी वृद्धि की जाएगी। इससे महंगाई की निराशाओं एवं मुश्किलों के बीच छोटी बचत करने वाले देश के करोड़ों लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई दे सकेगी। साथ ही बचत की प्रवृत्ति बढ़ने से छोटी बचत योजनाओं के बढ़े हुए कोष से अर्थव्यवस्था के लिए लगातार विश्वसनीय निवेश भी बढ़ाया जा सकेगा।



## कुछ अलग

## बदलते समय में ऐसी गणना से क्या डरना

**जातिगत** जनगणना या यूं कहें कि जातिगत सर्वेक्षण की इन दिनों बहुत चर्चा हो रही है, पर चर्चा वैज्ञानिक आंकड़ों की जरूरत के बजाय उन पहलुओं पर हो रही है, जिनका सरोकार सामाजिक न्याय की मंजिल से मीलों दूर है। हाल के दिनों में जब से बिहार के मुख्यमंत्री और उप-मुख्यमंत्री की पहल पर जातिगत जनगणना की शुरुआत हुई, तब से इसके कई पहलू- कुछ मिथक, कुछ अर्द्धसत्य लगातार लोक-विमर्श में लाए जा रहे हैं। इस संदर्भ में एक व्यक्तिगत अनुभव भी साझा करना चाहता हूं। जब संसद में ईडब्ल्यूएस रिजर्वेशन का बिल आया, तब मैंने राष्ट्रीय जनता दल की ओर से कुछ सांविधानिक आपत्तियां उठाई थीं। कई लोगों ने मेरी आलोचना पर आपत्ति की और कई ने व्यक्तिगत हमले भी किए। लेकिन जब माननीय सर्वोच्च न्यायालय में इस पर चर्चा हुई, तो वे तमाम बिंदु प्रकाश में आए, जिनका मैंने अपने भाषण में जिक्र किया था। बहरहाल, अब हम सबके लिए महत्वपूर्ण यह है कि इस निर्णय के आलोक में संविधान की प्रस्तावना के अनुरूप आगे का क्या ब्लूप्रिंट होना चाहिए? सामाजिक न्याय के विस्तार के लिए समझ कैसे विकसित हो? सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने काफी चीजें स्पष्ट कर दी हैं। 'बालाजी जजमेंट' व 'इंदिरा साहनी' मामले के आधार पर 50 प्रतिशत की सीलिंग अब गैर-प्रासंगिक हो चुकी है। वर्षों के सामाजिक न्याय की अवधारणाओं का अगर अवलोकन किया जाए, तो स्पष्ट है कि 1990 के बाद से ही जातिगत जनगणना के स्वर देश के अलग-अलग हिस्सों से आने लगे थे। सनद रहे कि जब मंडल आयोग ने अपनी रिपोर्ट पेश की, तब पिछड़े वर्ग की आबादी 1931 की जनगणना के आधार पर 52 प्रतिशत तय की गई, इसके बावजूद ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण ही तय किया। उसे 50 प्रतिशत की सीलिंग का आदर करना था। अतः अब जातिगत जनगणना को नए नजरिये से देखने की जरूरत है। इस नजरिये की खास तौर पर उन्हें जरूरत है, जो अब तक इस मांग को खारिज करते आए हैं। लालू प्रसाद यादव समेत सामाजिक न्याय की राजनीतिक धारा के अनेक लोगों ने बार-बार कहा कि जातिगत जनगणना से प्राप्त सामाजिक, आर्थिक नतीजे एक देश और समाज के रूप में हमें कई ऐसे पहलुओं से अवगत कराएंगे, जिनसे हम अब तक अनभिज्ञ रहे हैं और इसकी वजह से कई भ्रांतियों व मिथकों ने यथार्थ पर परदादारी की कोशिश की है। बीते साढ़े सात दशक से हम गरीबी, बेरोजगारी खत्म करने और संसाधनों के समुचित वितरण के बारे में सभी सरकारों से सुनते आए हैं। इसके ठीक उलट जातियों व वर्गों के बीच असमानता की खाई चौड़ी होती जा रही है। कई अनुसंधान और अध्ययन बताते हैं कि 10 प्रतिशत से भी कम की आबादी के प्रभुत्वशाली वर्गों ने देश के लगभग 90 प्रतिशत संसाधनों पर कब्जा किया हुआ है। इन समूहों का एक बड़ा वर्ग न सिर्फ राज्य की नीतियों को जनोन्मुख होने से रोकता है, बल्कि जातिगत जनगणना जैसे महत्वपूर्ण विषयों को भी पूर्वाग्रह से देखता है। कई पढ़े-लिखे जागरूक साथी भी बिहार में चल रहे सर्वेक्षण के बारे में यह कहते पाए जाते हैं कि इससे जातिगत उन्माद फैलेगा। इस तरह की टिप्पणियां अपने समाज के एक व्यापक वर्ग की चिंताओं को उदासीन नजरिये से देखने के समान है। आज व्यापार से नीति-निर्माण तक पहले आंकड़े व प्रमाण मांगे जाते हैं। ऐसे में, जातिगत सर्वेक्षण से किसे डर लगता है और क्यों लगता है? केंद्र सरकार का स्वयं मानना है कि ग्रामीण भारत में लगभग 51.4 प्रतिशत दिहाड़ी मजदूर हैं। यह भी बताया गया कि गांवों में 56.25 प्रतिशत लोग भूमिहीन हैं।

## नागरिक बोध

# समाज से कब धुलेगा गैरबराबरी का कलंक

**प्रायः** कहा जाता है एक औरत आगे बढ़ेगी तो समूचा परिवार समाज और राष्ट्र आगे बढ़ेगा। स्त्री को केंद्र में रखकर गढ़ी गई इस उक्ति को समता संतुलन समावेशीकरण के लिहाज से यदि सच मान भी लिया जाए तो गैरबराबरी का कलंक अब तक समाज के दामन से पूरी तरह धुल जाना चाहिए था पर ऐसा परिलक्षित नहीं होता। समाज में आIथक राजनैतिक शैक्षिक और सामाजिक मोर्चों पर भले ही महिलाओं को समान अधिकार देने की पैरोकारी की जाती रही हो लेकिन वास्तविकता मीलों दूर है। हाल ही में ओडिशा की महिला क्रिकेटर के साथ हुई आत्महत्या की घटना इस विमर्श के आधार को और पुख्ता करती है। महिला क्रिकेटर राजश्री स्वाइE की संदिग्ध परिस्थिति में मौत से पार्श्व में उपजे सवाल खेल के क्षेत्र में भेदभाव और अनियमितता के दावों को मजबूत करते हैं। राजश्री के पास मिले सुसाइड नोट में भेदभाव की बात लिखी है। साथी खिलाड़ियों का भी मानना है कि अंतिम रूप से चयनित खिलाड़ियों की सूची में नाम नहीं होने के चलते राजश्री बेहद तनाव में थी। राजश्री ने घर पर फोन कर कहा था कि वह अच्छा खेलती है उसे खुद पर विश्वास है फिर भी उसे मौका नहीं दिया जा रहा। बेहद दुखद और चौंकाने वाली इस घटना ने देश को हतप्रभ कर दिया है। सवाल है क्या ऐसे हालात एक दिन में उपजे हैं। जवाब है नहीं। जाहिर है इसके पीछे सैंकड़ों दिनों की भीषण मानसिक यंत्रणा दमघोटू गलाकाट प्रतियोगिता जीत का दबाव और प्रतिभा के साथ छेड़छाड़ जैसे बिंदू जिम्मेवार रहे हैं। हालात से संघर्ष कर परिवार और समाज से खड़ी खोटी सुनकर बेटियां निषेध की परिधियों को लांघकर किसी तरह खुद को बाहर निकालती है और खेल जैसे क्षेत्र में स्थापित करने का साहस दिखा पाती है। तिस पर भेदभाव असमानता और गैर बराबरी का जहर उनके आत्मविश्वास को इस कदर क्षत–विक्षत करता है कि वे खुद की आत्महंता बन जाती है। राजश्री के मामले में भी यही हुआ है। उपरोक्त घटनाएं इस बात की बानगी है कि देश में युवा प्रतिभाएं मानसिक और भावनात्मक रूप से कमजोर पड़ रही है। असफलता कॅरियर खराब होने का भय और परिवार समाज से दुत्कारने का डर उन्हें मौत के मुहाने तक खींच रहा है।

## देश दुनीया से

## पहले सवर्ण बनने की बड़ी होड़ थी और अब...

**यह** विडंबना है, 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में जाति-व्यवस्था में निचले पायदान पर समझी जाने वाली जातियां जातिगत जनगणना के दौरान स्वयं को ब्राह्मण, क्षत्रिय या सवर्ण घोषित कराने के लिए प्रयासरत थीं, ताकि उनकी जाति को समाज में प्रतिष्ठित स्थान मिल सके। वहीं 21वीं शताब्दी में खासकर मध्यवर्ती, कृषि कार्यों से जुड़ी, अपेक्षाकृत संपन्न, राजनीतिक एवं संख्या बल में ताकतवर जातियां भी आरक्षण का लाभ लेने के लिए पिछड़ों की सूची में शामिल होने को संघर्षरत हैं। 1867-1871 में प्रथम जनगणना के दौरान ही जातियों में स्वयं को जाति-व्यवस्था में उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित करने की प्रकिया प्रारंभ हो गई थी, परंतु 1901 में जनगणना आयुक्त हर्बट रिस्ले ने जब निर्णय लिया कि जनगणना में जातियों की रैंकिंग तथा उसके वर्ण के दावे को भी सूचीबद्ध किया जाएगा, तब जातियों में स्वयं को ऊंची दिखाने की होड़ मच गई। साल 1911 से 1931 तक प्रत्येक जनगणना में निम्न जातियों के लोग स्वयं को सवर्ण घोषित करने के लिए ऊंची जातियों के समान रहन-सहन, आचार-व्यवहार अपनाने लगे। ऐतिहासिक व धार्मिक ग्रंथों के श्रेष्ठ महापुरुषों में अपना मूल स्थापित करने लगे। बनारस में पैसे देकर पंडितों से उच्च जाति होने का फरमान जारी कराया जाने लगा। ऊंची जाति के लोगों ने प्रारंभ में इस बदलाव का विरोध किया। कुछ स्थानों पर हिंसक विरोध भी हुआ। बाद में इस बदलाव के प्रति उदासीन हो गए। 1911 की जनगणना के समय ओ'मल्ले ने अपनी रिपोर्ट में दर्ज किया था कि बंगाल में आम तौर पर लोगों की धारणा थी कि जनगणना का उद्देश्य प्रत्येक जाति की संख्या कितनी है, यह दिखलाना नहीं, बल्कि जाति-व्यवस्था में उनका तुलनात्मक स्थान निर्धारित करना और अपनी सामाजिक श्रेष्ठता स्थापित करना है। खैर, अब समय बदल गया है, पर जनगणना से डरने का कोई सवाल ही नहीं है। जब बिहार कैबिनेट ने इस सर्वेक्षण या गणना का फैसला लिया, तब उसमें भाजपा शामिल थी। विधानसभा और विधान परिषद से प्रस्ताव पारित हुआ, तब भी हम सरकार में थे। साल 2010 में यूपीए सरकार के समय जब संसद में चर्चा हुई, तब भी भाजपा ने ऐसी जनगणना का समर्थन किया था। 2010 में भी जातिगत जनगणना हुई थी, पर उसमें त्रुटियां थीं, गणना अधूरी तैयारी से हुई थी। 5,000 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए थे। बाद में तेलंगाना और कर्नाटक में भी ऐसी गणना हुई, तो इसमें जाति उन्माद पैदा होने का प्रश्न कहां पैदा होता है? समस्या यह है कि जून में एक बार सर्वदलीय बैठक हुई थी और आज तक वैसी बैठक नहीं हुई है, हमारी मांग यही है कि वैसी बैठक बुलाई जाए। प्रश्नों और प्रक्रिया के बारे में राजनीतिक दलों के बीच स्पष्टता होनी चाहिए। जैसे, खबर आई कि उप-जातियों की गणना नहीं की जाएगी। जो वैश्य समुदाय है, उसकी लगभग 32 उप-जातियां ओबीसी सूची में पहले से शामिल हैं। अब सबकी वैश्य के रूप में गणना होगी। निषाद के अंदर ही दस से ज्यादा उप-जातियां हैं, अब सबकी गणना साथ होगी। स्पष्टता होनी चाहिए, वरना कल भ्रम पैदा हो सकता है। शुरुआत में ही गलती हो गई, तो क्या होगा? बिहार 500 करोड़ रुपये खर्च कर रहा है। यह सवाल बार-बार उठता है कि केंद्र सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करा रही? साल 2010 में जब यह मामला उठा था, तब यूपीए सरकार थी, चिदंबरम ने जवाब दिया था कि केंद्र के लिए यह कराना संभव नहीं है, कोई राज्य करवाना चाहे, तो वह स्वतंत्र है। जब 2010 में गणना हुई, तो 47 लाख जातियां, उप-जातियां दर्ज हुईं, जबकि जातियों, उप-जातियों की संख्या 5,000 से ज्यादा नहीं है। केंद्र के लिए यह गणना संभव नहीं है। इस बार भी पूरी तैयारी हो चुकी, तब केंद्र सरकार ने कहा, हमारी बाध्यता है एससी और एसटी कराने की। अगर कोई राज्य विस्तृत गणना चाहे, तो स्वतंत्र है। सबकी सहमति से बिहार सरकार अब गणना करा रही है, लेकिन इसके खिलाफ जो याचिका लगी है, वह अनावश्यक है। यह याचिका टिकेगी नहीं। बिहार सरकार को सुप्रीम कोर्ट में अच्छे वकील रखकर बताना चाहिए कि यह गणना नहीं है, एक सर्वेक्षण है और ऐसा कानून के तहत किसी राज्य के लिए कराना संभव है।

> वहीं 21वीं शताब्दी में खासकर मध्यवर्ती, कृषि कार्यों से जुड़ी, अपेक्षाकृत संपन्न, राजनीतिक एवं संख्या बल में ताकतवर जातियां भी आरक्षण का लाभ लेने के लिए पिछड़ों की सूची में शामिल होने को संघर्षरत हैं। 1867–1871 में प्रथम जनगणना के दौरान ही जातियों में स्वयं को जाति–व्यवस्था में उच्च स्थान पर प्रतिष्ठित करने की प्रकिया प्रारंभ हो गई थी, परंतु 1901 में जनगणना आयुक्त हर्बट रिस्ले ने जब निर्णय लिया कि जनगणना में जातियों की रैंकिंग तथा उसके वर्ण के दावे को भी सूचीबद्ध किया जाएगा, तब जातियों में स्वयं को ऊंची दिखाने की होड़ मच गई।

## संक्षिप्त खबरे

### गणतंत्र दिवस को सफल आयोजन को लेकर बैठक होगी आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड सचिवालय सभागार में मंगलवार17जनवरी को गणतंत्र दिवस को सफल आयोजन एवं मनाने को लेकर बैठक बुलाई गई है। जहां अंचलाधिकारी चिकित्सा पदाधिकारी थाना प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महिला प्रवेशिका प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी वॉल पेंट कस्तूरबा बालिका उच्च विद्यालय चिल्ड्रेन प्राडाईज स्कूल जपुआ प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय विदिशा की दूरी प्रखंड समन्वयक तेजस्विनी गिद्धौर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस गिद्धौर व अनेको विभाग के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को उपस्थित होने के लिए और समय निर्धारित करने के लिए बैठक बुलाई है। इस आशय की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह ने दिया है।

# मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ विकास योजनाओं को लेकर किया बैठक

## श्रम विभाग के लाभुकों के बीच किया गया चेक का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद अध्यक्षता में जिला परिषद, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष की उपस्थिति में जिले में संचालित विकास योजनाओं कि समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक को मंत्री भोक्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि पूरे राज्य में इस तरह की पहली बैठक चतरा में हो रहा है। सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ आपस में बैठकर उनकी समस्याओं और उनकी क्षेत्र की समस्याओं से अवगत होने का यह बेहतर प्रयास है। प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित कर जिले के विकास को गति प्रदान करना है। हमसब जिले के विकास के लिए गम्भीरता पूर्वक प्रयासरत हैं। जिले का समुचित विकास हमारी प्राथमिकता है। श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद के आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद मद, पंचायती राज (15 वें वित्त आयोग अंतर्गत संचालित योजना), नगर परिषद मद से संचालित योजनाओं से संबंधित कार्यों कि प्रगति प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए उन्होने कहा कि वैसे योजनाएं जिसका कार्य लगभगत पूर्ण की ओर है उस कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करें तथा वैसे कार्य जो अभी तक लंबित है उसपर नियमानुसार कार्रवाई करने को लेकर निर्देशित किया गया। बैठक में मंत्री द्वारा उपस्थित सभी क्षेत्र के जिला परिषद, नगर परिषद, जनप्रतिनिधियों एवं बीस सूत्री उपाध्यक्ष समेत अन्य सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र में चल रहे विकास का कार्य एवं समस्याओं को लेकर सुझाव देने को लेकर आमंत्रित किया गया। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास से संबंधित समस्याओं एकमंत्री को अवगत कराया गया। इसे लेकर माननीय मंत्री ने उपस्थित संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य हो सके। बैठक के पश्चात मंत्री द्वारा श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं अन्तर्गत यथा प्रवासी श्रमिक योजना, मृत्यु, दुर्घटना सहायता योजना, चिकित्सा सहायता योजना, मुख्यमंत्री छात्रवृति योजना से लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता हेतु झारखण्ड कौशल विकास मिशन सोसाईटी के तहत मुख्यमंत्री सारथी योजना अन्तर्गत सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से रवाना किया गया। यह रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। बैठक में उपायुक्त अबु इमरान, पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला परिषद अध्यक्ष ममता कुमारी, जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, नगर परिषद अध्यक्ष गुंजा देवी समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ साथ जिला के सभी




### दैनिक पत्रकार शैलेश कुमार के पिता विनय प्रसाद गुप्ता को चंडी गढ़ में इलाज के दौरान निधन



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया आंचलिक दैनिक पत्रकार शैलेश कुमार के पिता विनय प्रसाद गुप्ता के चंडी गढ़ में इलाज के दौरान सोमवार सुबह 8 बजे अचानक निधन हो गया है। जिसे लेकर सिमरिया पत्रकार से लेकर परिजनों व गाँवों में शोक की लहर है। 60 वर्षीय मृतक विनय प्रसाद गुप्ता को पिछले दिनों ब्रेन हेमरेज हो गया था। जिसे लेकर उन्हें पुत्र शैलेश कुमार और उनके परिजनों ने रांची रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के परामर्श के अनुशार बेहतर इलाज के लिए चंडीगढ़ एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज जारी था। इलाज के दौरान उन्हें सोमवार सुबह 8 बजे उनका निधन हो गया। हालांकि उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव सिमरिया लाने की तैयारी की जा रही है।

### हाईवा के चपेट में आने से सीकरी गाँव निवासी सुदामा की मौत

**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सिकरी गाँव निवासी 33 वर्षीय सुदामा महतो पिता चुल्हन महतो का बीते रात्रि हाईवा के चपेट में आने से घायल हो गया था। जहां परिजनों के सहयोग से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुशार मृतक सुदामा अपने पुराने घर से निर्माणधीन मकान मण्डप के समीप आ रहा था। इसी दौरान हाइवा नम्बर जेएच 13 ई 2486 छर्री लेकर आ रहा था और अनियंत्रित होकर अपने चपेट में ले लिया। घटना को लेकर मृतक सुदामा की पत्नी यशोदा देवी ने सिमरिया थाना में आवेदन देकर उक्त हाईवा पर प्राथमिक दर्ज कराई है। जानकारी के अनुशार सुदामा के चार छोटे छोटे बच्चे भी हैं अब उनका कोई सहारा नहीं है। जबकि मृतक सुदामा मजदूरी कर अपना जीवन निर्वाह करता था। वह काफी निर्धन व गरीब था। हाल हीं में किसी तरह छोटा घर निर्माण कर रहा था। जो उसका किस्मत भी साथ नहीं दिया। अपने पति के इस तरह मौत से पत्नी यशोदा को हालत गम्भीर है।इधर मौत की खबर से सिकरी गाँव में मातम का माहौल है और सभी मर्माहत है। घटना की जानकारी मिलते हीं सिमरिया पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है।

## गांव के बच्चे नेतरहाट में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

# सांसद खेल स्पर्धा नेतरहाट में टंडवा के 15 बच्चे लेंगे भाग : सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सांसद खेल स्पर्धा (एथलेटिक्स मीट) 18 से 20 जनवरी तक नेतरहाट में संपन्न होगा। जिसमें चतरा लोकसभा क्षेत्र के 27 प्रखंड के लगभग 600 प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेंगे। इस सांसद खेल स्पर्धा (एथलेटिक्स मीट) में टंडवा प्रखंड के 15 बच्चे खिलाड़ी के रूप में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। शिव शंकर, महेश गंझू, किरण कुमारी ( उच्च विद्यालय मिश्रौल), विकास कुमार (खधैया), प्रकाश गंझू (हेसातु), संतोष कुमार (+2टंडवा), सकुन कुमारी (टंडवा), संतमणि कुमारी, निशु कुमारी (बड़गांव), अमित कुमार, रीना कुमारी (बेंती), राहुल कुमार, पूजा कुमारी, रूमा कुमारी (बचरा) के बच्चे इस आयोजित खेल स्पर्धा में भाग लेंगे। ये सभी बच्चे 18 तारीख को सुबह 7 बजे एक जगह एकत्रीकरण होंगे और फिर बस वाहन से नेतरहाट के लिए रवाना होंगे। टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि बच्चे नेतरहाट में पहुंचकर वहां के परिवेश से न केवल परिचित होंगे बल्कि उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने का भी अवसर मिलेगा। सांसद सुनील कुमार सिंह का सोच है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे अपनी प्रतिभा को गांव से आगे राज्य स्तर और फिर राष्ट्रीय स्तर पर दिखा सकें, इसलिए ऐसा आयेजन किया गया है। सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने बच्चों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामना दिया है।



# लावालौंग में पोस्ते के फसल पर पुलिसिया चाबुक, खेती पर चला ट्रैक्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** थाना क्षेत्र में सक्रिय अफीम माफियाओं के विरुद्ध लगातार एक्शन में हैं, थाना प्रभारी तथा वन विभाग एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर वन विभाग और लावालौंग पुलिस के अधिकारियों के साथ मिलकर पुलिस अफीम के उत्पादन व ट्रांसपोर्टिंग के गैर-कानूनी काले धंधे से जुड़े गिरोह के सदस्यों पर शिकंजा कस रही है। लावालौंग पुलिस ने अभियान के तहत वन विभाग के सहयोग से थाना क्षेत्र के सिलदाग पंचायत अंतर्गत दूनू गांव से सटे वनक्षेत्र में अफीम माफियाओं के संरक्षण में वन भूमि पर लगाए गए पोस्ते के अवैध फसल को अभियान चलाकर विनष्ट किया। थाना प्रभारी पुलिस नन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची पुलिस व वन विभाग की संयुक्त टीम ने करीब चार एकड़ से अधिक वन भूमि में लगे अवैध पोस्ते के फसल को ट्रैक्टर चलाकर विनष्ट किया है। साथ ही ग्रामीणों को बहकावे में आकर गैरकानूनी कृत्यों में संलिप्त होकर अपना व अपने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ नहीं करने की अपील की है। मौके पर थाना प्रभारी ने अफीम व पोस्ते से होने वाले नुकसान के साथ-साथ कानूनी उलझनों के प्रति भी ग्रामीणों को जागरूक किया। थाना प्रभारी ने पुलिस के बजाय जागरूकता अभियान के बावजूद अफीम तस्करों का साथ देने वाले ग्रामीणों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। अभियान में वन रक्षी रवि नायक, दुर्गा प्रसाद महतो, सिकन्दर कुमार यादव, विजय कुमार के साथ साथ जिला पुलिस वन विभाग के कर्मियों समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



### हंटरगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में लगभग 4 एकड़ में लगे पोस्ते की खेती को किया गया नष्ट



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने गैर कानूनी काम करने वालों के विरुद्ध एक तरह का अभियान चला रखा है। उनके निर्देशन एवं अभियान का परिणाम है की थाना क्षेत्रों में अवैध धंधा करने वाले सकते में हैं। ज्ञात हो की सोमवार को हंटरगंज थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी के नेतृत्व में थाना के सशत्र बल एवं वन विभाग की संयुक्त अभियान में थाना क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र कौलेश्वरी जोन के ग्राम हटवरिया के सतबनवा जंगल में लहलहराहे पोस्ता को नष्ट किया गया है।इस अभियान में लगभग 4 एकड़ भूमि में लगे पोस्ते की खेती को नष्ट किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया की सुदूरवर्ती और जंगली क्षेत्र होने के कारण ग्रामीण पोस्ता की खेती उपजा रहे थे। पोस्ते की खेती करने वालों को पुलिस चिन्हित प्रभात मंत्र संवाददाताकरने में जुट गई है। चिन्हित कर अवैध पोस्ता की खेती करने वालों के विरुद्ध कानून सख्ती से निबटने का काम करेगी। बहुत जल्द अवैध धंधा करने वाले सलाखों के पीछे होंगे।

# जिप सदस्य ने श्रम मंत्री से की सड़क बनाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड क्षेत्र के पूर्वी क्षेत्र के जिप सदस्य रोहिणी देवी ने श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को आवेदन देकर सड़क बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि डाडी चौक से लेकर तेतर मोड़ तक की सड़क बेहद जर्जर हो चुकी है। जिसमें पैदल चलना भी मुश्किल है। सड़क जर्जर होने के कारण आए दिन दुर्घटना जैसी घटना घट रही है। जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। यह सड़क डाड़ी पुंडरा और एदला गाँव को जोड़ती है। इस सड़क से कई गाँव के किसान अपने उपजे फसल को मुख्यालय तक पहुंच आय का स्त्रोत बनाते है। चुकी सभी गाँव कृषि प्रधान क्षेत्र है। किसान इसी सड़क से उत्पादित फसलों को बाजारों तक पहुंचाते हैं। इस सड़क पर उच्च विद्यालय से लेकर प्राथमिक विद्यालय तक अवस्थित है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई वर्षो से ग्रामीण सड़क बनाने की मांग यहां के ग्रामीण करते आ रहे हैं, किंतु अब तक नतीजा शून्य है। उन्होंने मंत्री और उपायुक्त से उक्त सड़क को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेकर मरम्मत करवाने की मांग की है।

# कंचनपुर में रुद्र महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत पंचायत केचकी के ग्राम कंचनपुर में पांच दिवसीय रूद्र महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा में क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह शामिल हुए। मौके पर विधायक ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से मानसिक तनाव दूर होती हैं और मन को शांति मिलती है। साथ ही आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहता है सामाजिक समरसता भाईचारा कायम रहता है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह, युवा नेता विजय बहादुर सिंह,जिप सदस्य संतोषी शेखर, मुखिया बुद्धेश्वर सिंह पंसस आरती देवी, यज्ञ समिति के सौदागर सिंह, विकास सिंह, विजय ठाकुर, मिथिलेश सिंह, अनिल सिंह, संतोष सिंह, जिबोध सिंह, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ईश्वरी सिंह समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# उप मुखिया पति ने प्रधानाध्यापक को स्कूल से हटाने की धमकी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बभनडीह स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामनाथ राम को खुरा पंचायत के उप मुखिया पति अंतु साव के द्वारा हमेशा के लिए स्कूल से हटाने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक रामनाथ राम ने बरवाडीह थाना और बीडीओ राकेश सहाय को आवेदन दे कर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सदस्यों ने दिनांक 02-1-2023 को विद्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे उन्होंने शौचालय की स्थिति पर नाराज़गी जताई। पुछताछ के दौरान बताया गया कि खुरा पंचायत के उप मुखिया पति अंतु साव जो पूर्व में विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष थे उन्हें शौचालय मरम्मती कार्य कराने के लिए 5000 रुपए दिए गए थे। जहां यह मामला उजागर होने के बाद अगले दिन अंतु साव अपनी पत्नी के साथ विद्यालय पहुंचे और धमकी देते हुए बोले कि ज्यादा काबिल मत बनिए नहीं तो यहां से हमेशा के लिए हटा देंगे। वहीं इस संबंध में अंतु साव ने कहा कि ये आरोप बेबुनियाद है, मैंने स्कूल का निरीक्षण करने गया था।

### सिंघानी पंचायत में जलमीनार ख़राब ग्रामीण पानी किल्लत से परेशान



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सिंघानी के भुईयां टोला में लगभग धर के 200 परिवार के लोग निवास करते हैं सभी लोग गरीब परिवार से जीवन यापन भरण पोषण के लिए प्रदेश जाकर मजदूरी का काम करते हैं ठीक उसी प्रकार एक आम इंसान को पानी की जरूरत पड़ती है सिंघानी के हरिजन मुहला में पानी पीने के लिए तरस रहे हैं हालांकि मोहल्ले में चापाकल है जो बहुत कम मात्रा में पानी देता है ग्रामीणों को कहना है कि लोग वहां पानी पीने या अन्य कार्य करने के लिए चापाकल में ठीक मात्रा में पानी नहीं हो पाती है जिसे ग्रामीणों को पानी की समस्या बनी हुई है ग्रामीणों ने बताई की विगत 3 साल पहले लगाया गया सोलर पैनल ठीक एक साल चला जिसके बाद खराब होते गया और विभाग द्वारा बनाया भी गया लेकिन काफी महीने से खराब होने के कारण अभी तक इसका देखभाल या मरोमती का कार्य भी विभाग के द्वारा नहीं किया गया जिसके कारण आम ग्रामीणों का समस्या बना हुआ है झारखंड सरकार का कहना है जल नल योजना के तहत हर घर नल के द्वारा पानी दिया जाएगा लेकिन सरकार का वादा सिर्फ वादा बनकर रह गया ग्रामीणों का कहना है कि जब चुनाव का समय आता है तो ग्रामीणों को लुभाने के लिए हर तरह का प्रलोभन देकर वोट लेने का काम करते हैं पर जब समस्या आती है तो इन्हें देखने के लिए कोई नहीं ऐसे में गरीब परिवार इस साथ मजाक बनकर रह गया।

# चतरा कॉलेज में सत्र 2022- 24 की बी.एड. प्रशिक्षुओं का हुआ भव्य स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा कॉलेज, चतरा के बी.एड. संभाग में सत्र 2022-24 के नए बी.एड. प्रशिक्षुओं का जोरदार स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह का आयोजन सत्र 2021- 23 के बी.एड. प्रशिक्षुओं के द्वारा किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता बी.एड. संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह ने किया। नए प्रशिक्षुओं का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर उनका बी.एड. संभाग में प्रवेश कराया गया, उनके प्रवेश के बाद मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में प्रो.ग्लोरिया ग्रेस होरो, प्रो.प्रेम बसंत बाखला, प्रो. शोभा कुजुर, प्रो .चंदन कुमार सिंह, डॉ.मो.मुमताज अंसारी, डॉ. संजय कुमार, प्रो. अमित कुमार सिंह, एवं नए सत्र 2022- 24 तथा 2021- 23 के सभी प्रशिक्षु मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन अमन कुमार एवं सोविता श्रीवास्तव ने किया। प्रो. प्रेम बसंत बाखला ने अपने संबोधन में सभी नए बी.एड. प्रशिक्षुओं का हार्दिक स्वागत किया तथा उनके पठन- पाठन एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी नए बी.एड प्रशिक्षुओं को स्वागत गीत के साथ अभिनंदन किया गया। प्रोफेसर चंदन कुमार सिंह ने बी. एड़ पाठ्यक्रम की सभी विषयों पर चर्चा की तथा अपना मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो अधिकतर नागपुरी से जुड़े रहें और झारखंड की माटी की याद दिलाई। कार्यक्रम मे अनेकों नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किए गए जिसने सभी का मन मोह लिया। मंच पर मंचासीन सभी विद्वानों ने अपने अपने स्तर से सभी का मार्गदर्शन किया एवं नए बी.एड प्रशिक्षुओं का हार्दिक स्वागत किया, साथ ही इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सत्र 2021-23 के बी.एड प्रशिक्षुओं को धन्यवाद दिया। विभागाध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में सभी का स्वागत किया एवं कार्यक्रम के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया साथ हीं शिक्षक एवं शिक्षार्थियों को एक- दूसरे से परिचित कराया। विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि यह चतरा कॉलेज का पवित्र स्थान अनुशासन एवं स्वतंत्रता के उद्गम स्थल है जहां से निकलने वाली प्रेम रुपी संस्कार आपको अपनी मंजिल तक पहुंचाने का काम करेगी।अतीत की जानकारी एवं अनेकों उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षुओं को अपनी महान भारत की सभ्यता एवं संस्कृति पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए,कहा की संस्कृति से ही हमारी पहचान है और हर हाल में इससे समृद्ध करना हमारा परम् कर्तव्य है। एक सुंदर कविता के माध्यम से यह बताया कि अगर वर्तमान और भविष्य के अनुसार अपने आप को परिवर्तनशील ना बनाएं तो यह 21 वीं सदी की धरती है खुशियां ढूंढते रह जाओगे और सभी को असीम शुभकामनाएं दिए।साथ ही खेल के द्वारा नए बी.एड प्रशिक्षुओ में से मिस्टर फ्रेशर्स और मिस फ्रेशर्स का चुनाव किया गया।सभी नए बी.एड प्रशिक्षुओं को स्वागत स्वरूप उपहार भेंट की गई। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन प्रो. ग्लोरिया ग्रेस होरो ने किया और सभी को अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दोनो सत्र के प्रशिक्षुओं का अहम योगदान रहा है।




# रैयतों ने ठप कराया कोल ट्रांसपोर्टिंग, डिस्पैच व उत्पादन, सीसीएल को करोड़ो का नुकसान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र के विस्थापित रैयतो की सात सूत्री मांगो के समर्थन में रैयत विस्थापित मोर्चा द्वारा अनिश्चितकालीन पिपरवार बंदी आज से शुरू हो गई है। अभियान के तहत अहले सुबह मोर्चा के लोग सड़क पर उतर कर सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और घूम-घूमकर पूरे सीसीएल क्षेत्र का कामकाज बंद कराया। मोर्चा के इस बंदी के कारण सीसीएल की रीढ़ माने जाने वाली पिपरवार एरिया में कोयला उत्पादन, ढुलाई और डिस्पैच का काम पूरी तरह से बंद हो गया है। पिपरवार के राजधर, बचरा और आरसीएम साईडिंग से रैक लोडिंग और डिस्पैच का कार्य बंद होने से सीसीएल के अलावे रेलवे को भी करोड़ो रूपये का नुकसान हो सकता है। इधर अशोका में सुरक्षा कर्मियों और बन्द समर्थकों के बीच तनाव देखी गई।खदान का काम बंद कराने जा रहे है मोर्चा के लोगों को सुरक्षा कर्मियों ने अशोका पीट ऑफिस के समक्ष रोक दिया। जिसके बाद जमकर बवाल हुआ। जिसके बाद बंद समर्थकों ने आक्रोश प्रकट करते हुए प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बंद से निपटने के लिए स्थानीय प्रबंधन द्वारा भी व्यापक तैयारी की गई है। औद्योगिक गतिविधियों की सुरक्षा में सीआईएसएफ और स्थानीय पिपरवार पुलिस पूरी तरह तैयार नजर आई।

### चिरचिरोना बागी में किया गया बनभोज सह स्वागत समारोह, रूपरेखा पर किया गया विचार




**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के ब्लॉक के समीप चिरचिरोना बागी में एक दिवसीय बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी ने किया किया। बैठक में बनभोज सह स्वागत समारोह पर काफी चर्चा चली जिसमे प्रखंड अध्यक्ष विनोद दांगी ने बताया की इस कार्यक्रम को सिमरिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक किशुन दस द्वारा रखा गया है।जो गिद्धौर के कुलेश्वरी मंदिर के प्रांगण के समीप होगा।इस कार्यक्रम की तिथि 25/01/2023 को होगा। जिसमे सिमरिया, टंडवा, लोवालंग में भी किया जाना है। इस कार्यक्रम में बूथ अधक्ष और जनसंघ कार्यकर्ताओं को स्वागत सामान किया जाना है। जो 1984 ईसवी में जनसंघ का स्थापना हुवा और उसे सिचने में इन सभी कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहा।साथ में सांसद प्रतिनिधि अमित तिवारी ने बताया की चतरा लोक सभा सांसद सुनील सिंह द्वारा एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता आयोजित नेतरहाट में त्रिस्तरीय प्रतियोगिता होगी जो जिला टॉप करने के बाद राज्य ,फिर अंतर्राष्ट्रीय लेवल पर लियाजाएगा पत्थलगड़ा प्रखंड से नवाडीह ऊंच विद्यालय से 6 पत्थलगड़ा जनताऊंच विद्याल +2 से 3 तेतरिया उत्कर्मित विद्यालय से 3 कस्तूरवा आवासीय विद्यालय से 2 कुबा ऊंच विद्यालय से 1 बच्चा को लिया गया है। सभी मिला कर 15 बच्चे है। अमित तिवारी ने बताया इन सभी को लेने के लिए बस आएगी जो सुभाष चौक से नेतरहाट जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### राजगीर की तर्ज़ पर हो कनहरी पहाड़ी क्षेत्र में ग्लास ब्रिज का निर्माण : रंजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन को ट्वीट कर बिहार के राजगीर की तर्ज पर जिले के कनहरी पहाड़ क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करते हुए ग्लास ब्रिज बनाने की मांग की। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की कनहरी पहाड़ की प्राकृतिक खूबसूरती अनोखी है और पहाड़ी क्षेत्र से प्रकृति के नैसर्गिक सुंदरता का दृश्य अद्भुत और विहंगम दिखता है। यहां ग्लास ब्रिज बनाने से इस क्षेत्र से पर्यटकों का जुड़ाव बढ़ेगा और सरकार को भी बड़े राजस्व की आमदनी होगी ।विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने कहा कि कनहरी क्षेत्र के विकास को लेकर विधायक मनीष जायसवाल हमेशा प्रयासरत रहें हैं और सदन पटल पर मुखरता से इस मामले को उठाते रहें हैं ।

### रशियन हॉस्टल से टेरपा तक सड़क का होगा मज़बूतीकरण एवं चौड़ीकरण

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रशियन हॉस्टल से लेकर टेरपा तक की सड़क मज़बूतीकरण और चौड़ीकरण किया जाएगा।जिसकी जानकारी देते हुए भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र कुमार महतो ने बताया कि पतरातू माननीय सांसद जयंत सिन्हा की अनुशंसा पर एनटीपीसी रशियन हास्टल से शाहीटॉड रोचाप(डोकाटॉड)से होते हुए ग्राम टेरपा तक लगभग 5.60 किलोमीटर सड़क का मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण पथ का निर्माण किया जाएगा। जिसमें लगभग 3.50 (तीन करोड़ पचास लाख)की स्वीकृति प्रदान कर निविदा जारी करने का आदेश जारी कर दिया है। क्षेत्र के दौरे के क्रम में सांसद महोदय को ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए पहले ही आवेदन दिया था। ज्ञात हो कि इस पथ का स्थिति अत्यंत ही जर्जर हो गयी थी। इस पथ से दर्जनों गांव ग्राम टिलैयाटांड़ शाहीटॉड डाडिडिह रोचाप डोकाटॉड टेरपा टॉकीसूद कीरीगढ़ा और पारगढा आदि गांव के लोग लाभान्वित होंगे।

### बच्चों के बीच पोशाक का वितरण

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दौरवा खास में कक्षा एक एवं द्वितीय में नामांकित छात्रों के बीच दो जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता का वितरण किया गया। पोशाक वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख मनोज कुमार रजक शामिल हुए। इस मौके पर प्रमुख मनोज कुमार रजक ने कहा कि सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आएं तथा उनके बीच समानता का भाव हो, इसके लिए सभी बच्चों को सरकार द्वारा पोशाक उपलब्ध कराया जाना सार्थक कदम है एवं पोशाक मिलने से बच्चो में खुशी देखने को मिला। महिला नेत्री ममता देवी ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य है। बच्चों के शिक्षा पर लोगों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। प्रधानाध्यापक सुनील उरांव ने कहा कि स्कूल के शिक्षक बच्चों के शिक्षा के प्रति कटिबद्ध है। उन्होंने अभिभावकों से ससमय बच्चों को स्कूल भेजने की अपील की। मौके पर प्रधानाध्यापक सुनील उरांव, ग्रामीण में महावीर ठाकुर, जगदीश प्रजापति, फूलचंद सिंह, परमेस्वर सिंह, प्रेम सिंह, सुनील उरांव, रूपलाल सिंह, फगनी देवी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### चंद्रप्रकाश ने की बाल कलाकार अर्थव को वोट करने की अपील

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के झील रोड निवासी सत्येंद्र बख्शी के सुपुत्र 10 वर्षीय अर्थव बख्शी सारेगामा मे धमाल मचा रहा है। अर्थव कार्यक्रम के छठे पायदान पर पहुंच चुका है।हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने हजारीबाग के लाल अर्थव बख्शी के पक्ष में वोटिंग करने की अपील की है। वोटिंग की प्रक्रिया रविवार रात 9 बजे से बुधवार सुबह तक खुली है। 9152915223 पर मिस कॉल कर अर्थव को वोट किया जा सकता है।श्री जैन ने कहा कि हम सभी का वोट ही अर्थव के लिए आशीर्वाद होगा। अर्थव महज 10 वर्ष का है और अपनी गायन कला से हजारीबाग झारखंड ही नहीं पूरे देश में अपना नाम और अपने शहर का नाम रोशन कर रहा है।

## खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** ज़िला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की मासिक समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा खनन माफियाओं पर योजनाबद्ध तरीके से लगातार संयुक्त कारवाई किया जाए। सभी संबंधित विभाग बेहतर तालमेल से अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित और संयुक्त अभियान चलाए। साथ ही कारवाई किए गए अवैध खनन वाले स्थान पर पुनः अवैध गतिविधि न हो इसके लिए उक्त स्थलों की समय-समय पर मॉनिटरिंग करते रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर खनन माफियाओं पर कार्रवाई करें। माफियाओं पर कार्रवाई के दौरान पर्याप्त मात्रा में बल पुलिस बल की उपलब्धता कराई जाएगी।

समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता विद्युत को इचाक अंचल के सडाम मौजा तथा पदमा प्रखंड के सोनपुरा में अवैध क्रशर के समीप अवस्थित ट्रांसफार्मर को हटाने का निर्देश दिया गया। सीसीएल तथा एनटीपीसी के माध्यम से कोयला परिवहन में लगे वाहनों से प्रदूषण की रोकथाम निवारण एवं मानकों के अनुरूप सुरक्षात्मक परिवहन नियमों की अवहेलना करने वाले वाहनों पर जिला परिवहन पदाधिकारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा बड़कागांव, केरेडारी वन क्षेत्र में अवैध कोयले के खनन भंडारण, साथ ही बड़कागांव, केरेडारी, विष्णुगढ़ क्षेत्र में नदियों से अवैध बालू उत्खनन व ट्रैक्टर, हाईवा से बालू का परिवहन पर रोकथाम के लिए अंचल अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया।

## जिले में चल रहे विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को समहारणराल रामगढ़ के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में उप विकास आयुक्त रामगढ़ नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियो, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियो के साथ जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सर्वप्रथम उप विकास आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत वितीय वर्ष 2022-23 में लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति, प्रथम क़िस्त का भुगतान, आवास पूर्णता, अंतिम क़िस्त का भुगतान एवं लंबित आवासों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी पूर्ण एवं संचालित योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने जिले के प्रत्येक गांव में ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उनमें मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में असंतोष व्यक्त करते हुए क्रमशः मांडू, पतरातू एवं गोल के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

## बहेरा पंचायत के विभिन्न विद्यालयों में बाल सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** सोमवार को ग्राम पंचायत बहेरा के अंतगर्त बहेरा,फुसरी,कजरी व पिपरा में स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विधालय मे उच्च अधिकारी के आदेशानुसार सभी विधालय में बाल सभा का आयोजन बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो के अध्यक्षता मे किया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण ,पंचायत सचिव चिंतामनी राम,उपमुखिया शिवचंद मुर्मू,वार्ड सदस्य आशामुनि मुर्मू, प्रियंका मुर्मू ,पुनम



कुमारी,अजहरुदीन अंसारी,समाज सेवी शंकर भोगता,विनोद केशरी, जावेद अली,रोशनी देवी ,लालो मुर्मू,पं.स.स.शाक्ती देवी, अभिभावकगण समेत छात्र व छात्राएं उपस्थित हुए।

## दुलमी के सिरु टुसू महोत्सव व किसान सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के सिरू बुध बाजार पंचायत सचिवालय के समीप टुसू महोत्सव व किसान समारोह आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो शामिल हुए। मुख्य अतिथि ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा किसानों का मान सम्मान हमेशा मिलने का काम करेगा रामगढ़ विधानसभा के विकास के लिए हमेशा कृत संकल्पित है और पूरे विधानसभा में विकास का काम किया जा रहा है। रामगढ़ विधानसभा में विकास के लिए एकजुटता का



परिचय दें और यहां के विकास को मजबूती प्रदान करने में साथ दें। इस मौके पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसको मुख्य अतिथि बजरंग के द्वारा दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया इस मौके पर विधायक मत से सिरू चौक में स्ट्रीट लाइट का स्विच ऑन कर उद्घाटन भी किया गया जिसमें गीत व नृत्य के साथ मांदर की थाप पर कलाकारों ने दर्शकों को खूब झुमाया ।इस मौके पर दर्जनों किसानों को पीला गमछा ओढाकर स्वागत किया। इस मौके पर दुलमी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली, बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर कुमार मंगलेश ,गौरी शंकर महतो लूमनाथ महतो, मेहताब राही, पूर्व मुखिया हरिवंश महतो, कांग्रेसी वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर पटवा, उतम महतो,पवन महतो,रूपेश महतो, प्रदीप महतो , विकास महतो, विनोद ठाकुर, परमानंद सिंह सत्यरंजन महतो, प्रयाग महतो,कैलाश महतो,लिलेशवर महतो, सहित भारी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

## आमसभा के माध्यम से किया गया पंचायतों में योजनाओं का चयन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सोमवार को ग्राम सभा आयोजित कर योजनाओं का चयन किया गया। डहरभंगा पंचायत के शिव मंदिर परिसर बौधा में, धरमपुर पंचायत के जरूवाडीह में, झरपो पंचायत के लोधी में, टाटीझरिया के बेरहो में, डुमर के केशोडीह में स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में आम सभा हुई। इसमें पंचायत के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर चयन किया गया। मुखिया रेखा देवी, कांति देवी, शिबू प्रसाद सोनी, सुरेश यादव, ममता देवी ने बताया कि ग्राम पंचायत में पंचायती राज अधिनियम के तहत गांव के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए योजनाओं को धरातल पर कार्य करने का निर्णय लिया गया। ग्राम पंचायतों में जीपीडीपी के माध्यम



से योजनाओं का चयन करना अनिवार्य है। बताया गया कि सरकार द्वारा पंचायतों को मिलने वाली राशि अब ग्राम पंचायत विकास योजना के आधार पर दिया जाएगा। ग्राम सभा में मुख्य रूप से मनरेगा, स्वास्थ्य, पीसीसी, पेयजल आदि योजना पर विस्तृत रूप से चर्चा कर लोगों को जानकारियां दी गई। मौके पर वार्ड सदस्य, रोजगार सेवक, व अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा ने दुलमी चटाग में संगठन मजबूती को लेकर बैठक किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** भारतीय जनता पार्टी दुलमी प्रखंड में ग्राम चटाक पंचायत ईचातू पंचायत कहा शक्ति केंद्र प्रमुख एवं संयोजक सह संयोजक काह बैठक किया गया बैठक कि अध्यक्षता शक्ति केंद्र प्रमुख बाल्मीकि पहान ने किया और सभा संचालन बूथ अध्यक्ष सरिता देवी ने किया इस बैठक में मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र महतो एवं दुलमी मंडल के सांसद प्रतिनिधि इंद्र देव साव उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि पंना प्रमुख बनने को लेकर



किया गया।मोके पर पंचायत के सभी बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे सुधाकर महतो द्वारिका करमाली कुमुद किशोर प्रसाद सबिता देवी सुषमा देवी यशोदा देवी द्वारिका करमाली जागेश्वर महतो एससी मोर्चा अध्यक्ष रंजीत कुमार नायक आदि मौजूद थे।

## सदर विधायक ने देवड़ी मंदिर में की पूजा अर्चना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधायक मनीष जायसवाल व्यक्तिगत कार्यों से जमशेदपुर से लौटने के क्रम में अपने मित्रों के साथ सोमवार को देवड़ी मंदिर पहुंचे। यहां विधायक मनीष जायसवाल ने देवड़ी मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। देवड़ी मंदिर रांची जिले के तमाड़ स्थित देउरी गांव में अवस्थित है। इस प्राचीन मंदिर को आदिवासी और हिंदू संस्कृति का संगम माना जाता है। मंदिर का मुख्य आकर्षण मां देवी दुर्गा की 16 भुजाओं वाली 700 साल पुरानी मूर्ति है । विधायक मनीष जायसवाल के मित्र नारायण गुप्ता, संजय सिंह, अनूप अग्रवाल, राकेश सिन्हा, रंजित होर्रा, पिंकू सोंधी, रंजित सिंह सहित कई अन्य भी पूजा अर्चना में उनके साथ थें।

## राष्ट्रीय युवा पुरस्कार से सम्मानित हुए यूसेट के पूर्व छात्र आलोक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विभावि संचालित यूसेट के पूर्व छात्र आलोक कुमार चौधरी का चयन भारत के राष्ट्रीय युवा पुरस्कार के लिए किया गया है। आलोक को यह पुरस्कार विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य द्वारा सामुदायिक विकास के लिए दिया जा रहा है। इस पुरस्कार को 26 वें राष्ट्रीय युवा उत्सव 2023 के समापन समारोह में प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय युवा उत्सव का आयोजन इस वर्ष दो जुड़े हुए शहरों हुबली एवं धारवाड़ मे राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 से 16 जनवरी 2023 तक किया जा




रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। निदेशक डॉ आशीष कुमार साहा ने आलोक की उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी हैं। उन्होंने बताया कि विज्ञान के क्षेत्र में कार्य करते हुए आलोक को पहले भी कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

## बसरिया पंचमाधव पंचायत में विकास को लेकर बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखण्ड के बसरिया पंचमाधव पंचायत अंतर्गत ग्राम जरहिया में ग्राम पंचायत विकास योजना कार्यक्रम के तहत ग्रामसभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया नीलम देवी और संचालन पंचायत सचिव नामधारी महतो ने किया। ग्रामसभा में 15वीं वित्त एवं मनरेगा से सम्बंधित योजनाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया नीलम देवी, पंचायत सचिव नेमधारी महतो, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, वार्ड



सदस्या मीना देवी, समाजसेवी नागेश्वर रजक एवं नरेश यादव, काली यादव, शम्भू यादव, लोचन यादव समेत जेएसएलपीएस की दीदी रंजू देवी, विनीता देवी, कल्याणी देवी, शिला देवी, मीना देवी, रूबी देवी, कविता देवी, दुलारी देवी, सरिता देवी, आरती देवी, सावित्री देवी, रीता देवी, बसंती देवी, मालती देवी, रेखा देवी समेत अन्य ग्रामीण शामिल हुए।

## दोहाकातू पंचायत से आजसू पार्टी ने चूल्हा प्रमुख महिला संगठन की शुरुआत की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** रामगढ़ में होने वाले 2023 को आगामी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की तैयारी को लेकर आजसू पार्टी ने कमर कस ली है और इसी के तहत विधानसभा क्षेत्र के दोहाकातू पंचायत से चूल्हा प्रमुख कमेटी का गठन कर पूरे विधानसभा में ग्रामीण स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा ।गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी रामगढ़ की समाजसेवी सुनीता चौधरी के निर्देशानुसार रामगढ़ विधानसभा 2023 का उपचुनाव को लेकर घर मे चूल्हा प्रमुख बनाने को लेकर दोहाकातू पंचायत से शुभारंभ किया गया रामगढ़ विधानसभा में अपनी भारी मतों से जीत हासिल करने




के लिए महिलाओं को शपथ कब संगठित किया जा रहा है वहीं रामगढ़ का विकास के लिए आजसू पार्टी के उम्मीदवार को जिताने का कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर पहुंचकर संगठन को मजबूती प्रदान कर रहे हैं इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पिंकी देवी जिला उपाध्यक्ष रामगढ़ महिला मोर्चा, रामगढ़ प्रखंड आजसू अध्यक्ष मोहरलाल महतो, सुनीता देवी ,प्रखंड सचिव रामगढ़, प्रमिला, रीना देबी, यशोदा देवी, सुमा देवी विमला देवी, दीपिका कविता, नमिता कुमारी आदि उपस्थित थे!

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट/गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान-तकनीक(लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम,1994 के निमित्त प्रावधानों के तहत जिला सलाहकार समिति एवं जिला निरीक्षण एवं अनुश्रवण समिति के बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सबसे पूर्व उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन हेतु सरकार द्वारा जारी



दिशा निर्देशों की जानकारी लेते हुए सिविल सर्जन को नियमित रूप से जिले के अलग-अलग प्रखंडों में चल रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों की औचक रूप से जांच करने एवं जाँच प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने, अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं अल्ट्रासाउंड केंद्रों को सील करने तथा नियमों का अनुपालन नहीं कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ से अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालन के दौरान संधारित की जाने वाली जानकारी एवं उन्हें जिला स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु संचालकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए वैसे संचालक जो नियमित रूप से जिला स्तर पर प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं करा रहे हैं को सूचीबद्ध करने एवं उन पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने सिविल सर्जन सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारियों को जांच के दौरान अल्ट्रासाउंड से संबंधित ऑनलाइन तथा ऑफलाइन एंट्री का मिलान करने एवं उनमे भिन्नता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को अल्ट्रासाउंड मशीनों का नवीनीकरण एवं नए अल्ट्रासाउंड मशीनों के स्थापन के संबंध में सम्पूर्ण जाँच प्रक्रिया पूर्ण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड केंद्रों में प्रादधिकृत अल्ट्रा सोनोग्राफर का समय सारिणी निर्धारित करने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, डीआरसीएचओ डॉक्टर महालक्ष्मी प्रसाद, अधिवक्ता श्री विग्नेश दुबे गैर सरकारी संगठनों के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## दिव्यांग बच्चों के बीच जन्मदिन मनाना आत्म संतुष्टि : गोपी कटेसरिया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को जगजीवन नगर स्थित पहला कदम स्कूल में धनबाद के प्रसिद्ध समाजसेवी गोपी कटेसेरिया और उनकी पत्नी सुमन कटेसेरिया ने जिन्होंने दिव्यांग बच्चों के बीच आकर अपना जन्मदिन मनाना पसंद किया। साथ ही एक अन्य अतिथि फूरपु जो स्कूल के दिव्यांग बच्चों का खास ख्याल रखते हैं उन्होंने भी अपना जन्मदिन मनाया। बहुत आनंद के माहौल में दिव्यांग बच्चों के बीच अतिथियों ने केक काटकर, बच्चों को फरूट्स,चिप्स, चॉकलेट, बिस्कुट बांटे । बच्चों ने जन्मदिन का खूब एंजॉय किया उनके चेहरे पर मुस्कान दिखी। साथ ही दिव्यांग बच्चों के बीच गरम पेंट,हैंड ग्लव्स और टोपी ठंड को देखते हुए वितरित की गई। सचिव अनीता ने कहा दिव्यांग बच्चों के बीच आकर अपनी खुशियों को बांटना और इन बच्चों के चेहरे पे एक मुस्कान लाना अपने आप में एक सराहनीय एवं ईश्वरीय कार्य है। पहला कदम प्रबंधन ने दिव्यांग बच्चों का ख्याल रखने के लिए स्कूल आए अतिथियों को हार्दिक धन्यवाद दिया।



## सिमराढाब नवयुवक समिति का वनभोज शामिल हुए पूर्व विधायक जयप्रकाश

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिमराढाब नवयुवक समिति की ओर से सोमवार को वनभोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका नेतृत्व मुखिया दिलीप रविदास ने किया तथा संचालन गुरुदेव साव ने किया. इस बीच कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांडेय के पूर्व विधायक जय प्रकाश वर्मा एवं जिप उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव उपस्थित थे. बतौर आयोजक ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायत वासियों के साथ अनेकों समस्याओं से रूबरू होना तथा पंचायत में सरकारी योजना तथा राशन कालाबाज़ारी को लेकर चर्चा की गई जिसमें वक्ताओं ने अपने-विचारों को रखा इस कार्यक्रम में बीरेंद्र साव,पंकज हिंदुस्तानी, राजू विश्वकर्मा,सिकन्दर राणा,पिन्टू विश्वकर्मा,छत्रधारी दास,दिनेश तुरी, निर्मल साव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, सांसद प्रतिनिधि महेंद्र यादव, सांसद प्रतिनिधि खाद्य आपूर्ति प्रेमचन्द प्रसाद कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि पेयजल आपूर्ति सूरज कुमार मोदी, मुकेश सिंह, अरविंद कुमार, सुभाष वर्मा, मुकुल प्रसाद, ईश्वर तुरी, गुलाब तुरी, नारायण तुरी, राजु तुरी, टेकनारायण साव, सुरेंद्र कुमार कुशवाहा, टीको दास, बहादुर दास, महादेव दास, पम्मी देवी, सुलेखा देवी व बच्चे समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## उदनाबाद पंचायत से मुखिया प्रतिनिधि समेत वार्ड सदस्य ने झामुमो में हुए शामिल

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सोमवार को सदर प्रखंड अंतर्गत उदनाबाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नरेश यादव के नेतृत्व में कई वार्ड सदस्य और सक्रिय कार्यकर्ताओं ने गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के समक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा के नक्शेकदम पर चलने का वादा किया । वही मौके पर पार्टी में शामिल उदय कुमार वार्ड सदस्य गणेश कुमार तुरी ,वार्ड सदस्य, वीरेंद्र वर्मा, वार्ड सदस्य, रामकुमार स्वर्णकार वार्ड सदस्य उदय मरांडी वार्ड सदस्य, मिंटू सोरेन वार्ड सदस्य एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं में मंटू यादव, रंजीत सिंह, अशोक आदि शामिल हुए ।

## बढ़ते ठंड को देखते हुए गोन्दुडीह में हुआ कंबल वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर निवासी सह वार्ड संख्या 14



की पार्षद पद की उम्मीदवार जुली परवीन उर्फ जुली बाजी के द्वारा गोन्दुडीह मे कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमे सैकड़ों ज़रूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि झारखण्ड कांग्रेस के प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा उपस्थित हुए तथा गरीबों के बीच उन्होने कंबल बांटे। कंबल वितरण से पूर्व स्थानिय युवाओं ने पार्षद प्रत्याशी जुली परवीन को फूल माला पहना कर स्वागत किया। वहीं जुली परवीन ने कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे आए वैभव सिन्हा को झारखण्ड कांग्रेस के प्रदेश सचिव के पद पर मनोनीत किये जाने पर हर्ष व्यक्त किया तथा फूल माला पहना कर और बूके देकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे समाजसेवी मुख्तार खान, हाजी ज़मीर आरिफ, शगीर खान, आज़म कुरैशी, साकिर अंसारी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## आर.सी.एम.यू ने किया वनभोज का आयोजन

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आर.सी.एम.यू यूनियन के द्वारा आयोजित वन भोज में मुख्य रूप से शामिल हुए। बिहार जनता खान मजदूर संघ के महामंत्री सह कांग्रेस के वरीय नेता रणविजय सिंह। सिंह का स्वागत आर.सी.एम.यू के सचिव महमूद आलम ने किया एवं रणविजय सिंह ने ऐसे कार्य रखने पर यूनियन के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं एवं बधाई दिया।

## सोलरयुक्त जलमीनार एवं छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय का किया गया शिलान्यास

**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा के साधन गुप्ता स्कूल मुरलीडीह में मुखिया निधि से सोलरयुक्त जलमीनार एवं छात्र छात्राओं के लिए सुलभ शौचालय का शिलान्यास जिला परिषद अध्यक्ष धनबाद माननीय शारदा सिंह जी एवं माननीय मुखिया छत्रुटांड़ ग्राम पंचायत नंदिनी कुमारी के द्वारा किया गया।

# केंदुआडीह थाना क्षेत्र से दो कुख्यात अपराधी को हथियार के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अपराध की योजना बनाते दो कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधियों को धनबाद पुलिस ने धर दबोचा.सोमवार को पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था अरविंद कुमार बिन्हा ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी।

प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि विगत रविवार 15 जनवरी को दोपहर सूचना मिली कि कुछ अपराधी गोधर 14 नंबर कोल डंप के पास खतरनाक इरादे से घूम रहे



हैं। इसी सूचना के आधार पर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक व पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था के निर्देश पर केंदुआडीह थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह दल बल के साथ गोधर 14 नंबर कोल डंप पहुंचे।

पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे. परंतु पुलिस ने खदेड़ कर दोनों को पकड़ लिया. सुकरा राम व शशि रंजन राम नामक दोनों आरोपियों की अलग अलग तलाशी लेने पर दो देसी कट्टा व दो गोली बरामद की गई।

पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने बताया कि वे लूटपाट के उद्देश्य से वहां खड़े थे।

## खातियानी जोहर यात्रा को लेकर आज गिरिडीह पहुंचेंगे सीएम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** खतियानी जोहार यात्रा समेत अन्य गतिविधियों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का कल गिरिडीह आगमन होने वाला है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 17 जनवरी संध्या 7.00 बजे गिरिडीह पहुंचेगे। शाम 7.00 बजे से रात 9.00 बजे तक जिला मुख्यालय के स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही जिला मुख्यालय में विभिन्न विभागों का भ्रमण और निरीक्षण भी करेंगे।रात्रि विश्राम गिरिडीह परिसदन में होगा। दूसरे दिन 18 जनवरी को सुबह 10 बजे से 11.00 बजे तक क्षेत्र भ्रमण और सरकारी कार्यालयों व गतिविधियों



का निरीक्षण करेंगे। सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक नगर भवन गिरिडीह में समीक्षात्मक बैठक करेंगे। दोपहर 1.00 बजे से अपराह्न 3.45 बजे तक शहर के झंडा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। उसके बाद संध्या 4.00 बजे हवाई मार्ग से रांची प्रस्थान करेंगे।

## गयापुल नए अंडरपास के लिए निकाला गया ई टेंडर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गया पुल से 16 मीटर दूर और 63 मीटर लंबा व 12 मीटर चौड़ा बनने वाला नया अंडरपास का ई डेंडर निकाल दिया गया है, पथ निर्माण विभाग द्वारा शनिवार को यह टेंडर निकाला गया है, जो 23.84 करोड़ की है। जिसकी अंतिम तिथि 6 फरवरी को है। प्रो बीड मीटिंग के लिए 30 जनवरी का समय निर्धारित किया गया।

साथ ही श्रमिकड्ढचौक से लेकर नया बाजार पेट्रोल पंप तक एप्रोच रोड बनेगा। वही काम पूरा होने की अवधि 2 साल रखी गई है।

## नगर निगम द्वारा बस नाम के ही पानी के फव्वारे सड़कों पर बरसाए जा रहे

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** नगर निगम धनबाद शहर में पानी का फव्वारा निगम के द्वारा सड़कों पर बरसाया जा रहा है वही धूल गर दे से बचने के लिए इस तरह का कार्य निगम करती आ रही है बताते चलें शहरी क्षेत्र में प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए इस प्रकार का कार्य निगम द्वारा चलाया गया बैंक मोड़ में ओवर ब्रिज से लेकर पूजा टॉकीज रणधीर वर्मा चौक आदि जगहों पर पानी के फव्वारे बरसाए गए इससे धूल गर्दे कम होता है और सड़क भी साफ सफाई दिखाई देती है महज कुछ ही घंटों के लिए तक सड़क साफ दिखी 1 घंटे बाद ही सड़कों पर हालात जस के




तस बने हुए हैं सिर्फ खानापूर्ति के नाम पर नगर निगम इस प्रकार का कार्य कर धनबाद वासियों को लॉलीपॉप देने का काम कर रही है।

## संदेहास्पद स्थिति में युवक का शव पीपल के पेड़ में फंदे से लटका मिला, परिजन हत्या का लगा रहे आरोप



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह ज़िले के देवरी थाना क्षेत्र के देवरी गांव के महादेव पहाड़ी स्थित जंगल में शिव मंदिर के सामने एक पीपल पेड़ से 28 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ संदेहास्पद स्थिति में मिला जिससे इलाके में सनसनी फैला हुआ है।मृतक का पहचान देवरी गांव निवासी बद्री गिरी का 28 वर्षीय पुत्र रंजीत गिरी के रूप में की गई है।इस बाबत मृतक के पिता बद्री गिरी ने बताया कि मेरा पुत्र पिछले दो दिनों से घर नहीं आया था और रविवार की रात करीब 8 बजे मुझे फोन किया हाल चाल लेने के बाद फोन काट दिया फिर सोमवार की सुबह हो हल्ला के बाद आकर देखे तो फांसी पर लटका युवक मेरा पुत्र था मुझे पूर्ण विश्वास है कोई हत्या कर के मेरे पुत्र को फांसी के फंदे से लटका दिया।इधर सूचना मिलते ही देवरी पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेकर अंतः परीक्षण के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बारे में बताया जाता कि जब महिलाएं सुबह में पूजा करने मंदिर गई तो युवक को फंदे से लटका देख चीखती चिल्लाती भागी और गांव में आकर बताई तो सारे लोग घटना स्थल पर जाकर देखने लगे।इधर इस घटना से जहां परिजनों का रो रो कर बुरा हाल वहीं क्षेत्र में सनसनी फैला हुआ है इस घटना को लेकर मृतक के पत्नी सीमा देवी,पुत्र निशांत कुमार 6 वर्ष और पुत्री सिद्धि कुमारी 3 बेसहारा हो गए हैं। फिलहाल हत्या का खुलासा नहीं हो पाई है पुलिस मामले की छान बिन में जुट गई है।

## बच्चों के पोषक युक्त आहार से ना हो कोई समझौता : मुखिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के मनकडीहा पंचायत के सभी वार्डों के आंगनबाड़ी केंद्रों में सोमवार को बच्चों के बीच कड़ाके की ठंड को देखते हुए स्वेटर का वितरण किया गया. वितरण पंचायत के मुखिया निरंजन कुमार की अगुवाई में किया गया. इस अवसर पर मुखिया निरंजन कुमार ने कहा कि सरकार द्वारा आम जनता को देने वाले तमाम सुविधाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है. इस दौरान मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र के सभी बच्चों से मुलाकात करते हुए कहा कि सभी बच्चों के ज्ञान को देखते हुए बेहद ही हर्ष की बात है. आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिका को मुखिया ने



इतने अच्छे तरीके से बच्चों को प्रशिक्षित करने हेतु उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा के स्तर में आए सकारात्मक बदलाव को देखते हुए संतुष्टि व्यक्त किया। मुखिया ने बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार के बारे में भी जानकारी लिया और उन्होंने कहा कि बच्चों के पोषक युक्त खाद्य पदार्थों से किसी प्रकार का समझौता ना हो उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास की बुनियादी सीढ़ी आंगनबाड़ी केंद्र है. इस मौके पर उप मुखिया मनीष कुमार, सेविका प्रियंका कुमारी, पोदिना कुमारी, फरजाना खातून, सहायिका मीना देवी, गीता कुमारी चिंता देवी के साथ साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला क्राइम मीटिंग का आयोजन



**एमपीएल/निरसा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निरसा अनुमंडल क्षेत्र के मैथन गोगना छठ घाट में जिला पुलिस की मासिक क्राइम मीटिंग की गई जिसकी अध्यक्षता धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने की। मौके पर जिला के सभी थाना व ओपी के प्रभारी साथ साथ जिला के सभी अनुमंडल के डीएसपी मौजूद रहे। शुरुआत में निरसा एसडीपीओ पितांबर सिंह खेरवार ने ग्रामीण एसपी रिष्मा रमेशन और बाघमारा एसडीपीओ निशा मुर्मू ने एसएसपी को फूल बुके देकर स्वागत किया । मौके पर एसएसपी ,एसपी, एसडीपीओ के साथ अन्य पदाधिकारियों ने गरीब जरूरतमंद लोगों के बीच 400 साड़ी, धोती और कंबल का वितरण किया ।

# जननायक को श्रद्धांजलि देने उमड़ा जनसैलाब

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बगोदर :** भाकपा माले के दिवंगत विधायक कॉमरेड महेंद्र सिंह की 19वीं शहादत दिवस पर आयोजित जन संकल्प सभा के रूप में मनायी गई । सोमवार को उनके पैतृक गाँव खम्भरा में बने स्टेचू पर मार्ल्यापण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई । इसके बाद सरिया रोड स्थित किसान भवन के समीप बने स्मृति में पुष्प किया गया। वहीं बगोदर बस पडाव स्थित बने शहीद कॉमरेड महेन्द्र सिह के प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद जन संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज देश में मकान बनाने की नहीं मकान गिराने की चर्चा हो रही है,



जबकि कहा गया था कि देश में सबके लिए पक्का मकान 24 घंटे बिजली और शौचालय लेकिन स्थिति ठीक विपरीत है। कहा कि लोग किसी तरह अपना और अपने परिवार का गुजर-बसर झुग्गियों में कर रहे थे लेकिन झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है लोगों को बेघर किया जा रहा है। माले नेता ने कहा कि यह मोदी सरकार बुलडोजर की सरकार है। कहां की जब वर्ष 2000 में झारखंड बना उसी समय उत्तराखंड बना फर्क यह है कि झारखंड में लड़ कर के हम ने भाजपा को हटा दिया। इन्होंने उत्तराखंड में माइक्रोपावर टुडे प्रोजेक्ट के नाम पर ऐसा आतंक मचाया कि जो धर्म की बात करते हैं, हिंदुत्व की बात करते हैं उन्होंने विकास के नाम पर आतंक मचाया,जब लोग तीर्थ पर जाते हैं तो जोशीमठ में रुकते हैं उन्होंने हिमालय से छेड़छाड़ करके रख दिया अब जोशीमठ बचेगा कि नहीं रोजाना विध्वंस हो रही है।

सरकार द्वारा लाए गए नए श्रम कानूनों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि अब रिटायरमेंट के बाद कोई पेंशन नहीं मिलेगा।उन्होंने केंद्र सरकार पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि अभी पूरे देश में रोजगार नहीं है और आप रिटायरमेंट की बात कर रहे हैं।

## हाइवा ने बैलगाड़ी को रौंदते हुए सैंकड़ों मीटर घसीटा एक बैल की रगड़ से मौत, चालक रेफर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखण्ड अंतर्गत डबरसैनी जोरासांख मुख्य मार्ग पर विजयडीह के पास इरगा नदी पुल पर सोमवार अहले सुबह लगभग 4 बजे एक हाइवा ने बैलगाड़ी को रौंदते हुए लगभग 300 मिटर तक घसीटते हुए ले गया. अलबत्ता अंधेरे का फायदा उठाकर हाइवा चालक फरार हो गया. इस बीच घसीटे जाने से एक बैल का मौत हो गया मंजर ऐसा कि देखने वालों की रूहें कांप जाए. साथ हीं बैलगाड़ी चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया जिसकी पहचान गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पनयडीह निवासी उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में हुई है मृतक अपने मामा ससुर के घर बिरनी थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरीडीह पंचायत के विजयडीह, झरनवां बिचाली पहुँचाकर अपने घर पनयडीह लौट रहा था तभी यह हादसा हुआ बैलगाड़ी चालक ने अपने रिश्तेवार मामा ससुर को जब घटना की जानकारी दिया तब जिकर रिश्तेदारों ने तुरन्त घटनास्थल पर पहुँचकर घायल चालक को इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल ले गए. सूचना मिलते ही आसपास के सैकड़ों ग्रामीण इकठ्ठा हो गए तथा बिरनी पुलिस दल-बल के साथ पहुंचकर छानबीन शुरू कर दिया।

## प्रभात मंत्र का असर : निरसा में कोयला के अवैध खनन की भराई शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

एमपीएल/निरसा : कुहका बस्ती नदी किनारे बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध उत्खनन स्थल की हुई भराई,कोल् कारोबारियों में हड़कंप एक बार फिर प्रभात मंत्र ख़बर का असर दिखा। 2 दिन पहले धनबाद जिला के निरसा क्षेत्र में अवैध उत्खनन के बारे मे छापा गया था उसी खबर का असर देखने को मिला आपको बता दें कि निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुहका बस्ती समीप इसीएल के विटी पंप घर नदी किनारे समीप बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध उत्खनन की खबर को



प्रमुखता से उठाया था जिस पर संज्ञान लेते हुए इसीएल प्रबंधन की सिक्योरिटी टीम ने सोमवार को सी आई एस एफ एवम स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में कुहका नदी किनारे चल रहे चार अवैध उत्खनन स्थल की भराई किया। लेकिन देखना ये है ये बंद कब तक रहता है। जानकारी देते हुए प्रशासन ने बताया कि आगे भी यह अभियान जारी रहेगा किसी भी कीमत पर अवैध उत्खनन नही होने दिया जाएगा इस भराई से अवैध उत्खनन कर्ताओ के बीच हड़कंप व्याप्त है।

## हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की सफलता हेतु जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान, जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेस पार्टी के आदर्श राहुल गांधी की संघर्ष रूपी भारत जोड़ो यात्रा के सफलता के बाद उनके द्वारा ÷हाथ से हाथ जोड़ो अभियान÷ कार्यक्रम की शुभारंभ की जा रही हैं। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की गई,उक्त बैठक में धनबाद जिला के प्रभारी श्री चन्द्रशेखर शुक्ला एवं धनबाद जिला अन्तर्गत सभी विधानसभा के प्रभारीगण एवं सभी प्रखंड/नगर के नवमनोनीत प्रभारीगण मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी ने किया। बैठक में पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजित राज, धनबाद विधानसभा प्रभारी मनोज कुमार, निरसा विधानसभा प्रभारी मुक्ता मंडल, बाघमारा विधानसभा प्रभारी दीनानाथ पांडे, टुंडी विधानसभा प्रभारी रासनारायण सिंह, झरिया विधानसभा प्रभारी निजाम अंसारी,वदुर्गा दास, उषा पासवान, नवनीत नीरज, योगेंद्र सिंह योगी, रमेश जिंदल, बीके सिंह, उपेंद्र सिंह, अनिल साव, लक्ष्मण तिवारी, अफजल खान अक्षयबर प्रसाद राजेश्वर सिंह यादव, अशोक प्रकाश लाल, जावेद रजा, महेन्द्र दुबे, जगदीश साव, देवेन्द्र कुमार, मधु मोदक, जियाऊल अंसारी, कयूम खान, जाहिर अंसारी,वसीता राणा, राजू दास, प्रीतम रवानी, पप्पू पासवान, मनोज हाड़ी, इम्तियाज अली, जयप्रकाश चोहान, बलराम महतों, डीएन यादव, अजय कुमार, मृत्युंजय सिंह, रत्नेश यादव, आनंद मोदक, सतपाल सिंह ब्रोका, रोशन कुमार, गुड्डू खान, दिनेश सिंह, पुर्णेन्दु सिंह, पप्पू कुमार तिवारी, कामता पासवान, पप्पू सिंह, अनु पासवान, अरविंद सैनी, अशोक मालाकार, हरेंद्र शाही, अरशद कलीम, सत्यानंद पांडे, माली गोप, प्रभाकर नोनिया, सरफुद्दीन अंसारी, गीता सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## बीसीसीएल ने सीएसआईआर के तहत प्रदत्त की लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम को बहुउद्देशीय भवन

### बीसीसीएल के वरीय सलाहकार कार्मिक पीवीकेआर मलिकार्जुन राव ने बहुउद्देशीय भवन का शिलान्यास कर किया भूमिपूजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** सोमवार को आसन डाबर, कदैयां रोड, टुंडी स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में सामाजिक दायित्व के तहत बीसीसीएल द्वारा प्रदत बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास तथा भूमि पूजन बीसीसीएल के पी. वी. के.आर. मलिकार्जुन राव वरिय सलाहकार (कार्मिक) द्वारा विधि विधान से किया गया। शिलान्यास के उपरांत पी. वी.के.आर. मलिकार्जुन राव ने कहा आज बहुत सौभाग का दिन है कि आश्रम के वृद्ध माताओं पिताओं के बीच कुछ करने का सौभाग्य मुझे



मिला है यह मेरी जिंदगी में स्वर्णाक्षर से लिखने वाली बात है ऐसा वृद्धजनों की सेवा का मौका तकदीर वाले व्यक्तियों को ही मिलता है उन्होंने कहा हमारे सीएमडी समीरन दत्ता यहां शिलान्यास के लिए आने वाले थे लेकिन विभाग के कुछ अति आवश्यक कार्य झरिया मास्टर प्लान से संबंधित कार्य में व्यस्त रहने के कारण नहीं आ पाए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे यहां आने के बाद इतनी खुशी मिली है कि वर्णन के लिए शब्द नहीं मिल रहे हैं उन्होंने उपस्थित लालमणी वृद्धा सेवा आश्रम के समस्त वृद्धजनों, अध्यक्ष नौशाद गद्दी और पूरे आश्रम के सदस्यों, डीके बेहरा विद्युत साहा जीएम पर्सनल, एमएस पांडे जीएम सिक्योरिटी तथा आश्रम में कम्युनिटी हॉल निर्माण में प्रारंभिक भूमिका निभाने वाले रमेंद्र तिवारी समेत अन्य अतिथियों का अभिनंदन एवं नमन किया उन्होंने कहा बीसीसीएल आश्रम के वृद्धजनों के साथ हर समय हर जरूरत सहायता के मौके पर कदम से कदम मिलाकर हमेशा साथ रहेगा।

# केरिया पंचायत के ग्रामीण ट्रांसफार्मर लेने आये, खाली हाथ बैरंग ही लौटना पड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटाँगर :** सोमवार को केरिया पंचायत के ग्रामीण जिनका अगुवाई मुखिया खिस्तधनी लकड़ा के द्वारा किया जा रहा था, ट्रांसफरमर लेने के लिए टुकुपानी रिपेयरिंग सेंटर आए हुए थे, जिनको ख़ाली हाथ बैरंग ही लौटना पड़ा, क्योंकि जो मिस्त्री ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग कर रहे थे, उनको ठेकेदारों एवं जमीन मालिक के द्वारा रिपेयरिंग सेंटर से भगा दिया गया है। जिसके कारण ट्रांसफार्मर नहीं बन पाया और जो ग्रामीण अपना व्यवस्था करके आए थे ,गाड़ी रिजर्व करके आए थे उनको ख़ाली हाथ बैरंग ही लौटना पड़ा। इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख को दिया गया तथा प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज वहां पहुंचे एवं स्थिति का जायजा लिया एवं एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को फोन किए क्योंकि उन्हीं के द्वारा ठेठईटांगर प्रमुख को शनिवार 14/01/2023 को आश्वासन दिया गया था कि सोमवार को ट्रांसफार्मर मिल जाएगा। इसी के एवज में प्रखंड प्रमुख तत्काल उनको फोन लगाएं। दूरभाष पर बात हुआ, जिसमें सूचना मिला की जो मिस्त्री थे उन्हें भगा दिया गया है और मात्र 2 घंटे का काम ट्रांसफॉर्मर रिपेयरिंग में बाकी था साथ में यह भी बताया गया की जो फेस पावर कंपनी जिन्होंने टेंडर लिया है, उनके द्वारा जमीन मालिक को मिस्त्री को साथ ही ठेकेदारों को जो बकाया राशि है लगभग तीन - चार लाख,वह भुगतान नहीं किया गया है इसके एवज में ठेकेदार, मिस्त्री एवं जमीन मालिक के द्वारा रिपेयरिंग का काम को बंद कर दिया गया है और ना ही ट्रांसफार्मर लेने दिया जा रहा है ना ही ट्रांसफार्मर बनाने दिया जा रहा है। जिससे कंपनी और ठेकेदारों के बीच के झगड़े को लेकर के भोले-भाले ग्रामीण परेशान हो रहे हैं बच्चों का पढ़ाई मार खा जा रहा है ,साथ ही साथ हाथी प्रभावित क्षेत्र है, हमेशा हाथियों का डर रहता है, और ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते खेती बारी में भी काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है, आखरी मेंएग्जीक्यूटिव इंजीनियर के द्वारा प्रखंड प्रमुख के फोन पर आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द इस समस्या का निदान किया जाएगा एवं ट्रांसफार्मर संबंधित पंचायत या गांव तक संबंधित कंपनी ट्रांसफार्मर पहुंचा करके उपलब्ध कराएगी, तब जाकर के ग्रामीण सहमत हो गए एवं वहां से चले गए ,लेकिन साथ ही उनका कहना है कि अगर दो-चार दिन के अंदर उनके समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे मुख्यमंत्री के पास इसका शिकायत करेंगे जो कि 23 तारीख को सिमडेगा जिला आने वाले हैं।

## 16 गांवों में आदिवासियों का सांस्कृतिक धुमकुड़िया भवन का होगा निर्माण : राधा तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की पंचायत ग्राम स्थित अखड़ा में तथा बंसरी गोरिया टोली में ग्राम प्रधान चैतु मुंडा की अध्यक्षता में ग्राम सभा सम्पन्न हुआ। आयोजित ग्रामसभा में मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि आदिवासी सांस्कृतिक धूमकुड़िया भवन निर्माण को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। साथ ही उन्होंने कहा ग्राम सभा के माध्यम से योजन पारित होने पर योजना निर्माण के लिए लाभूक समिती का भी चयन किया जाना है। इसके अलावे कहा की प्रखंड सेन्हा में 16 गांव में धूमकुड़िया भवन निर्माण किया जाएगा बताते हुए कहा कि विधायक चमरा लिंडा की अनुशंसा पर मुर्कि, पारही, गोरिया टोली बंसरी, नौदी, आराहंसा, पाली, गोसाई टोली, अरु पतरा टोली, कोरांबे गोरा टोली, कंडरा, कलहेपाट, में आदिवासी धूमकुड़िया भवन बनाया जाएगा। ग्रामसभा के दौरान पंचायत मुखिया कमला देवी, जय तिर्की, पंचायत सेवक महीपाल उरांव, लालमुनी उरांव, सूकरु उरांव आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## कांग्रेसियों ने गरीब, असहाय दिव्यांग, विधवा के बीच 31 कंबल का किया वितरण



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने पारही ग्राम में गरीब असहाय दिव्यांग लोगो के बीच 31 कंबल का किया गया वितरण कंबल वितरण कार्यक्रम राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से किया जा रहा है। भड़गांव पंचायत के पूर्व मुखिया सह कांग्रेस कार्यकर्ता प्रकाश उराँव ने जानकारी देते हुए कहा कि राज्यसभा सांसद भारत सरकार तथा गरीबों का मसीहा धीरज प्रसाद साहू के सौजन्य से प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में कंबल वितरण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी क्रम में सोमवार को भड़गांव पंचायत के पारही ग्राम 31 गरीब असहाय दिव्यांग, विधवाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। वही पूर्व मुखिया प्रकाश उराँव ने बताया कि ठंड को देखते हुए सांसद के निर्देश पर शिविर आयोजित कर कार्यक्रम किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से वैसे लोगो को लाभ दिया जा रहा है। जो गरीब, असहाय दिव्यांग और विधवा तथा काफी बुजुर्ग है। साथ ही कहा कि ठंढ से बचाव के लिये कंबल वितरण कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। और सभी सहयोग किया जायेगा मौके पर समाजसेवी दिलीप कुमार भगत, बसंती देवी, पति टाना भगत, रोजामत अंसारी, इदरीश अंसारी, गुलजार अंसारी, सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## नाली निर्माण कार्य असंतोषजनक है, प्रक्रिया का अनुपालन नहीं : राकेश ठाकुर



**कुडू-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुडू में एनएच 143 ए पर नाली निर्माण कार्य को लेकर एनएच के कनीय अभियंता राकेश ठाकुर क्षुब्ध दिखे कहा नाली निर्माण में प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। प्रखंड कार्यालय के समीप निर्मित पुलिया से लेकर मस्जिद मोड़ तक नाली निर्माण का निरीक्षण किया। जहॉ कई खामियां उजागर हो गई। इस संदर्भ में राकेश ठाकुर ने कार्य में सुधार लाने का निर्देश दिया। सड़क पर जल जमाव न हो स्लैब में एक निश्चित दूरी पर होल होना था जो नहीं पाया गया। नाली सीधा न हो कर टेढ़ा मेढ़ा होना आश्चर्य का विषय है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग के लिए सड़क 10 मीटर होना है। दोनों तरफ एक एक मीटर नाली के लिए जगह चाहिए। कुल 12 मीटर। राष्ट्रीय उच्च पथ इस मामले में कोई समझौता नहीं करेगी। जबकि मस्जिद मोड़ से इंदिरा गांधी चौक तक कुल 12 मीटर जगह मिलना असम्भव दिख रहा है। अभियंता ने बताया कि इस मामले में अपने अधिकारियों से बात करेंगे। ग्रामीणों में इस बात की चर्चा है कि सबसे पहले विलेज मैप के अनुसार मापी कराया जाय। जिसमें रैयतों की भूमि एवं पीडब्ल्यूडी की भूमि की स्पष्ट पहचान हो सके। अभियंता ने कहा इस मामले में स्थानीय प्रशासक अंचलाधिकारी कुडू से विचार विमर्श कर सहायता मांगा जायेगा। अभियंता ने स्पष्ट किया कि अब कार्य का नियमित निरीक्षण किया जायेगा अगर कार्य में संवेदक अवधेश कंस्ट्रक्शन सुधार नहीं करता है,तब विभाग दुसरे विकल्प पर विचार करेगा।

# विवेकानन्द शिशु मंदिर करंगागुड़ी शिवधाम का हुआ उद्घाटन कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उद्घाटन कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का पैकी नृत्य के द्वारा रेगार टोली मुख्य चौक से ही स्वागत किया गया और भोले बाबा के दर्शन के तत्पश्चात विद्यालय के अध्यक्ष श्री नागेश्वर प्रसाद के द्वारा सभी मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया जिसके बाद मुख्य प्रवक्ता सुभाष चंद्र दुबे के मुख्य बिंदु। भारत की शिक्षा व्यवस्था को समाप्त करने का प्रयास विदेशी षड्यंत्र कारियों द्वारा बहुत प्रयास किया गया। बच्चों का समूचि विकास शिक्षा से ही संभव, राष्ट्र विरोधी ताकतों को रोकने, एवं संस्कृति को बचाए रखने का संकल्प, सुशील श्रीवास्तव के द्वारा विद्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को एक ऐतिहासिक एवं पुण्य कार्य, भारत के विकास के लिए शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका, शिक्षा से ही संबल, शिक्षित, विकास एवं समृद्धि जागृत होती है। मानकी लाल के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुशील श्रीवास्तव सांसद प्रतिनिधि जिला सिमडेगा, ओम प्रकाश शाहू, मुख्य प्रवक्ता सुभाष चंद्र दुबे, सरस्वती शिशु मंदिर सलडेगा के आचार्य राजेंद्र साहू, मनोज साय, हीरा नाथ राय, श्राधानंद बेसरा, बैजनाथ केसरी, शिवचंद अग्रवाल, बाबूल शाह, देवनारायण देहरी, कैलाश मेहर, जगदीश सेनापति, सुधीर मांझी, गोपाल बैगा, शंकर बढ़ाईक, प्रतिमा देवी, भुनेश्वर कुमारी, कार्यक्रम का समापन राजेंद्र साहू के द्वारा किया गया। सिमडेगा शिशु मंदिर के बच्चों द्वारा भव्य कार्यक्रम, बनदुरगा के बच्चों के द्वारा, पैकी, नृत्य, इस कार्यक्रम में दूर दूर के काफी लोग उपस्थित रहे।


## उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में मनरेगा अन्तर्गत क्रियान्वित क्लस्टर फैसिलिटेशन परियोजना के तहत मुखिया, पंचायत सचिव और मनरेगा मेट को प्रशिक्षण दिया गया। विकास योजनाओं को सुचारू ढंग से संचालित करने के लिये उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक सह प्रशिक्षक कौशल कुमार मिश्रा द्वारा संचालित विकास योजना और उसके कार्यो के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस दौरान प्रकृतिक संसाधनों से जल संचयन कर बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, सिंचाई कूप निर्माण, डोभा व मेढ़ बन्दी योजना का निर्माण के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही जल, जंगल, जमीन, हवा, सोलर एनर्जी के बारे में मानव और प्रकृति के बीच पारस्परिक संतुलन बनाने के बारे में भी बताया गया। मेट और पंचायत सचिव को निर्देश देते हुए कहा गया कि 14 बिंदुओं पर प्रगति कार्य का अपेक्षा किया जा रहा है। जिसे टीम वर्क बना कर कार्य करें मौके पर जीआईएस सुधांशु मोहन पात्रा, बीपीओ निलेन्द्र कुमार, मुखिया शोभा देवी, राजश्री उराँव, बुदेश्वर उराँव, कमला देवी, अनिल उराँव के अलावे पंचायत सचिव दुर्गा प्रसाद, महिपाल उराँव, अधीश खाखा, सुजीत उराँव, आनन्द सिंह, भैया भगत, नागमनी उराँव के अलावे मनरेगा कर्मी मेट उपस्थित थे।

## संजय बर्मन ने लोहरदगा संसदीय क्षेत्र में रेलवे सुविधा बढ़ाने को लेकर सांसद को लिखा पत्र



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भाजपा पिछड़ा जाति मोर्चा के सदस्य संजय कुमार वर्मन ने लोहरदगा जिला सांसदीय के सांसद सुदर्शन भगत को पत्र लिखा और जिले की मूलभूत समस्या से अवगत कराया। लोहरदगा के संसदीय क्षेत्र में रेलवे सुविधा बढ़ाने की दृष्टि से कहा कि लोहरदगा जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है साथ ही यहां कृषि की प्रधाननता तथा पर्यटक स्थल के अतिरिक्त बॉक्साइट कोयला अधिक खनिज संपदा की प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। मगर झारखंड की राजधानी से सटे होने के कारण अभी तक इसे विकसित नही किया गया है। लोहरदगा से 3 राष्ट्रीय राज मार्ग गुजरती है राज्य से सटे छत्तीसगढ़,उड़ीसा में घनी आबादी वाले बहुमूल्य इलाका में एजुकेशन,एग्रीकल्चर, टूरिजम,इंडस्ट्री,स्पोर्ट्स आदि में हब बनाने का कार्य किया जा सकता है। जहाँ एक ओर पलायन रुकेंगे और लोगो को रोजगार भी मिलेंगे। श्री वर्मन ने कहा कि लोहरदगा से गुमला रेलवे लाइन परिचालन जल्द से जल्द जोड़ा जाए। राजधानी एक्सप्रेस को लोहरदगा में ठहराव के साथ द्वितीय श्रेणी तथा वतानूकुलित प्रतीक्षालय की व्यवस्था जल्द बहाल करने का प्रयास जल्द किया जाना चाहिए। साथ ही स्टेसन में टिकट काउंटर का एरिया में वृद्धि की जानी चाहिए। रेल के ज्यादा आवागमन से यात्री सुविधाओं जैसे लाइट,सड़क,शौचालय,पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का दोहरीकरण किया जाना सुनिश्चित करें। लोहरदगा रांची रेलखंड को भी जल्द दोहरीकरण में तब्दील किया जाना चाहिए। वही हमसफर एक्सप्रेस को लोहरदगा मार्ग में परिचालन शुरू किया जाए। टोरी में ट्रेनों की बढ़ती संख्या से आवागमन रेलवे क्रॉसिंग में लोग बुरी तरह फस जाते है जिसे आपातकालीन स्थिति में लोगो को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावे और कई गम्भीर समस्या से अवगत कराया और जल्द से जल्द इस पर विचार कर बहाल करने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## लीड्स संस्था द्वारा स्वच्छ ऊर्जा समाधान पर पंचायत लेबल वर्कशॉप का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड के कोलेबिरा पंचायत के पंचायत सभागार में लीड्स संस्था द्वारा यूरोपियन यूनियन के सहयोग से रेस परियोजना के अन्तर्गत पंचायत स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें लीड्स के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ में परियोजना के उद्देश्य को पूरे विस्तार पूर्वक बताया गया। डीपीएम नरेंद्र मिश्रा द्वारा स्वच्छ ऊर्जा आधारित सरकारी योजना कुसुम योजना, उज्ज्वला योजना, पर्यावरण संरक्षण संबंधित चर्चा किया गया। साथ में युवाओं का टेक्निकल प्रशिक्षण, धुंवा रहित चूल्हा निर्माण, बायोगैस प्लांट की स्थापना के बारे में जानकारी दिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में ग्लॉमिंग वार्मिंग की समस्या बढ़ती जा रही है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचा रहा है स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग करके ही उक्त समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित कोलेबिरा पंचायत की मुखिया अंजना लकड़ा ने परियोजना को सराहा एवं अपने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में पंचायत सेवक, वार्ड सदस्य, जल सहिया, किसान, और ग्राम स्वच्छ उर्जा समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिलराज नायक की मुख्य भूमिका रही।

## मकर संक्रांति पर दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर जंगबाज यूथ अकैडमी टाकू कुडू के तत्वधान में दो दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन जिसमें प्रथम पुरस्कार जीटीएफसी लोहरदगा दूसरा पुरस्कार उमरी तृतीय पुरस्कार हिरही और चौथा पुरस्कार आदिवासी छात्र संघ सुकुरहुटू की टीम रही। इस समापन समारोह के मुख्य अतिथि आदिवासी छात्र संघ अध्यक्ष प्रखंड समिति कुडू अवधेश उरांव एवम विशिष्ठ अथिति के रूप में युवा कांग्रेस नेता सह समाजसेवी रवि कुमार साहू उपस्थित रहे। इस समापन समारोह में अवधेश उरांव ने खिलाड़ी के बीच अपने विचारों को रखते हुवे कहा की खेल हम लोगों के जीवन का हिस्सा है। खेल से स्वास्थ्य रहा जा सकता है एवम अभी सरकार भी खिलाड़ियों को खेल के माध्यम से आगे ला रही है और बहुत सारी खेल संबंधित योजनाएं चला रही है। मैं आयोजन कमेटी के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं की इस क्षेत्र के लोगों को खेल के प्रति जागरूक कर रही है। इस मौके पर आयोजन समिति के गुडविन तिग्गा, जुलियस, तिग्गा, सचिन तिग्गा, प्रकाश लकड़ा, सियोन लकड़ा, आकाश उरांव, एलियाश लकड़ा, सनी भगत, बिन्देश उरांव, अमित उरांव सुनील मुंडा अनिल उरांव आदि रहे मौजूद थे।

## मृतक परिवार को अभिलंब सहायता दे सरकार, घटना बहुत ही दुखद : समिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** डांडू पंचायत के चितरी कोयल नदी में डूबने से भंडरा थाना क्षेत्र के भौरों निवासी निरंजन साहू के 25 वर्षीय पुत्र आनन्द साहु की मौत हो गई थी इस घटना को लेकर जय श्री राम समिति ने गहरा दुख व्यक्त किया साथ ही प्रशासन एवं झारखंड सरकार से अभिलंब पीड़ित परिवार को सहायता देने का आग्रह किया। ज्ञात हो की चितरी ऐतिहासिक घाघ मेला का आयोजन हर साल होता है लेकिन कुछ वर्षों से करोना काल को लेकर लोग नहीं आ पा रहे थे इस बार हजारों हजार की संख्या में लोग पहुंचे थे जो की कोयल नदी में स्नान कर पूजा अर्चना कर रहे थे। इसी दौरान युवक कोयल नदी में नहाने के लिए पानी मे घुसा ही था की गहरे पानी में चला गया। जिसे आनन फानन में पानी से बाहर निकाला जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना को लेकर समिति ने दुख व्यक्त किया दुख व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक वा समिति के मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, सुषमा सिंह, अजय सोनी, अनूप गुप्ता, कन्हैया करवा, गुंजन वर्मा, रमेश राय उर्फ गुड्डू जिला अध्यक्ष राजीव रंजन महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान महामंत्री अजय साहू कार्यकारी अध्यक्ष दयाशंकर सिंह, ओम महतो, हेमंत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,प्रदीप साहू,नितेश जयसवाल, विक्की कसेरा, अनुज कुमार कोषाध्यक्ष सुनील अग्रवाल सह कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद, जिला मंत्री राम कुमार साहू भंडरा प्रखंड अध्यक्ष अनीत कुमार कुंदन, अमरेश साहू, कैरो प्रखंड अध्यक्ष विनोद रविदास, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष विजय सोनी, पंकज महतो कुडु प्रभारी शुभम कुमार, पेशरार प्रखंड के रामधनी खेरवार किस्को प्रखंड के प्रभारी विजय साहू सदर प्रखंड प्रभारी बजरंग साहू, अवधेश मिश्रा, जागेश्वर साहू मनोज साहू, जितेंद्र साहू, त्रिविक्रम नाथ शाहदेव, कुंदन कुमार, मयंक ठाकुर, राजेश साहू, शिव सुंदर साहू, प्रदीप यादव समेत समस्त समिति ने व्यक्त किया।

## कुंआ में गिरने से युवक की हुई मौत, गाँव मे शोक की लहर, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम

कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता): कैरो थाना क्षेत्र के उतका गांव निवासी रामसाय उरांव के 24 वर्षीय पुत्र सूखदेव उरांव की मौत कुआं में डूबने से हो गई। सुखदेव शनिवार रात्रि नौ बजे अपने घर से सौ मीटर की दूरी पर बारी में स्थित कुआं के पीड़ में बैठा हुआ था। वह अचानक नीचे गिर गया। और पानी के नीचे बैठ गया। कुछ देर बाद घरवालों को इसकी जानकारी मिली। इसके बाद पड़ोसियों के सहयोग से शव को बाहर निकाला गया। सुखदेव का विवाह एक वर्ष पूर्व हुआ था। उसके कोई बच्चे नहीं हैं। सुखदेव ट्रैक्टर का ड्राइवर था। वह ट्रैक्टर चलाकर माता-पिता सहित पूरे परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से इसके माता-पिता और पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। कैरो पुलिस शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सात पड़हा एड़ादोन का बैठक सम्पन्न

# पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है : लक्ष्मी नारायण भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** एड़ादोन बाजार बगीचा में सात पड़हा एड़ादोन का बैठक एड़ादोन बेल देवा उराँव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से जिला राजी पड़हा के बेल-लक्ष्मीनारायण भगत उपस्थित हुए। भगत ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज पड़हा व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमारे बीच राजनीतिकरण हावी होने के कारण पड़हा व्यवस्था को कमजोर करने का कार्य कर रहा है, आज हमारे बीच में एकता को भाड़ने का कार्य करने का षडयंत्र रचा जा रहा है। जनि शिकार को भी 12 वर्ष के बाद धूम-धाम से मनाने की जरूरत है। बेल देवा उराँव ने कहा कि हमारे युवाओं-युवती को नशा-पान से दूर रहे और शिक्षा की ओर ध्यान देने की जरूरत है।हमको अपने रीति-रिवाज, रुढ़िवादी परम्परा को अपनाने की जरूरत है,अपनी भाषों को छोड़ना नहीं है। जिला राजी पड़हा मीडिया प्रभारी बजरंग उराँव ने कहा कि आज हमारे एकता नही होने के कारण बेटी, बहन, जमीन और संवैधानिक अधिकारों पर भी दूसरे लोग अपना अधिकार जमाने का प्रयास कर रहा है। रहा है जिसमें हमको चेतने की आवश्यकता है। सात पड़हा में उपस्थित सभी लोगों ने अपने विचार में कहा कि पुराने समिति के अधिकारी यथावत बने रहेंगे और भी विस्तर में कुछ पदाधिकारियों को जोड़ा जाए। बैठक को निम्नलिखित लोगों ने भी सम्बोधित किया भिनसार उराँव, शनिया भगत, पूरण भगत, सुशील उराँव, संजय महली, धुंधा उराँव, मड़वा उराँव ने किया इस बैठक में-एड़ादोन, सुकुरहुटू, सड़ाबे, बक्सी, बारडीह गांव से पहान, पुजार, महतो, बुध्दिजीवी एवं सामाजिक जन उपस्थित रहें बैठक में बसंत भगत, मंगलदेव भगत, चरवा उराँव, सूरज उराँव अनिल भगत, लालदेव उराँव, जीतू उराँव, आनन्द भगत, सरोज उराँव, रामजीत उराँव, अमर उराँव, प्रकाश उराँव बुधराम उराँव इत्यादि व्यक्ति उपस्थित रहें।

# भंडरा पंचायत भवन में कानूनी जागरुकता शिविर आयोजित

## न्याय के लिए डालसा सदैव तत्पर : नारायण साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** नालसा, नई दिल्ली एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार राँची के निर्देश पर प्रखण्ड के भंडरा पंचायत भवन में रविवार को दिशा योजना के तहत गहन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डालसा अध्यक्ष राजेन्द्र बहादुर पाल के निर्देशन में भंडरा पंचायत भवन में आंगनबाड़ी सेविका,सहयिका के बीच विधिक जागरूकता शिविर आयोजित की गई। जिसमें डालसा पैनल अधिवक्ता नारायण साहू, पीएलभी सीमा कुमारी शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा पैनल अधिवक्ता नारायण साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला भारत देश के उन 112 जिलों में शामिल है जो विकास की दौड़ में पिछड़ गया है। मानव विकास सूचकांक को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि हम और आप विभिन्न कानूनों व योजनाओं को न सिर्फ जाने अपितु इसका लाभ लेकर सशक्त समाज का निर्माण करें। मौके पर पीएलभी सीमा कुमारी ने प्रखंड के विभिन्न गांव से आए आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं को संविधान मौलिक अधिकार कर्तव्य महिला सशक्तिकरण मानव तस्करी पीड़ित मुआवजा राशि सामूहिक हिंसा आपदा से ग्रसित श्रम पंजीकरण, भूमि विवाद महिला हिंसा पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा मोटर दुर्घटना मुआवजा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दिए जाने वाले विधिक सेवा प्राप्त करने की तरीका पीएलबी की भूमिका को विस्तार से सभी को सरलता पूर्वक समझाया गया और दिशा योजना का लाभ जन जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थिति सहायिका एवं सेविका के प्रश्न और उत्तर भी दिया गया और अपने अपने पोषक क्षेत्र में ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए कहा गया।

## सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा आयोजित स्कूली छात्र छात्राओं के बीच नदिया हिंदू हाई स्कूल में सड़क सुरक्षा को लेकर क्विज कॉन्टेस्ट तथा ड्राइंग कंपटीशन आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत सारे महत्वपूर्ण बातों को रखा,वहीं छात्राओं के द्वारा भी सड़क सुरक्षा को लेकर एक से बढ़कर एक ड्राइंग के माध्यम से सुझाव प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा समिति सदस्य संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी इंजीनियर अमरेश कुमार, विद्यालय के प्रिंसिपल अनिता कुमारी, आईटी असिस्टेंट दुलार कुजूर, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष यादव, नोडल शिक्षक निश्चल मिज, रविशंकर द्विवेदी, चंद्रकांता अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## चलते चलते एक नजर

### महिलाओं के लिए शुरू हुआ साक्षी राइड ऐप

**रांची।** चितरंजन कुमार के द्वारा बतलाया गया की रांची में महिलाओं के लिए शुरू हुआ साक्षी राइड रोजगार योजना जो कहते हैं वह कर के दिखाते हैं । महिलाओं के लिए रोजगार देने का योजना हम लोग हम लोग रांची के धरती पे अमलीजामा पहनाते हुए और महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अभी हम लोग हरी झंडी दिखाकर बुकिंग शुरू करेंगे । यह एप्प शहर में काम करना चालू कर देगे। 58 महिला अभी फिलहाल गाड़ी लेकर सड़क पर उतरेगी। शहरी साक्षी का आयोजन किए थे, इसके तहत कस्टमर के कॉल आने के बाद बुकिंग किस तरह करना है और होने के बाद किस तरह कस्टमर को रिसीव करना है किस तरह से पिकअप करना है उसको कैसे ड्राप करना है उसकी जानकारी पूरी दी गई है।

### सरकारी स्कूलों में मिड डे मील का मेन्यू बदला

**रांची** : झारखंड के सरकारी स्कूलों में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) का मेन्यू बदल गया है। अब बच्चों को नये मेन्यू के आधार पर खाना उपलब्ध कराया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। जिसमें बताया गया है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत साप्ताहिक मेन्यू में आंशिक बदलाव किया गया है। यह बदलाव तत्काल प्रभाव से लागू हो जाएगा। इस मेन्यू का पालन सभी को करना है। इस बारे में उन्होंने सभी उपायुक्त, उप विकास आयुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी दी है। पत्र में कहा गया है कि बच्चों को पोषाहार सप्लीमेंट के रूप में अंडा जरूर देना है। जो बच्चे अंडा नहीं खाते हैं, उन्हें उसी कीमत का फल देना है। साथ ही कहा गया है कि सप्ताह के जिस दिन स्कूल में अवकाश हो, उसके अगले दिन फल या अंडा देना अनिवार्य है।

**ऐसा होगा एमडीएम मेन्यू** : सोमवार - चावल, दाल, हरी सब्जी और अंडा कढ़ी/मौसमी फल, मंगलवार - चावल, छोला या चना सब्जी एवं सलाद, बुधवार - हरी सब्जी एवं सोयाबीन बड़ी युक्त भेज पुलाव तथा दाल, गुरुवार - चावल, दाल, चोखा, हरी सब्जी के साथ भुजिया, शुक्रवार - चावल, दाल, हरी सब्जी, एक उबला अंडा/मौसमी फल, शनिवार - खिचड़ी (हरी सब्जी, पालक के साथ, चोखा, अचार और पापड़)।

### गंगासागर से लौटे 511 श्रद्धालु फंस गए थे काकद्वीप में, कोस्ट गार्ड ने सुरक्षित बचाया

**कोलकाता** : गंगासागर से लौट रहे 511 तीर्थयात्रियों की दो जेटी (नौका) काकद्वीप में फंस गई थी, जिन्हें वापस ले आना जिला प्रशासन के लिए मुश्किल बन गया था। जिला प्रशासन से मदद मांगे जाने पर भारतीय तटरक्षक बल ने इन सभी को सुरक्षित बचा लिया। कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता संजय भारद्वाज ने सोमवार शाम इस बारे में जानकारी दी। जिसमें बताया गया है कि यात्रियों के फंसे होने संबंधी जानकारी जिलाधिकारी ने सोमवार सुबह कोस्ट गार्ड को भेजी थी। एमवी लछमती और एमवी अग्रमती नाम के फेरी जहाज सागर द्वीप में गंगा सागर मेले से लगभग 600 तीर्थयात्रियों को काकद्वीप ले जा रहे थे। सूचना मिलने पर तटरक्षक बल की संचालन टीम हरकत में आई और स्थिति का पता लगाने के बाद बचाव सहायता प्रदान करने के लिए हल्दिया और फ्रेजरगंज से दो एसीवी (होवरक्राफ्ट) को तुरंत रवाना किया गया। मौके पर पहुंचे कोस्ट गार्ड अधिकारियों ने देखा कि वहां काफी लोग जुटे हुए थे जिसके बाद उन्हें समझा-बुझाकर शांत किया गया और आश्वस्त किया गया कि आप सभी को सुरक्षित निकाल लिया जाएगा। इसके बाद लोग शांत हुए।

# योग गुरु बाबा रामदेव 18-20 मार्च को पलामू में : महापौर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम सबों का प्रयास रंग लाया। योग गुरु बाबा रामदेव पलामू आने का न्योता हम सबों का स्वीकार कर लिया। महापौर ने बताया कि पतंजलि हरिद्वार में उनके कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए 18,19, 20 मार्च के लिए पलामू का डेट तय कर दिया गया। जिसकी सूचना पतंजलि इकाई के राज्य कार्यकारिणी सदस्य शह पलामू प्रभारी ममता जी एवं राजीव जी ने दी। महापौर ने बताया कि यह पलामू का सबसे बड़ा कार्यक्रम होगा। जिसमें सबो की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। निगम इसके लिए विशेष तैयारी भी करेगा। क्योंकि कई सटे राज्य से लोग हमारे अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु पतंजलि हरिद्वार से इसी माह 28 तारीख को एक टीम आएगी।

जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। महापौर ने बताया कि इस कार्यक्रम में पलामू चेंबर के अलावे जितने भी सामाजिक, राजनीतिक एवं व्यवसायिक संस्थान हैं, सबको साथ लेकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाएगा। उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। क्योंकि यह मेयर का नहीं पूरे पलामू प्रमंडल का कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि बाबा रामदेव का पलामू आगमन बहुत खुशी की बात है। आज पूरा दिन बाबा रामदेव का गुणगान करता है। आयुर्वेदिक दवाओं के लिए बाबा रामदेव देश और विदेश में जाने जाते हैं। बाबा रामदेव का इलाज कई बड़ी रोगों के लिए कारगर साबित हो रहा है।

## पुलिस कस्टडी में सुनील गुप्ता की मौत दुर्भाग्यपूर्ण : ज्ञान शंकर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन ने पुलिस कस्टडी में हजारीबाग के व्यापारी सुनील गुप्ता की हत्या पर रोष प्रगट किया है। प्रदेश अध्यक्ष ज्ञान शंकर ने कहा कि पुलिस कस्टडी में व्यवसाई की मौत की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है।

महामंत्री संजय चौधरी ने कहा कि राज्य में पुलिस ही भक्षण बन गई है। पुलिस के इस तरह का बर्ताव कहीं से भी क्षम्य नहीं है।

संजय पोद्दार ने इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए दोषी अधिकारीयों को अविलंब गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग की। सिर्फ सस्पेंड कर लीपापोती करने का प्रयास ना हो। इस घटना से राज्य की पुलिस की छवि धूमिल हुई है। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन मांग करती है कि एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर दोषी अधिकारीयों पर कार्रवाई हो और उस पर हत्या का मुकदमा चले।

## महापौर अरुणा शंकर ने राम अवतार लाल सर्राफ के नाम से किया सड़क का नामाकरण




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर,उप महापौर मंगल सिंह एवं वार्ड पार्षद प्रदीप अकेला ने महापौर आवास चौक से नामधारी गुरुद्वारा तक मार्ग का बोर्ड द्वारा पारित नामकरण शहर के जाने-माने स्वर्णकार व्यवसाई स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ मार्ग कर एक सच्ची श्रद्धांजलि दी। महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि जब मैं शहर में वधू बन कर आई थी तो उस वक्त मुझे चाचा का आशीर्वाद लेने का मौका मिला था। वह बहुत ही मृदुभाषी थे।उनका पूरा परिवार हमेशा शहर के हर सुख दुख में खड़ा रहता है। आज मैं इस मार्ग का नाम शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाई का नाम करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। इस अवसर पर मंगल सिंह एवं प्रदीप अकेला ने भी स्वर्गीय राम अवतार लाल सर्राफ को याद करते हुए उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रभात अग्रवाल, अनूप तुलस्यान, गुरबीर सिंह, राजपाल नामधारी, सुनील गुप्ता, फिरोज उद्दीन अंसारी, मेयर के प्रधान सहायक अशोक सिंह के अलावे स्वर्गीय राम अवतार लाल सर्राफ के पूरे परिवार के सदस्य प्रदीप सर्राफ, प्रवीण सर्राफ, पूजा सर्राफ , रिशु सर्राफ, गोलू आकाश एवं कई लोग उपस्थित थे। उपस्थित लोगों ने जानकारी दी कि स्वर्गीय रामअवतार लाल सर्राफ का शुरू किया हुआ प्रतिष्ठान आज भी शहर का एक विश्वसनीय सोना चांदी का प्रतिष्ठान है जो 1942 से सेवा दे रहा है।

## मां के पुण्यतिथि पर टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस ने किया चूड़ा-तिलकुट का वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** अपने सामाजिक और मानवीय कार्यो के लिए चर्चित टीओपी टू के प्रभारी रुद्रानन्द सरस ने अपनी माता की दूसरी पुण्यतिथि के मौके पर अपनी धर्मपत्नी पूनम सिन्हा के साथ डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर मौजूद जरूरतमंद लोगों के बीच चूड़ा,दही व तिलकुट का वितरण किया। गौरतलब बात यह है कि रूद्रानंद सरस जब से पलामू में पदभार ग्रहण किया है, तब से पुलिस सेवा में विभिन्न पदों पर पूरे कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने पुलिस कर्तव्य का निर्वहन किया है। हर एक मौके पर इन्होंने अपने मानवीय कर्तव्य का निर्वहन किया है। इस बार टीओपी टू के प्रभारी रुद्रानन्द सरस ने अपनी माता के पुण्यतिथि पर अपनी धर्मपत्नी पत्नी पूनम सिन्हा के साथ गरीबों की सेवा किया। उनके साथ सुखद एहसास साझा किया।उनके बीच चूड़ा तिलकुट का वितरण कर सुखद अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर रुद्रानन्द सरस की धर्मपत्नी पूनम सिन्हा ने कहा कि वे जब मेदनीनगर में आई तो उन्हें पता चला कि पलामू के पुलिस बहुत ही कर्तव्य परायण और इमानदार है। जनता का भरपूर साथ मिलता है। आगे भी मिलता रहेगा। टीओपी टू प्रभारी रुद्रानन्द सरस ने कहा कि वे हर समय पुलिस सेवा के अतिरिक्त पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा से प्रेरणा लेकर मानवीय और समाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और आगे भी लेते रहेंगे।

# ग्रामीणों की समस्याओं से रुबरु हुए सांसद वीडी राम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने मेदिनीनगर सदर प्रखंड के अंतर्गत सुआ कोरिया सहित कई गांव का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए एवं शीघ्र ही उनके समाधान का भरोसा जताया। ग्रामीणों ने सांसद को फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। सांसद वीडी राम ने रविवार को ग्रामीणों के साथ थर्ड रेलवे लाइन का पुल नंबर 292 का निरीक्षण किया साथ ही डीआरएम को अनुशंसा कर कर तेलिया बांध वह बखारी के ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर सांसद ने कहा कि ग्रामीणों ने पूर्व में शिकायत की थी कि बरसात में पानी जमा हो जाने के कारण आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है उन्होंने सुआ बुढ़वा पीपर और बखारी में अंडरपास बनाने की मांग की ग्रामीणों ने कहा कि सुआ बुढ़वा में भी अंडर ग्राउंड क्रॉसिंग निर्माण की मांग काफी पुरानी है इसे देखते हुए सांसद ने रेलवे अधिकारी को बुलाकर तत्काल काम चालू कराने का निर्देश दिया।साथ ही सांसद पलामू सदर प्रखंड मेदिनीनगर के पोलपोल में श्री मंटू प्रसाद की माता जी के विगत दिनों मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। सदर प्रखंड मेदिनीनगर के ग्राम पंचायत झाबर में स्व0 अशोक राम की असामयिक मृत्यु की सूचना पाकर उनके घर भी पहुंचेऔर परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। मौके पर भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजय नंद पाठक, जिला परिषद बासु देवी, भाजपा नेता सुशील सिंह, कौड़ीया मुखिया अंजना कुमारी सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, विधायक प्रतिनिधि श्री हिरदया सिंह, बीस सूत्री सदस्य अब्दुल हसन, आनंद सिंह, मुखिया पति कौडिया रविंदर सिंह, सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह, सुरेंद्र प्रसाद साह, अनिल कुमार मेहता, कलाम अंसारी, पूर्व वार्ड सदस्य बादल राम, सरस्वती देवी, शिक्षक बहादुर सिंह, संतोष प्रसाद गुप्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### ढाई लाख की ठगी करने वाला साइबर ठग सीआइडी की गिरफ्त में

**रांची** : अपराध अनुंसधान विभाग (सीआईडी) ने ढाई लाख के ठगी करने के मामले में एक साइबर अपराधी गणेश मंडल को गिरफ्तार किया है। वह असम के बेलीगुडी का रहने वाला है। इसके पास से दो मोबाईल फोन, दो सिम कार्ड, एक पेन कार्ड, एक आधार कार्ड , एक क्रेडिट कार्ड, रोईनेट सोल्युशन का एक आईडी कार्ड, एक लैपटॉप, एक पासबुक सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। एसपी कार्तिक एस ने सोमवार को सीआईडी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेस में बताया कि कांके रोड निवासी अवध पोद्दार ने साइबर थाने में 11 अक्टूबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उनके बैंक एकाउंट से ढाई लाख रुपये निकाल लिये गये है। मामले में पोद्दार ने बताया था कि उनके बैंक एकाउंट से लिंक्ड बायोमेट्रिक थंब इंप्रेशन को क्लोन करके आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम (एइपीएस ) का दुरुपयोग कर प्वाईट ऑफ सेल (पीओएस ) मशीन के माध्यम से पैसे की निकासी कर ली गयी।

## 12आशी केयर अस्पताल में नि:शुल्क जाँच शिविर का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के आशी केयर हॉस्पिटल में पलामू जिला के मरीजों का निशुल्क जांच एवं इलाज किया गया तथा उन्हें दवा भी प्रदान की गई।

इस मानवीय और सामाजिक कार्य के लिए पलामू जिला के विभिन्न वर्गो के लोगों ने आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल की भूरी - भूरी प्रशंसा की है. इन लोगों ने कहा है कि आशी लाइफ केयर हॉस्पिटल सिर्फ पैसा के लिए नहीं बल्कि पलामू की जनता की सेवा के लिए खुला है जो मरीजों का निशुल्क जांच और इलाज भी कर रही है।

आज के निशुल्क जांच इलाज इलाज शिविर में इस आयोजन में कुल 328 मरीजों की निःशुल्क परामर्श ,जाँच ओर दवा दी गई। इस आयोजन में मेडिसिन के 140,स्त्री एवं प्रसूति रोग के 80, हड्डी एवं नस रोग के 40,जेनरल सर्जरी के 68 मरीजों की जांच की गई।

इस निःशुल्क जाँच शिविर में डॉ जगमोहन, डॉ अमित विक्रम प्रसाद, डॉ रानी, डॉ राजेश मालवा, डॉ मिथलेश,डॉ चर्चिल बॉयज, डॉ अमित मिश्रा सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों और नर्सिंग स्टाफ मौजूद थे।

आज जहां अस्पताल खोलकर लोग पैसा उगाही का धंधा कर रहे हैं। वहीं आशी लाइफ केयर अस्पताल प्रबंधन जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरकर नो प्रॉफिट नो लॉस पर जनता की सेवा कर रहा है। जिसकी प्रशंसा सब लोगों ने की है।

# अमेरिका में तूफान व बारिश का कहर 20 की मौत




एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिका इन दिनों प्राकृतिक आपदाओं से घिरा हुआ है। बर्फीले चक्रवात तूफान के बाद अब बाढ़ और बारिश ने तबाही मचा रखी है। अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़, बारिश और तूफान का ये असर अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया में देखने को मिल रहा है। अब तक प्रभावित इलाकों से 70 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया गया है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि राष्ट्रपति बाइडेन ने इसे आपदा घोषित कर दिया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में हालात और खराब होंगे। बर्फीले तूफान, बाढ़ और बारिश से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। लाखों की संख्या में घर डूब चुके हैं। कई जगह सड़कें भी टूट गई हैं।भारी बारिश के चलते कैलिफोर्निया में कई हाईवे, सड़क और पुल पानी में बहकर तबाह हो गए हैं। कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। भारी बारिश, तूफान और बाढ़ की वजह से अब तक दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होने की आशंका जताई गई है। जानकारी के अनुसार तूफान की वजह से कैलिफोर्निया में व्यवसाय और इंडस्ट्री भी बंद पड़ गई हैं। इससे भी लाखों करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।इसे कैलिफोर्निया में आए अब तक के बड़े तूफानों में से एक बताया जा रहा है। इसके पहले साल 1861 में कैलिफोर्निया में जबरदस्त बाढ़ आई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 43 दिनों तक चली उस बाढ़ में एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। बारिश के साथ-साथ कैलिफोर्निया में बर्फीले तूफान ने भी तबाही मचा रखी है। इसके चलते लोगों को और अधिक परेशानी हो रही है। आलम ये है कि जहां, बारिश और बाढ़ का असर नहीं है, वहां बर्फीले तूफान से लोग परेशान हैं।

### अचानक सचिवालय पहुंचे सौरव, ममता संग 15 मिनट तक बैठक

**कोलकाता :** भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष सौरभ गांगुली सोमवार शाम अचानक राज्य सचिवालय नवान्न जा पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ उन्होंने सचिवालय के 14वें तल पर उनके दफ्तर में करीब 15 मिनट तक बैठक की है। दोनों की बैठक के बारे में फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन सूत्रों ने बताया कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। ममता के करीबी सूत्रों ने बताया कि नए साल पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और सौरव गांगुली की मुलाकात नहीं हुई थी इसीलिए शिष्टाचार के तौर पर वह मिलने के लिए गए थे। इसके पहले पिछले साल अप्रैल महीने में वह इसी तरह से सचिवालय गए थे और मुख्यमंत्री के साथ बात की थी। 2021 के विधानसभा चुनाव के समय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जब बंगाल आए थे तब उन्होंने सौरव गांगुली से मुलाकात की थी। उस समय इस बात की भी चर्चा चली थी कि गांगुली राजनीति में आ सकते हैं।

# राजभवन के पास अनुबंधित नर्सों ने तोड़ी बैरिकेडिंग, पुलिस से झड़प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मोरहाबादी मैदान से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए सोमवार को हजारों की संख्या में एनएचएम अनुबंधित नर्सें और पारा मेडिकलकर्मी निकले। राजभवन के पास पुलिस से उनकी झड़प हो गयी, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ गए।

झारखंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर सेवा दे रहीं एएनएम/जीएनएम नर्स और अनुबंधित पैरा मेडिकलकर्मी अपनी एक सूत्री मांग सेवा स्थायीकरण के लिए मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए आक्रोश मार्च की शक्ल में मोरहाबादी मैदान से निकले। उपाधीक्षक और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में हाथ में अपनी मांग के बैनर और तख्ती लिए आंदोलित नर्सें अलग-अलग समूह में कांके स्थित मुख्यमंत्री आवास के लिए आगे बढीं। अपने आंदोलन को और धार देते हुए नर्सों ने खुद को दो जत्थे में बांट लिया। एक ग्रुप को राजभवन के पास गेट नंबर 1 पर पुलिस ने रोक लिया, लेकिन प्रदर्शनकारियों का दूसरा जत्था सीएम हाउस के करीब पहुंच गया, जहां पर सुरक्षाकर्मियों ने उनको रोका।

राजभवन पर रोके जाने से आक्रोशित नर्सों की पुलिस से झड़प हुई, लेकिन प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ कर आगे निकल गए। आंदोलनरत अनुबंधित नर्सों का कहना है कि अब निर्णायक आंदोलन होगा। मंगलवार को राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरना, हड़ताल और 24 जनवरी से आमरण अनशन करेंगे।

इधर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़ी नर्स और पैरा मेडिकलकर्मियों के आंदोलन की वजह से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था पर खासा असर पड़ रहा है। खासकर ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराने गयी है।टीकाकरण सहित कई राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम पर भी इसका असर पड़ा है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 2015-17 वर्ष से भी अधिक समय से अनुबंध पर सेवा दे रहीं नर्सें वर्ष 2015 से ही सेवा स्थायीकरण की मांग को लेकर आंदोलन करता आ रही हैं। हर बार विभाग और सरकार से आश्वासन मिलने के बाद आंदोलन स्थगित होता रहा। नर्सों और पैरा मेडिकलकर्मियों का आरोप है कि 2019 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि तीन महीने में उनकी सेवा नियमित होगी, लेकिन तीन साल बाद भी उनकी मांग पर सरकार कुछ नहीं कर रही है।

पिछले दिनों आंदोलन करने पर नियमितीकरण के नाम पर एक कमिटी बना दी गयी, लेकिन उस कमिटी की एक भी बैठक कभी नहीं हुई है। इसलिए निराश होकर चरणबद्ध और निर्णायक आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया गया है।